नई दिल्ली RNI No. DLHIN/2010/37009

वर्ष : 13

अंक : 40

सोमवार, 06 से 12 नवम्बर 2023

मूल्य : 5 रू प्रति

रू 250 वार्षिक

घर जाने की जद्दोजहद में मेट्रो-बस अड्डे पर लबी कतारें 03

प्रदूषण और वोटों की राजनीति 08

NCR समाचार

BY C.R.O. TEAM

www.ncrsamacharlive.in

twitter-@ncrsamacharlive

भारत का नं. 1 साप्ताहिक समाचार पत्र




दोबारा शाहिद संग स्क्रीन साझा करेंगी कुब्रा 12

# मोदी ने सैनिकों के साथ मनाई दिवाली

## भारत की प्रगति में एक वर्ष एक मील का पत्थर रहा: प्रधानमंत्री

एनसीआर समाचार

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिवाली का दिन सीमावर्ती क्षेत्रों में जाकर जवानों के साथ बिताने की अपनी परंपरा के अनुसार इस बार हिमाचल प्रदेश के लेप्चा में बहादुर सुरक्षा बलों के बीच पहुंचे और उनकी सेवाओं के प्रति देश का आभार जताया।

श्री मोदी ने जवानों को संबोधित करते हुए कहा, युद्ध क्षेत्र से लेकर बचाव अभियान तक, भारतीय सशस्त्र बल जीवन बचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा, देश आपका आभारी और ऋणी है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि उनके लिए जवानों के साथ दिवाली बिताना गहरी भावना और गर्व से भरा अनुभव रहा है।

उन्होंने कहा, जहाँ जवान तैनात हैं वह जगह मेरे लिए किसी मंदिर से कम नहीं है। आप जहाँ भी होते हो, मेरा त्यौहार वहीं है। श्री मोदी ने कहा कि सशस्त्र बलों ने भारत के गौरव को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है और आज देश की रक्षा में नारीशक्ति बड़ी भूमिका निभा रही है।

उन्होंने कहा कि दिवाली के त्योहार और जवानों के साहस की प्रशंसा का मिलन देश के प्रत्येक नागरिक के लिए का बोध का



अवसर है। उन्होंने सीमावर्ती इलाके में स्थित देश के आखिरी गांव, जिसे अब सरकार की ओर से पहला गांव माना गया है, में जवानों के साथ दिवाली मनाते हुए लोगों को ज्योति पर्व की शुभकामनाएं दीं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि त्योहार की खुशी परिवार के साथ होती है, त्योहार के दिन हमारे जवानों का परिवार से दूर रह कर सीमाओं की रक्षा करना कर्तव्य के प्रति समर्पण की पराकाष्ठा है।

उन्होंने कहा कि 140 करोड़ भारतीयों को अपना परिवार मानने की भावना सुरक्षाकर्मियों को अपने काम का एक मकसद देती है। उन्होंने कहा, देश इसके लिए आपका आभारी और ऋणी है। इसीलिए हर घर में आपकी सुरक्षा के लिए एक दीया जलाया जाता है। उन्होंने कहा, जहाँ जवान तैनात हैं वह जगह मेरे लिए किसी मंदिर से कम नहीं है। तुम जहाँ भी हो, मेरा त्यौहार वहीं है। यह शायद 30-35 वर्षों से चल रहा है।

प्रधानमंत्री ने सशस्त्र बलों के जवानों और बलिदान की परंपरा को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा, हमारे बहादुर जवानों ने खुद को सीमा पर सबसे मजबूत दीवार साबित किया है और हार के जबड़े से जीत छीनकर नागरिकों का दिल जीता है।

प्रधानमंत्री ने राष्ट्र निर्माण में सशस्त्र बलों के योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जवानों ने भूकंप और सुनामी जैसी प्राकृतिक आपदाओं के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय शांति मिशनों का भी उल्लेख किया जहां सशस्त्र बलों ने बहुतों की जान बचाई हैं। उन्होंने कहा, सशस्त्र बलों ने भारत के गौरव को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है।

प्रधानमंत्री ने पिछले साल संयुक्त राष्ट्र में शांति सैनिकों के लिए एक स्मारक हॉल के प्रस्ताव का भी उल्लेख किया जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया और कहा कि यह विश्व शांति स्थापित करने में उनके योगदान को अमर बना देगा।

श्री मोदी न केवल भारतीयों बल्कि विदेशी नागरिकों के लिए भी संकटग्रस्त क्षेत्रों से निकासी अभियानों में भारतीय सशस्त्र बलों की भूमिका का उल्लेख करते हुए सूडान में उथल-पुथल से की गई सफल निकासी और तुर्किये में भूकंप के बाद बचाव अभियान को याद किया। प्रधानमंत्री ने कहा, युद्ध क्षेत्र से लेकर बचाव अभियान तक, भारतीय सशस्त्र बल लोगों की जान बचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

वर्तमान विश्व परिदृश्य में भारत से वैश्विक अपेक्षाओं की ओर इशारा करते हुए प्रधानमंत्री ने देश में सुरक्षित सीमा, शांति और स्थिरता के महत्व को दोहराया। उन्होंने कहा, भारत सुरक्षित है क्योंकि इसकी सीमाएं हिमालय जैसी दृढ़ता वाले बहादुर जवानों द्वारा सुरक्षित हैं।

# मोदी ने भारत-अमेरिकी साझेदारी को वैश्विक भलाई के लिए ताकत कहा

एनसीआर समाचार

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को अमेरिका के दो प्रमुख मंत्रियों से मुलाकात की। भारत ने दोनों देशों के बीच '2+2' वार्ता की मेजबानी की, जिसमें दोनों देशों के वरिष्ठ नेता भी शामिल हुए। बाद में श्री मोदी ने भारत-अमेरिका साझेदारी को वैश्विक भलाई के लिए एक ताकत बताया।

प्रधानमंत्री मोदी ने आज दिन में नयी दिल्ली में अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन और विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन से मुलाकात की। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर ट्वीट किया कि रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन और विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन से मिलकर खुश हूं। '2+2' प्रारूप भारत-अमेरिकी व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी को और ज्यादा मजबूत करने का एक महत्वपूर्ण साधन है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि दोनों देश लोकतंत्र, बहुलवाद और कानून के शासन में साझा विश्वास रखते है जो विभिन्न क्षेत्रों में हमारे परस्पर लाभकारी सहयोग को रेखांकित करता है। उन्होंने कहा कि भारत-अमेरिकी साझेदारी वास्तव में वैश्विक हित के लिए एक ताकत है। इस बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और विदेश मंत्री एस



जयशंकर भी मौजूद थे। शुक्रवार को भारत ने '2+2' वार्ता की मेजबानी की, जिसमें श्री राजनाथ सिंह, श्री एस जयशंकर, श्री ऑस्टिन और श्री ब्लिंकन ने भारत-अमेरिका की वैश्विक रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए व्यापक विचार-विमर्श किया।

वार्ता समाप्त होने के बाद श्री जयशंकर ने कहा कि हमारे एजेंडे में हमारी रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाना शामिल है, जिसमें हमारे रक्षा संबंधों को आगे बढ़ाना, अंतरिक्ष एवं प्रौद्योगिकी में आगे बढ़ना, भविष्य में लॉजिस्टिक सहयोग और दोनों देशों के लोगों के बीच संपर्क शामिल है।

श्री जयशंकर ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, हिंद-प्रशांत, दक्षिण एशिया, पश्चिम एशिया और यूक्रेन संघर्ष पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया। बहुपक्षीय क्षेत्र में हमने सहयोग के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की और वैश्विक दक्षिण को शामिल किया।

वार्ता के बाद जारी एक संयुक्त बयान में कहा गया कि विश्वास और आपसी समझ के आधार पर भारत-अमेरिकी संबंधों को आगे बढ़ाने की दिशा में पर्याप्त प्रगति हुई है। बयान में कहा गया, ह्लप्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राष्ट्रपति जो बिडेन की जून 2023 और सितंबर 2023 की यात्राओं को आगे बढ़ाते हुए मंत्रियों ने अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा सुनिश्चित करने में भारत-अमेरिकी व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी के महत्व की फिर से पुष्टि की है।

बयान में कहा गया कि मंत्रियों ने क्वाड जैसे तंत्र के माध्यम से मुक्त, खुले और समावेशी हिंद-प्रशांत की रक्षा के लिए अपनी मजबूत प्रतिबद्धता को भी रेखांकित किया। मंत्रियों ने हिंद-प्रशांत, मध्य पूर्व और यूक्रेन सहित अन्य क्षेत्रों में हो रहे विकास पर भी चर्चा की। मंत्रियों ने यूक्रेन में युद्ध और इसके दुखद मानवीय परिणामों पर गहरी चिंता व्यक्त की।

## राष्ट्रीय राजधानी में प्रदूषण के मद्देनजर दिल्ली स्वास्थ्य विभाग ने लोगों को दी सलाह

# सुबह की सैर से बचें, पटाखे न जलाएं

एनसीआर समाचार

**नई दिल्ली।** दिल्ली स्वास्थ्य विभाग ने राष्ट्रीय राजधानी में प्रदूषण के मद्देनजर बाहर सैर से बचने से लेकर पटाखे न जलाने तक कई कदम उठाने की लोगों को सलाह दी है।

प्रमुख दैनिक समाचार पत्रों में शनिवार को प्रकाशित परामर्श में यह भी रेखांकित किया गया है कि गर्भवती महिलाओं, मरीजों, बच्चों और बुजुर्गों को अधिक सावधानी बरतनी चाहिए और वायु प्रदूषण के दौरान बाहर निकलने से बचना चाहिए।

बहरहाल, राष्ट्रीय राजधानी में दो सप्ताह से खतरनाक प्रदूषण स्तर से परेशान लोगों को बृहस्पतिवार रात और शुक्रवार को रुक-रुक कर हुई बारिश के कारण राहत मिली। इसके बाद दिल्ली सरकार ने बारिश के कारण हवा के अपेक्षाकृत साफ होने के



मद्देनजर सम-विषम कार योजना का क्रियान्वयन स्थगित कर दिया।

राष्ट्रीय राजधानी में शनिवार सुबह सात बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 219 दर्ज किया गया, जो बृहस्पतिवार के पिछले 24 घंटे के औसत एक्यूआई 437 से काफी बेहतर है। शहर में 28 अक्टूबर के बाद से वायु गुणवत्ता 'बहुत खराब' से 'गंभीर' श्रेणी में थी।

एक्यूआई शून्य से 50 के बीच 'अच्छा', 51 से 100 के बीच 'संतोषजनक', 101 से 200 के बीच 'मध्यम', 201 से 300 के बीच 'खराब', 301 से 400 के बीच 'बहुत खराब' और 401 से 450 के बीच 'गंभीर' माना जाता है। एक्यूआई के 450 से ऊपर हो जाने पर इसे 'अति गंभीर' श्रेणी में माना जाता है।

एक्यूआई दीपावली के आसपास और उसके तुरंत बाद आमतौर पर खराब हो जाता है, इसलिए दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य सेवा निदेशालय ने सार्वजनिक स्वास्थ्य सलाह जारी कर लोगों से पटाखे न जलाने को कहा है। परामर्श में कहा गया है, 'अत्यधिक वायु प्रदूषण वाले स्थानों जैसे धीमी और भारी यातायात वाली सड़कों, प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों के पास के क्षेत्रों, निर्माण/विध्वंस स्थलों आदि से बचें। विशेष रूप से गंभीर एक्यूआई में सुबह और देर शाम की सैर करने, दौड़ लगाने, शारीरिक व्यायाम करने से बचें।

# जयराम रमेश ने कहा-ध्रुवीकरण की राजनीति को ठुकराएगी राजस्थान की जनता

**जयपुर, एजेंसी।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) एवं सीबीआई जैसे केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए शनिवार को कहा कि राजस्थान उसकी ध्रुवीकरण की रणनीति को ठुकराएगी।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस राज्य में अपनी सरकार द्वारा पांच साल में किए गए काम के आधार पर जनादेश मांग रही है। उन्होंने यह भी कहा कि अपने चुनाव प्रचार के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर राजस्थान सरकार पर झूठे एवं बेबुनियाद आरोप लगा रहे हैं।

कांग्रेस महासचिव (संचार) रमेश ने कांग्रेस प्रदेश मुख्यालय में मीडिया से बातचीत में कहा,ह्लह्लकांग्रेस के पास दो हथियार हैं एक-पिछले पांच साल में हमने राजस्थान में क्या काम किया और दो-अगले पांच साल में हम क्या करने वाले हैं। वहीं भाजपा के पास दो हथियार हैं। एक हथियार ईडी और सीबीआई है जिसका दुरुपयोग रोज हो रहा है, होता रहेगा .. दूसरा हथियार ध्रुवीकरण है। ध्रुवीकरण के अलावा इनके पास कोई रणनीति नहीं है।

रमेश ने कहा, तो चुनावों में हमारा प्रचार रहा कि



पिछले पांच साल में हमने क्या किया और अगले पांच साल में हम क्या करने वाले हैं। भाजपा का प्रचार ईडी, सीबीआई एवं ध्रुवीकरण है। उन्होंने कहा, कर्नाटक की जनता ने इस ध्रुवीकरण की भाषा को नकारा है, राजस्थान की जनता भी यही जवाब देगी। हमें पूरा विश्वास है कि ईडी, सीबीआई केंद्रित एवं ध्रुवीकरण केंद्रित रणनीति राजस्थान की जनता ठुकराएगी और तीन दिसंबर को प्रधानमंत्री एवं उनके सहयोगियों को साफ पता चल जाएगा कि ऐसी रणनीति अब चलने वाली नहीं है।

# नड्डा ने जारी किया भाजपा का संकल्प पत्र



एनसीआर समाचार

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी अध्यक्ष जे पी नड्डा ने आज मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी का घोषणा पत्र 'संकल्प पत्र' जारी करते हुए कहा कि राज्य में भाजपा की सरकार बनने पर लाड़ली बहना योजना की लाभार्थियों को पक्के मकान का लाभ दिया जाएगा और प्रत्येक परिवार में कम से कम एक रोजगार अथवा स्वरोजगार के अवसर प्रदान किए जाएंगे। श्री नड्डा ने संकल्प पत्र विमोचन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि मौजूदा भाजपा सरकार ने जो नहीं कहा था, वो भी करके दिखाया है। उन्होंने 2003 की तुलना में राज्य में हुए विकास को बिंदुवार आंकड़ों के माध्यम से पेश किया। समारोह को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, पार्टी की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा और केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री और मध्यप्रदेश के चुनाव सहप्रभारी अश्विनी वैष्णव, ज्योतिरादित्य सिंधिया और फग्गन सिंह कुलस्ते भी उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि युवा मतदाताओं को ये जानने की आवश्यकता है कि मध्यप्रदेश की स्थिति पहले किस प्रकार की थी और भाजपा की सरकार आने के बाद राज्य ने हर क्षेत्र में कितना विकास किया है।

श्री नड्डा ने कहा कि 2003 के बाद से प्रदेश के बजट का प्रावधान चार गुना बढ़ गया है। सड़क संपर्क लगातार बढ़ा है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में राज्य ने अभूतपूर्व प्रगति की है। 2003 में जहां पांच मेडिकल कॉलेज थे, आज 30 हैं। मध्यप्रदेश सरसों और मूंग के ऑर्गेनिक उत्पादन में नंबर एक पर है।

उन्होंने कहा कि राज्य में सिंचाई की क्षमता को दुगुना किया गया है। बुंदेलखंड को केन बेतवा लिंक की राष्ट्रीय परियोजना से जोड़ा गया है। बड़ी संख्या में पिछड़े क्षेत्रों में बच्चे रिहायशी स्कूलों का फायदा उठा रहे हैं।

## सशक्त नारी के लिए ये संकल्प

1. लाडली बहनों को मासिक आर्थिक सहायता के साथ मिलेगा आवास।
2. ग्रामीण महिलाओं को लखपति बनाएंगे। 15 लाख महिलाओं को लखपति योजना के अंतर्गत कौशल प्रशिक्षण का लाभ मिलेगा।
3. लाडली लक्ष्मी को कुल दो लाख रुपये, सभी जरूरतमंद बालिकाओं को जन्म से 21 वर्ष तक लाभ।
4. पीएम उज्ज्वला योजना एवं लाडली बहना योजना की लाभार्थियों को 450 रुपये में सिलेंडर मिलेगा।
5. सभी छात्राओं केजी से पीजी तक मुफ्त शिक्षा का मिलेगा लाभ।

**समृद्ध किसान**

1. किसानों के लिए एमएसपी पर बोनस की व्यवस्था करेंगे। 2,700 रुपये प्रति क्विंटल पर गेहूं की खरीद एवं 3,100 रुपये प्रति क्विंटल पर धान की खरीद सुनिश्चित करेंगे।
2. पीएम किसान सम्मान निधि एवं मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के लाभार्थियों को 12,000 रुपये की वार्षिक वित्तीय सहायता लाभ देते रहेंगे।

**जनजातीय कल्याण**

1. जनजातीय समुदाय के सशक्तिकरण के लिए अगले 5 वर्षों में स्वास्थ्य, शिक्षा एवं सामाजिक सशक्तिकरण पर तीन लाख करोड़ व्यय करेंगे।
2. सभी तेंदूपत्ता संग्राहकों को तेंदूपत्ता संग्रहण दर 4,000 रुपये प्रति बोरा प्रदान करना सुनिश्चित करेंगे।
3. प्रत्येक एसटी ब्लॉक में एकलव्य विद्यालय की स्थापना के साथ ही 3,800 शिक्षकों की भर्ती करेंगे।
4. एसटी बहुल जिलों मंडला, खरगोन, धार, बालाघाट एवं सीधी में मेडिकल कॉलेज का निर्माण करेंगे।
5. सौ करोड़ के निवेश के साथ जनजातीय श्रद्धा-स्थल संरक्षण मिशन के तहत पूजा स्थलों का विस्तार एवं नवीनीकरण करेंगे।

**उत्तम शिक्षा एवं सक्षम युवा**

1. गरीब परिवारों के छात्रों कक्षा 1 से 12 तक मुफ्त शिक्षा के साथ 1,200 रुपये की वार्षिक सहायता स्कूल बैग, किताबें एवं यूनिफॉर्म के लिए देंगे।
2. सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले सभी छात्रों को मिड-डे मील के साथ अब पौष्टिक नाश्ता भी मिलेगा।
3. आईआईटी के तर्ज पर प्रत्येक संभाग में मध्य प्रदेश इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी बनाएंगे।
4. केंद्र सरकार एवं प्रदेश सरकार की योजनाओं का सफल क्रियान्वयन करते हुए प्रत्येक परिवार में कम से कम एक रोजगार अथवा स्वरोजगार का अवसर सुनिश्चित करेंगे।
5. वन डिस्ट्रिक्ट-वन स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स योजना के अंतर्गत प्रत्येक जिले में एक स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स की स्थापना करेंगे।

**सबका साथ सबका विकास**

1. पांच वर्षों के लिए प्रधान मंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना का विस्तार करते हुए सभी गरीब परिवार को मुफ्त राशन एवं रियायती दर पर दाल, सरसों का तेल एवं चीनी उपलब्ध कराएंगे।

# भाजपा ही आदिवासियों की सच्ची हितैषी : शाह

**मनावर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ही आदिवासियों की सच्ची हितैषी पार्टी है और इसने आदिवासियों के हित में अनेक महत्वपूर्ण कार्य किए हैं। वरिष्ठ नेता श्री शाह ने मध्यप्रदेश के पश्चिमी हिस्से में स्थित धार जिले के मनावर में चुनावी सभा को संबोधित किया। उन्होंने आरोप लगाया कि कई दशकों तक सत्ता में रहने वाली कांग्रेस ने आदिवासियों का उपयोग सिर्फ वोट बैंक के रूप में किया और उनके हित में कदम नहीं उठाए।

आदिवासियों के हित में केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने नौ वर्षों के दौरान किए। यहां तक कि भाजपा ने इसी वर्ग से आने वाली महिला को राष्ट्रपति बनवाने का मार्ग भी प्रशस्त किया।

एनसीआर समचार, साप्ताहिक समाचार पत्र में विज्ञापन के लिए संपर्क करें।

**कार्यालय :**
12/276, संगम विहार
नई दिल्ली- 62

**फोन :**
8888883968
9811111715

### एनसीआर समाचार पत्र के स्वामित्व/ प्रकाशन परिवर्तन के संबंध में
## आवश्यक सूचना

एनसीआर समाचार पत्र के समस्त पाठकों तथा समाचार पत्र के साथ जुड़े समस्त पत्रकारों, व्यावसायिक संयोजक, सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं/संस्थानों को यह सूचित किया जाता है कि गत वर्षों से श्री बलबीर सिंह के नेतृत्व व स्वामित्व में चले आ रहे वर्तमान एनसीआर समाचार पत्र का प्रकाशन व स्वामित्व मो. हनीफ, पुत्र श्री इस्माईल खान मास्टर जी, संगम विहार के स्वामित्व व नेतृव में हो रहा है।

**अतः** भविष्य में समस्त प्रकार की व्यावसायिक, कानूनी एवं सामाजिक गतिविधियों के संचालन हेतु मो. हनीफ/ नए कार्यालय जी-12/276, संगम विहार, नई दिल्ली- 110062, दूरभाष (मोबाईल) 8888883968, 9811111715 सम्पर्क करें।

# कांग्रेस के पूर्व मंत्री रामगोपाल बैरवा अपने समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल

एनसीआर समाचार



**जयपुर।** राजस्थान में आगामी 25 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले एक से दूसरे राजनीतिक दल में शामिल होने का सिलसिला लगातार जारी है और शनिवार को कांग्रेस के पूर्व मंत्री रामगोपाल बैरवा, चाकसू के पूर्व विधायक अशोक तंवर और कोटा कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष पंकज मेहता, टोंक के सोडा सरपंच छवी राजावत अपने समर्थकों के साथ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का दामन थाम लिया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सी पी जोशी, झोटवाडा विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी एवं सांसद कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ और चुनाव प्रबंधन समिति संयोजक नारायण पंचारिया ने इन लोगों को पार्टी का दुपट्टा पहनाकर भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराई।

कार्यक्रम में जोशी ने प्रदेश कांग्रेस सरकार पर महिला सुरक्षा करने में पूर्ण रूप से नाकाम रहने का आरोप लगाते हुए कहा है कि दौसा की घटना ने नारी मर्यादा को तार तार कर दिया। जब रक्षक ही भक्षक बन जाए तो सुरक्षा की उम्मीद भी किस से की जाए। राजस्थान की वीर भूमि में मीरा, पन्ना, रानी हाडा के इतिहास को कांग्रेस सरकार ने कलंकित किया है। आज कांग्रेस के शासन में प्रतिदिन दुष्कर्म की घिनौनी वारदातें हो रही हैं, किसानों और युवाओं के साथ छलावा किया जा रहा है। प्रदेश में भ्रष्टाचार की घटनाएं रिकॉर्ड कायम कर रही हैं।

इन सभी घटनाओं और कांग्रेस के जंगलराज से आहत होकर आज हाडौती से लेकर शेखावाटी तक और मेवाड से लेकर मेवात तक कांग्रेसी भाजपा परिवार में शामिल हो रहे है। इस मौके जयपुर ग्रेटर महापौर सौम्या गुर्जर, भाजपा प्रदेश मीडिया संयोजक प्रमोद वशिष्ठ और भाजपा प्रदेश प्रवक्ता लक्ष्मीकांत भारद्वाज भी मौजूद थे।

# कांग्रेस नेता ने ही खोल दी कांग्रेस की पोल

## हिंदुत्व को कभी स्वीकार नहीं करना चाहते कई कांग्रेस नेता

**भोपाल, एजेंसी।** कांग्रेस के नेता ने ही कांग्रेस की कलई खोल दी है। हिंदुत्व और भगवान श्रीराम के अस्तित्व को लेकर कांग्रेस की सोच पूरे देश के सामने आ गई है। ऐसे में मध्य प्रदेश में पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ, प्रियंका गांधी सरीखे कई लोग चुनावों के दौरान मंदिरों में मत्था टेकते जरूर दिख जाते हैं, लेकिन उनकी सोच हमेशा ही हिंदू विरोध की ही रही है।

असल में, कांग्रेस नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा जो कांग्रेस गांधी की अनुयायी रही है और हर बैठक की शुरूआत रघुपति राघव राजा राम से करती रही है। वर्तमान में कांग्रेस की विचारधारा पर वामपंथी सोच हावी हो रही है। यही वजह है कि राम विरोधी बयानबाजी किए जाने पर भी कांग्रेस ने चुप्पी साधे रखी। आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा कि हाल ही में सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्या ने रामचरितमानस को झुठलाया, लेकिन कांग्रेस चुप रही। यहां कांग्रेस ने अपनी विचारधारा से विपरीत जाकर किया। उन्होंने कहा कि राम और सनातन धर्म के बिना भारत की कल्पना भी नहीं की जा सकती।

**राम मंदिर को न मानने वाला हिंदू नहीं हो सकता**

आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा कि जिस तरह जीसस को न मानने वाला ईसाई नहीं हो सकता, मोहम्मद को न मानने वाला मुसलमान नहीं हो सकता। इसी तरह राम मंदिर को न मानने वाला हिंदू नहीं हो सकता है। दुनिया जानती है कि राम मंदिर को रोकने के जो प्रयास किए गए, उससे सनातन धर्म को मानने वाले करोड़ों लोगों की आस्था को ठेस पहुंची। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि यह किसी से भी अब छिपा नहीं रह गया है कि राम मंदिर का विरोध कौन कर रहा है।

**विपक्षी गठबंधन देश से नफरत करने लगी**

कांग्रेस नेता ने इंडिया गठबंधन पर बात करते हुए कहा, इसका मकसद मोदी और भाजपा सरकार को हटाना था। यह अफसोस की बात है कि विपक्षी गठबंधन मोदी से नफरत करते करते देश से नफरत करने लगी है। कांग्रेस नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम ने आगे कहा, 'मैंने महसूस किया है कि कांग्रेस में कुछ ऐसे नेता हैं जो भगवान राम से नफरत करते हैं। ये नेता 'हिंदू' शब्द से भी नफरत करते हैं, वे हिंदू धार्मिक गुरुओं का अपमान करना चाहते हैं। उन्हें पसंद नहीं है कि पार्टी में एक हिंदू धार्मिक गुरु हो। हो सकता है उन्हें (कांग्रेस) हिंदुओं के समर्थन की जरूरत ना हो या किसी हिंदू धर्म गुरु को स्टार प्रचारक बनाने का जो मकसद होता है, उन्हें उसमें कोई कमी नजर आ रही हो। ये पार्टी का निर्णय है।

# पड़ोसी पर हमला करने के मामले में भारतीय मूल के व्यक्ति को दो साल की सजा

**लंदन, एजेंसी।** ब्रिटेन के वेस्ट मिडलैंड्स क्षेत्र में नशे की हालत में एक पड़ोसी पर हमला करने के मामले में भारतीय मूल के एक व्यक्ति दो साल की सजा सुनायी गई है। हालांकि सजा दो वर्ष के लिए निलंबित किये जाने के बाद उक्त व्यक्ति जेल जाने से बच गया है।

गुरजाप सिंह (41) नाम के व्यक्ति ने एक महिला पर तब हमला किया जब वह स्टाफोर्डशायर के फेंटन स्थित अपने घर जा रही थी। बाद में गुरजाप पड़ोस में रहने वाली उक्त महिला के घर में घुस गया और उसके चेहरे पर कई थप्पड़ मारे।

'स्टोक-ऑन-ट्रेंट लाइव' में छपी खबर के अनुसार महिला के पति ने इस दौरान बीच-बचाव का प्रयास किया लेकिन सिंह ने उसे धक्का मारकर एक तरफ कर दिया। बताया जाता है कि हमलावर 'उन्माद की स्थिति' में था।

अभियोजक ने इस सप्ताह 'स्टोक-ऑन-ट्रेंट क्राउन कोर्ट' से कहा, 'उसने महिला के बाल पकड़कर खींचे। व्यक्ति (महिला का पति) ने अपने आप को मुक्त कराया और मदद मांगी।

फेंटन में सिंह के बगल में रहने वाली महिला और उसके पति उसके (हमलावर) साथ बेटे जैसा बर्ताव करते थे लेकिन फरवरी की इस घटना के बाद सबकुछ बदल गया। अदालत में महिला के पति ने कहा कि वह बुरी तरह डर गये थे क्योंकि उन्हें और उनकी पत्नी को उन्हीं के घर में पीटा गया। उन्होंने कहा कि वह अपने ही घर में अब सुरक्षित महसूस नहीं करते, जहां वे 38 सालों से रह रहे हैं।

अदालत में सुनवाई का नेतृत्व कर रहे रिकार्डर रॉबर्ट स्मिथ ने सिंह को दो साल की सजा सुनायी जिसे दो वर्ष के लिए निलंबित कर दिया, जिसका तात्पर्य है कि जबतक सिंह अदालती आदेश का कोई उल्लंघन नहीं करता, तबतक उसे सलाखों के पीछे नहीं जाना होगा। अदालत ने सिंह को यह आदेश भी दिया कि वह 10 साल तक अपने इन पड़ोसियों से संपर्क नहीं करेगा। अदालती आदेश के मुताबिक सिंह को 200 घंटे अवैतनिक काम करना होगा। उसे यह भी आदेश दिया गया कि वह पीड़ितों को 100-100 ग्रेट ब्रिटेन पाउंड की क्षतिपूर्ति देगा और 250 ग्रेट ब्रिटेन पाउंड का जुर्माना भरेगा।

# तेलंगाना विस चुनावों के लिए 2,327 नामांकन दाखिल

**हैदराबाद, एजेंसी।** तेलंगाना विधानसभा की 119 सीटों पर चुनाव के लिए नामांकन की अंतिम तिथि 10 नवंबर तक 2327 उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किये हैं।

प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी विकास राज ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि चुनाव अधिकारी 13 नवंबर को नामांकन पत्रों की जांच करेंगे जबकि 15 नवंबर तक नाम वापस लिये जा सकेंगे। सभी निर्वाचन क्षेत्रों में 30 नवंबर को एक साथ मतदान होंगे तथा तीन दिसंबर को मतगणना होगी। गौरतलब है कि इस चुनाव में तेलुगू देशम पार्टी और वाईएसआर तेलंगाना पार्टी (वाईएसआरटीपी) ने मुकाबले से अपना नाम वापस ले लिया है। वाईएसआरटीपी ने आधिकारिक तौर पर कांग्रेस का समर्थन किया है। कांग्रेस के साथ गठबंधन में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी कोठागुडेम से चुनाव लड़ रही है, जबकि मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी स्वतंत्र रूप से चुनाव लड़ रही है। कांग्रेस उम्मीदवारों ने 118 सीटों पर नामांकन दाखिल किया, और एक सीट भाकपा को दी है, जबकि भाजपा उम्मीदवारों ने 111 सीटों पर नामांकन दाखिल किया और आठ सीटें जनसेना को दी है। राज्य में सत्तारूढ़ भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) सभी 119 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। पिछले चुनावों की तुलना में कांग्रेस को इसबार बगावत का खतरा कम हुआ है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष रेवंत रेड्डी कामारेड्डी में मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव (केसीआर) के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं जबकि भाजपा नेता एटाला राजेंद्र गजवेल में चुनाव लड़ रहे हैं।

# रोटी के लिए झगड़े, शिविरों में हताशाः युद्ध ने बिगाड़ा गाजा का सामाजिक ताना-बाना



एनसीआर समाचार

**यरूशलम।** इजराइल और फलस्तीन के चरमपंथी संगठन हमास के बीच जारी युद्ध के मध्य हालात ये हैं कि लोग रोटी लेने के लिए कतारों में झगड़ रहे हैं, खारे पानी की एक-एक बाल्टी लेने के लिए घंटों इंतजार कर रहे हैं साथ ही खचाखच भरे शिविरों में खुजली, दस्त और सांस संबंधी संक्रमण से जूझ रहे हैं।

दीर अल-बलाह शहर में संयुक्त राष्ट्र के एक शिविर में राहत कार्यों में लगी एक महिला और पांच बच्चों की मां सुजैन वाहिदी ने कहा, मेरे बच्चे भूख से रो रहे हैं और थक चुके हैं। यहां तक की वे शौचालय का इस्तेमाल नहीं कर सकते। दीर अल-बलाह शिविर में सैकड़ों लोगों को एक ही शौचालय का प्रयोग करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा, मेरे पास उनके लिए कुछ नहीं है। इजराइल-हमास के बीच युद्ध के दूसरे महीने में अब तक गाजा में 10,000 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है साथ ही यहां फंसे हुए लोगों को बिना बिजली और पानी के जीवित रहने के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। उत्तरी गाजा में इजराइल के जमीनी हमले से बचकर भागने में कामयाब रहे फलस्तीनी लोगों को अब दक्षिण क्षेत्र में भोजन और दवा की कमी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों पर बिन बुलाए आई इस मुसीबत का फिलहाल कोई अंत होता नहीं दिख रहा है, जो हमास के इजराइल पर सात अक्टूबर को हमले के बाद से शुरू हुई है। पांच लाख से ज्यादा लोग दक्षिण के अस्पतालों और संयुक्त राष्ट्र के स्कूलों से शिविरों में तब्दील हुए इमारतों में खचाखच भरे हुए हैं। कूड़े के ढेर और उमपर मंडराते हुए, मच्छर-मक्खियों ने इन स्कूलों को संक्रामक बीमारियों का स्थल बना दिया। युद्ध की शुरूआत से ही मदद के लिए, सैकड़ों की संख्या में ट्रकों ने दक्षिण रफा के माध्यम से गाजा में प्रवेश किया लेकिन राहत संगठनों का कहना है कि यह मदद समुद्र में एक बूंद के बराबर है। रोटी और पानी की तलाश में घंटों-घंटों कतारों में खड़े रहना अब रोजाना का किस्सा हो गया है। गाजा का सामाजिक ताना-बाना छिन्न-भिन्न हो गया है, जिसने दशकों तक संघर्ष, इजराइल के साथ चार युद्ध और फलस्तीनी बलों से सत्ता छीनने वाले हमास के बाद 16 साल तक प्रतिबंधों को झेला है। दक्षिणी शहर खान यूनुस में नॉर्वे रिफ्यूजी काउंसिल में राहत कार्यों से जुड़े शख्स युसुफ हम्माश ने कहा, आप जहां भी जाएंगे आपको सिर्फ लोगों की आंखों में पीड़ा ही दिखाई देगी। उन्होंने कहा, आप कह सकते हैं कि वे अपने जीवन के सबसे मुश्किल दौर से गुजर रहे हैं।

सुपरमार्केट जैसी बड़ी दुकानें लगभग खाली हो चुकी हैं। आटा और ओवन के लिए ईंधन की कमी की वजह से बेकरी बंद हो गई हैं। गाजा के खेतों तक पहुंचना लगभग असंभव हो गया है और प्याज व संतरे के अलावा ज्यादातर चीजें बाजारों से नदारद हैं।

# अलबामा में गोलीबारी में चार लोग घायल

**बर्मिंघम (अमेरिका), एजेंसी।** अमेरिका के अलबामा राज्य के बर्मिंघम शहर में कथित तौर पर कार चोरी के एक मामले में हुई गोलीबार में चार लोग घायल हो गए,जिनमें से दो की हालत गंभीर है। पुलिस ने यह जानकारी दी। उसने बताया कि गोलीबारी शाम 4:30 बजे के बाद 20वीं स्ट्रीट एनस्ले के निकट इंटरस्टेट 59 में हुई। पुलिस अधिकारी ट्रूमैन फिट्जगेराल्ड ने संवाददाताओं को बताया, लोगों के एक समूह ने कथित तौर पर चोरी हो चुकी अपनी कार देखी और इसके बाद उन्होंने वाहन का पीछा किया। उन्होंने बताया, लोगों ने वाहन का पीछा किया और खुद ही निपटने की कोशिश की।

# हिमाचल के मुख्यमंत्री सुक्खू दिल्ली से 15 दिन बाद शिमला लौटे

**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में उपचार के बाद शनिवार को शिमला लौट आए। सुक्खू के शुक्रवार को लौटने की उम्मीद थी लेकिन दिल्ली और शिमला में मौसम ठीक नहीं होने के कारण योजना स्थगित कर दी गई। खराब मौसम के कारण सुक्खू का हेलीकॉप्टर दिल्ली से उड़ान नहीं भर सका।



उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री और मंत्रिमंडल में शामिल अनिरुद्ध सिंह, रोहित ठाकुर और हर्षवर्द्धन चौहान सहित कई लोगों ने अन्नाडेल में मुख्यमंत्री का भव्य स्वागत किया। मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार नरेश चौहान ने शुक्रवार को बताया कि मुख्यमंत्री की हालत में सुधार है और एम्स के चिकित्सकों ने उन्हें शिमला वापस जाने की मंजूरी दे दी है। मुख्यमंत्री राज्य की राजधानी में दिवाली मनाएंगे।

सुक्खू को पेट में दर्द और संक्रमण की शिकायत के बाद 25 अक्टूबर को इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज अस्पताल (आईजीएमसीएच) शिमला में भर्ती कराया गया था। दो दिन बाद उन्हें दिल्ली ले जाया गया और एम्स में भर्ती कराया गया था।

## एक नजर

### गाजा में भोजन और पानी का संकट गहराया

**यरुशलम, एजेंसी।** गाजा पट्टी में पिछले महीने अक्टूबर की सात तारीख से जारी युद्ध के बीच रोटी का संकट गहरा गया है। खाद्य सामग्री लेने के लिए कतारों में खड़े लोगों में मारकाट मचने लगी है। नागरिकों को एक गैलन पानी के लिए घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। संयुक्त राष्ट्र के अधिकांश मानवीय सहायता केंद्रों के बाहर लगी कतारों में कुछ ऐसा ही नजारा देखने को मिल रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार डेर अल-बलाह के केंद्रीय शहर में पांच बच्चों की मां सुजान वाहिदी को संयुक्त राष्ट्र के एक सहायता कार्यकर्ता से यह कहते सुना गया-मेरे बच्चे रो रहे हैं। वे भूखे और थके हुए हैं। पानी नहीं है, इसलिए बाथरूम का उपयोग नहीं कर सकते। उल्लेखनीय है कि हमास और इजराइल के बीच छिड़े युद्ध में गाजा में अब तक 10,000 से अधिक लोगों की जान जा चुकी है। उत्तरी गाजा से भागे हजारों लोग अब दक्षिणी गाजा में भोजन और दवा की कमी का सामना कर रहे हैं।

### एफबीआई ने न्यूयॉर्क के मेयर एडम्स के फोन जब्त किये

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका की संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) के एजेंटों ने अभियान के लिए धन जुटाने के उल्लंघन से संबंधित जांच के तहत न्यूयॉर्क शहर के मेयर एरिक एडम्स के सेल फोन जब्त कर लिए हैं। सीएनएन ने मामले से परिचित एक सूत्र का हवाला देते हुए रिपोर्ट में शुक्रवार को कहा यह जब्ती इस सप्ताह की शुरुआत में एक अदालत द्वारा तलाशी वारंट जारी करने के बाद हुई। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस तरह की कार्रवाई का मतलब है जांच में एक महत्वपूर्ण बदलाव है और इसे सीधे एडम्स तक लाना है। रिपोर्ट में कहा गया है कि एफबीआई न्यूयॉर्क के दक्षिणी जिले के अमेरिकी अटॉर्नी कार्यालय के साथ मिलकर जांच संभाल रही है।

एडम्स ने अपने कर्मचारियों से कानून का पालन करने और जांच में पूरा सहयोग करने का आग्रह किया। रिपोर्ट में उद्धृत एक बयान में एडम्स ने कहा, मैं बिल्कुल वैसा ही करना जारी रखूंगा। मेरे पास छिपाने के लिए, कुछ भी नहीं है। एडम्स के प्रवक्ता बॉयड जॉनसन ने कहा कि मेयर जांच में पूरा सहयोग कर रहे हैं और उन पर किसी भी गलत काम का आरोप नहीं लगाया गया है।

### डल झील में पांच हाउसबोट, लकड़ी से बने आवास जलकर खाक

**श्रीनगर, एजेंसी।** जम्मू कश्मीर की राजधानी श्रीनगर स्थित प्रसिद्ध पर्यटन स्थल डल झील में शनिवार को कम से कम पांच हाउसबोट और 10 से अधिक लकड़ी से बने आवासों में आग लग गयी। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि सुबह पांच बजे डल झील में घाट नंबर 9 के पास एक हाउसबोट में आग लग गयी और आसपास के अन्य हाउसबोट तथा अन्य लकड़ी के आवासीय ढांचे को अपनी चपेट में ले लिया। आग पर काबू पाने के लिए रिवर स्टेशन नेहरू पार्क, बटमालू और गावकदल से दमकल की गाड़ियां मौके पर भेजी गयी। घटना में किसी को चोट नहीं आयी है। आग लगने से करोड़ों रुपये की संपत्ति का नुकसान बताया जा रहा है। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चला है। श्रीनगर के उपायुक्त ऐजाज असद ने घटनास्थल पर संवाददाताओं को बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही एसडीआरएफ, कश्मीर पुलिस और अग्निशमन एवं आपातकालीन एजेंसियों की टीमें हरकत में आईं और आग पर काबू पाने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि हाउसबोटों में ठहरे पर्यटकों और निवासियों को सबसे पहले बचाया गया और सुरक्षित स्थानों पर ले जाया गया। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन और सरकार अग्नि पीड़ितों के साथ है और उन्हें घटना पर दुख है।

### दुर्ग और पटना के बीच छठ पूजा विशेष एक्सप्रेस ट्रेन

**बिलासपुर, एजेंसी।** छठ पूजा के दौरान रेलयात्रियों की भीड़ और सुविधाओं के मद्देनजर छत्तीसगढ़ के दुर्ग तथा बिहार की राजधानी पटना के बीच एक फेरे के लिए छठ पूजा विशेष एक्सप्रेस ट्रेन बरास्ता राउरकेला, रांची, गया चलायी जायेगी। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के प्रवक्ता ने आज यहां बताया कि 08793 विशेष ट्रेन दुर्ग से 15 नवंबर बुधवार को दोपहर 14.45 बजे रवाना होगी तथा रायपुर बिलासपुर, झारसुगुडा, राउरकेला, हटिया, रांची, मुरी, बोकारो, चंद्रपुरा, गोमो, कोडरमा, गया और जहानाबाद होते हुए दूसरे दिन गुरुवार को सुबह 09.30 बजे पटना पहुंचेगी।

# लाइट, कैमरा, एक्शन से गूंजा जानकी पुल के निकट गंगा तट

## मुहूर्त शाट के साथ जहरी इश्क की शूटिंग देवभूमि में शुरू

**ऋषिकेश, एजेंसी।** आर्बविट 9 एक्स फिल्म के बैनर तले बनने वाली हिन्दी फिल्म जहरी इश्क का मुहूर्त शूट देवभूमि ऋषिकेश स्थित जानकी पुल के पास गंगा किनारे किया गया।

फिल्म का शुभ मुहूर्त नमामि नर्मदा संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष समाजसेवी डॉ. राजे नेगी एवं टिहरी भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष इंदिरा आर्य ने संयुक्त रूप से गणेश पूजन कर एवं नारियल फोड़ कर किया। इस अवसर पर फिल्म की टीम ने अतिथियों का स्वागत किया।

मुख्य अतिथि डॉ. राजे नेगी ने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड बॉलीवुड फिल्मों के लिए शूटिंग हब बन चुका है। राज्य सरकार द्वारा भी फिल्मों के शूटिंग हेतु भरपूर



सहयोग दिया जा रहा है। उत्तराखंड की नैसर्गिक सुंदरता को लगातार बड़े पर्दे पर जगह मिल रही है, जिससे यहां पर पर्यटन और तीर्थाटन को बढ़ावा मिल रहा है। उन्होंने फिल्म की टीम को हर संभव सहायता करने का भरोसा भी दिलाया। फिल्म के निर्माता संजय शर्मा ने बताया कि फिल्म उत्तराखंड के ज्वलंत मुद्दे और जन चेतना पर आधारित है। फिल्म का निर्देशन विनोद दीक्षित कर रहे हैं। फिल्म की कहानी और संवाद कृष्ण भारद्वाज द्वारा लिखी गई है।

# गाजा के अल शिफा अस्पताल में 39 बच्चों पर मौत का खतरा



**गाजा, एजेंसी।** फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि बिजली कटौती के कारण अल शिफा अस्पताल में 39 बच्चों पर मौत का खतरा है।

स्थानीय मीडिया ने पहले फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्री माई अल-कैला के हवाले से कहा था कि 39 शिशुओं की मौत हो गई है। बाद के एक बयान में, स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि शिशुओं को मृत्यु का खतरा है।

इससे पहले आई एक रिपोर्ट के मुताबिक गाजा स्थित फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने शनिवार को आरोप लगाया कि घिरे एन्क्लेव की सबसे बड़ी चिकित्सा सुविधा में लगातार बिजली कटौती के कारण अल-शिफा अस्पताल में एक नवजात शिशु की मौत हो गई।

मंत्रालय के प्रवक्ता अशरफ अल-कुद्रा ने एक बयान में कहा कि शिशु अस्पताल में समय से पहले जन्मे 37 बच्चों में से एक था।

इजरायली हमलों के परिणामस्वरूप पूरी तरह से बिजली गुल होने के कारण चिकित्सा कर्मचारी पिछले तीन घंटों से इनमें से कुछ बच्चों को मैन्युअल आर्टिफिशियल श्वसन दे रहे हैं। एक महीने से अधिक समय से अल-शिफा अस्पताल सहित गाजा पट्टी में किसी भी ईंधन की अनुमति नहीं दी गई है।

प्रवक्ता ने यह भी कहा कि अल-शिफा अस्पताल परिसर के प्रांगण को इजरायल ने निशाना बनाया और परिसर में आग लग गई। अल-शिफा अस्पताल के पास इजरायली हमलों की खबरें आई हैं। कर्मचारी और अधिकारियों ने ऑनलाइन वीडियो पोस्ट किया है, जिसमें परिसर के आसपास के क्षेत्र में भारी बमबारी दिखाई दे रही है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के प्रवक्ता ने शुक्रवार को कहा कि अल-शिफा बमबारी की चपेट में आ रहा है। गाजा पट्टी में 20 अस्पताल कार्रवाई से बाहर हैं।

शनिवार तड़के इजरायल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने कहा कि गाजा पट्टी में आतंकवादियों द्वारा लॉन्च की गई एक विफल मिसाइल अल-शिफा अस्पताल पर गिरी।

आईडीएफ ने कहा है कि हमास अल-शिफा के नीचे सुरंगों से काम करता है। हालांकि, उग्रवादी समूह ने इस आरोप से इनकार किया है।

यह घटनाक्रम इजरायल द्वारा अस्पताल के बाहर एक एम्बुलेंस को निशाना बनाए जाने के एक सप्ताह बाद आया है, जिसमें कम से कम 15 लोग मारे गए और 50 अन्य घायल हो गए।

# पाकिस्तानः अदालत ने पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की जब्त संपत्ति लौटाने का आदेश दिया

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ को यहां की जवाबदेही अदालत ने अस्थायी राहत देते हुए, अधिकारियों को भ्रष्टाचार के मामले में 2020 में जब्त की गईं उनकी सभी चल-अचल संपत्ति लौटाने का आदेश दिया। समाचारपत्र द एक्सप्रेस ट्रिब्यून में प्रकाशित खबर के मुताबिक इस्लामाबाद जवाबदेही अदालत के न्यायाधीश मोहम्मद बशीर ने शुक्रवार को पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-



एन) के नेता शरीफ (73) के खिलाफ तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में सुनवाई की। नवाज शरीफ 21 अक्टूबर को साढ़े चार साल के स्व निर्वासन के बाद स्वदेश लौटे। जवाबदेही अदालत के न्यायाधीश बशीर को सूचित किया गया कि चूंकि शरीफ ने आत्मसमर्पण कर दिया है और उनको गिरफ्तार करने के लिए जारी वारंट को रद्द कर दिया गया है, इसलिए, उनकी संपत्ति कुर्क करने के आदेश को वापस लिया जा सकता है। खबरों के मुताबिक तोशाखाना मामले में अपराधी घोषित होने के बाद तीन बार के प्रधानमंत्री रहे शरीफ की 2020 में 1,650 कनाल (करीब 200 एकड़) कृषि भूमि, मर्सिडीज बेंज कार, लैंड क्रूजर कार और अन्य वाहन जब्त कर लिए थे।

# घर जाने की जद्दोजहद में मेट्रो-बस अड्डे पर लबी कतारें

एनसीआर समाचार



**नई दिल्ली।** दीपावली पर घर जाने की जद्दोजहद में शनिवार को राजधानी की सड़कों पर जाम जैसे हालात थे। रेलवे से लेकर मेट्रो स्टेशन पर लोगों की लंबी कतारें लगी थीं। आलम यह था कि टिकट काउंटर से लेकर चेकिंग काउंटर तक भारी भीड़ थी। कश्मीर गेट, आनंद विहार और सराय काले खां स्थित अंतरराज्यीय बस अड्डों पर भी कुछ ऐसी ही स्थिति थी, जहां लोग पहले बस का इंतजार और फिर सीट पक्की करने की जद्दोजहद करते दिखे। बस अड्डे पर जैसे ही बसें पहुंच रही थीं तो उसके रुकने से पहले ही भारी भीड़ सीट पक्की करने को दौड़ लगा देती।

**बसों के लिए घंटों तक इंतजार करते रहे लोग**

त्योहार पर घर जाने के लिए शनिवार सुबह से ही आनंद विहार अतंरराज्यीय बस अड्डे से लेकर बॉर्डर पार कौशांबी (गाजियाबाद) बस अड्डे तक लोगों की भारी भीड़ देखने को मिली। बसों में उपलब्ध सीटों के मुकाबले यात्रियों की संख्या कई गुना थी। इस कारण एटा, अलीगढ़, हाथरस, कानपुर, लखनऊ, देहरादून, नैनीताल जैसे रूट पर जाने वाले लोगों को बसों के लिए घंटों इंतजार करना पड़ा। देहरादून जाने वाले विवेक रावत ने बताया कि वह बीते दो घंटे से बस का इंतजार कर रहे हैं। बीच में दो बस आई थी, मगर स्टैंड पर रुकते ही वे फुल हो गईं, इसलिए अब उन्होंने निजी ट्रांसपोर्ट से बस की टिकट बुक कराई है, जो शाम चार बजे दिल्ली से चलेगी। बस के साथ ही मेट्रो स्टेशन पर भी लंबी-लंबी कतारें देखने को मिलीं। टिकट काउंटर और चेकिंग कराने में ही लोगों को 20-30 मिनट का समय लगा। भीड़ का अंदाजा इससे भी लगाया जा सकता है कि आंनद विहार बस अड्डे को कौशांबी बस अड्डे से जोड़ने वाले फुटओवर ब्रिज पर भारी भीड़ के चलते चलना भी मुश्किल था।

**कई शहरों के लिए सीधी बस सेवा न होने से परेशानी**

उत्तर प्रदेश के कुछ शहरों के लिए कश्मीरी गेट बस अड्डे से सीधी बस सेवा नहीं है। इस वजह से दिवाली पर अपने घर जा रहे लोगों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा। ऊपर पर भीड़ अधिक होने की वजह से भी यात्री परेशान दिखाई दिए। कई मुसाफिर दक्षिणी दिल्ली से कश्मीरी गेट बस अड्डा पहुंच थे, उन्हें आधे घंटे से ज्यादा बसों के लिए इंतजार करना पड़ा। हालांकि, उत्तराखंड के देहरादून और अन्य शहरों में जाने वालों को दिक्कत नहीं हुई। उन्हें अपने शहर के लिए यहां से सीधी बस मिली। वहीं, मूलरूप से अलीगढ़ निवासी सुशील दिल्ली में प्रताप नगर में रहते हैं। उन्हें शनिवार को अलीगढ़ जाना था। मगर जब वह कश्मीरी गेट बस अड्डे पहुंचे तो उन्हें बस के लिए बहुत इंतजार करना पड़ा।

**सीट न मिलने पर खड़े होकर सफर करने की मजबूरी**

मुकरबा चौक पर शनिवार को सुबह 8 बजे से लेकर शाम तक भीड़ नजर आई। यहां पर ज्यादातर लोग पंजाब, हिमाचल प्रदेश व हरियाणा के शहरों में जाने के लिए उमड़े। इस रूट से इन सभी राज्यों के लिए बसें चलती हैं। बसों की आवाजाही लगातार हो रही थी, लेकिन लोगों की भीड़ लगातार बढ़ती जा रही थी। इस कारण कई लोगों को 45 मिनट से ज्यादा समय बसों का इंतजार करना पड़ा। हेमंत सिंह कुरुक्षेत्र के रहने वाले हैं। उन्होंने बताया कि मुझे कुरुक्षेत्र के लिए बस मिल गई, लेकिन सीट न मिलने के कारण खड़े होकर ही सफर करना होगा। परिवहन निगम को त्योहारों के सीजन में व्यस्त रूट पर अधिक बसें चलानी चाहिए। पंचकुला के रहने वाले हर्ष अरोड़ा ने बताया कि मैं दिल्ली में एक बड़े व्यावसायिक कंपनी में मैनेजर हूं। आज दिवाली के लिए घर जा रहा हूं, मगर अधिक भीड़ होने के कारण बसों से जाने में दिक्कत हो रही है। इसी तरह बहुत से लोग अपने गंतव्यों तक जाने के लिए मुकरबा चौक पर लोग लाइन लगाकर बसों का इंतजार करते हुए नजर आए।

**खरीदारी करने के लिए निकले लोग मेट्रो में उमड़े**

कश्मीरी गेट मेट्रो स्टेशन सबसे व्यस्त मेट्रो स्टेशन में एक है। यहां पर रोहिणी, रिठाला और मुंडका से होते हुए लोग फरीदाबाद, गाजियाबाद एवं अन्य जगहों के लिए जाते हैं। शनिवार को इस मेट्रो स्टेशन पर काफी भीड़ नजर आई। रोहिणी सेक्टर-9 निवासी विपिन सचदेवा को सरोजिनी नगर बाजार में खरीदारी के लिए जाना था। वह दोपहर 1 बजे घर से निकले और मेट्रो स्टेशन पर पहुंचे। यहां उन्हें बहुत ही ज्यादा भीड़ का सामना करना पड़ा। स्टेशन पर टोकन लेने वालों की कतारें स्टेशन पर लगी।उन्होंने कहा कि त्योहारों में लोग खरीदारी के लिए निकलते हैं तो बड़े स्टेशनों में काफी भीड़ रहती है। हालांकि, लोगों को नियंत्रित करने के लिए सुरक्षा बल मुस्तैदी से दिखा।

**अंदरूनी सड़कों से लेकर एक्सप्रेसवे पर लगा जाम**

त्योहार की कई दिनों की छुट्टी होने के कारण शनिवार से लोग निजी वाहनों से भी अपने घरों के लिए निकल रहे हैं, जिस कारण दिल्ली की अंदरूनी सड़कों से लेकर एक्सप्रेसवे और नेशनल हाईवे पर भी भारी जाम लगा रहा। दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे से सटी एनएच-9 की लेन पर सराय काले खां से गाजियाबाद तक आने में ही लोगों को एक से डेढ़ घंटे का समय लगा। गाजीपुर से लेकर नोएडा सेक्टर-62 और छिजारसी के सामने भारी जाम रहा। वहीं, दिल्ली-गुरुग्राम नेशनल हाईवे पर भी सुबह से ही जाम लगा रहा।

धौलाकुआं से लेकर गुरुग्राम में इफको चौक तक कई जगहों पर जाम के चलते लोगों को करीब 30 किलोमीटर की दूरी तय करने में करीब डेढ़ घंटे का समय लग गया। इसी तरह से दिल्ली-रोहतक रोड और दिल्ली- अंबाला रोड पर भी सामान्य दिनों से करीब तीन गुना वाहनों का दबाव रहा, जिसके चलते लोगों को दिल्ली से बाहर निकलने में करीब डेढ़ से दो घंटे का समय लग गया।

## अतिरिक्त बसें और ट्रेनों के बावजूद यात्रियों को नहीं मिली राहत, भीड़ ने बढ़ाई परेशानी

नई दिल्ली। दीपावली पर यात्रियों को राहत देने के लिए जहां परिवहन विभाग की ओर से अतिरिक्त बसें चलाई जा रही हैं. वहीं रेलवे ने अतिरिक्त ट्रेनों का भी संचालन किया है. लेकिन भीड़ इतनी है कि यात्रियों को राहत नहीं मिल रही है. बसों के लिए यात्रियों को घंटों इंतजार करना पड़ रहा है. ट्रेनों के जनरल क्लास में सीट के लिए मारामारी चल रही है. मजबूरी में यात्रियों को जनरल टिकट पर जुमार्ना देकर स्लीपर क्लास में सफर करना पड़ रहा है. उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम (यूपीएसआरटीसी) की ओर से आनंद विहार, कश्मीरी गेट और कौशांबी डिपो से उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और अन्य राज्यों के विभिन्न जिलों के लिए बसों का संचालन किया जा रहा है. यूपीएसआरटीसी के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक शिव बालक के मुताबिक 450 से अधिक अतिरिक्त बसों का संचालन दिल्ली के बस अड्डा और कौशांबी डिपो से किया जा रहा है, जिससे यात्रियों को राहत मिल सके और वह आराम से दीपावली पर घर पहुंच सकें. घंटे के इंतजार के बाद मिली बसें : शनिवार दोपहर कौशांबी डिपो पर यात्रियों को खासी भीड़ दिखाई दी. कई यात्रियों ने बताया कि लंबे समय से इंतजार करने के बाद उन्हें गंतव्य जाने के लिए बसें मिलीं. इससे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा. इतना ही नहीं दिल्ली के आनंद विहार और कश्मीरी गेट से चलने वाली बीएस-3 और बीएस-6 बसों को भी कौशांबी बस डिपो से संचालित किया गया. ऐसे में बड़ी संख्या में दिल्ली के यात्रियों को कौशांबी बस डिपो आकर बस पकड़ना पड़ा. ट्रेनों में सीट के लिए मारामारी : यात्रियों को राहत देने के लिए रेलवे की तरफ से डेढ़ सौ से अधिक अतिरिक्त ट्रेनें चलाई गई है. इसके बावजूद भी लोगों को ट्रेनों में कंफर्म टिकट नहीं मिल रही है. मजबूरी में लोगों को जनरल टिकट लेकर सफर करना पड़ रहा है. नई दिल्ली आनंद विहार पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर आलम यह है कि प्लेटफार्म पर भीड़ बहुत ज्यादा बढ़ गई है. यात्रियों की खासी भीड़, नहीं मिल रही है ट्रेनों में सीटजनरल कोच में बैठने और सीट के लिए मारामारी हो रही है. बड़ी संख्या में लोगों को मजबूरी में जनरल टिकट लेकर स्लीपर कोच में जुमार्ना भरकर सफर करना पड़ रहा है. यात्री दुर्गा प्रसाद ने बताया कि वह मूलत सुल्तानपुर के रहने वाले हैं उन्होंने इंटरनेट से टिकट बुक कर रखी थी लेकिन सीट कंफर्म नहीं हुई. शुक्रवार शाम को वह आनंद विहार रेलवे स्टेशन पहुंचे और उन्होंने जनरल टिकट ली. जनरल कोच में सीट के लिए मारामारी थी वह किसी तरह अंदर घुस के लेकिन बाहर निकालने की जगह नहीं थी. उनके मुताबिक कई लोग जनरल टिकट पर स्लीपर कोच में सफर करने के लिए चले गए. शनिवार सुबह वह बड़ी मुश्किल से सफर कर सुलतानपुर पहुंचे.

**फुटओवर ब्रिज पर रही भीड़ :** आनंद विहार और कौशांबी डिपो के बीच मुख्य मार्ग के ऊपर फुटओवर ब्रिज बनाया गया है. जिससे यात्री कौशांबी की तरफ से आनंद विहार रेलवे स्टेशन और बस अड्डे पर आसानी से आ जा सकें. शनिवार दोपहर इस फुटओवर ब्रिज पर यात्रियों की खचाखच भीड़ रही. यात्रियों को चलने में भी असुविधा हुई.

# ट्राईसाईकिल मिलने से खिल उठे दिव्यांग जनों के चेहरे



एनसीआर समाचार

**नई दिल्ली।** ट्राई साइकिलस पा कर खिल उठे दिव्यांगजनों के मुरझाए चेहरे! प्रकाश से जगमगाते महापर्व दीपावली से ठीक पहले धनतेरस त्यौहार के विशेष दिन हरी नगर वार्ड के निगम पार्षद निखिल चपराना ने बदरपुर विधानसभा क्षेत्र में निवास करने वाले लगभग दो दर्जन से अधिक दिव्यांग जनों को जो की वर्षों से सरकारी सुविधाओं से वंचित थे उन्हें उनकी जरूरत के हिसाब से कई मूलभूत सुविधाएं जिनमे ट्राई साइकिल्स, व्हील चेयर' बैसाखी एवं कृत्रिम पैर पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय दिव्यांग संस्थान नई दिल्ली एवं पूर्वांचल विचार मंच के मिले-जुले सहयोग से दिव्यांग लोगों को पूर्ण रूप से निशुल्क वितरित किए गए। दीपावली से कुछ ही दिनों पहले हरी नगर वार्ड में रहने वाले दिव्यांग जनों ने संवाददाता धर्मेंद्र पांडे से बातचीत करते हुए उन्हें यह जानकारी दी कि बीते 25 वर्षों से कई नेता आए और जीतकर चले गए लेकिन किसी ने भी हम लोगों की मूलभूत सुविधा बारे में कभी किसी प्रकार का कोई ऐसा कार्य नहीं किया और नहीं इस तरह का कभी कोई कैंप लगवाया जिसकी कि हम उनकी तारीफ कर सके। निखिल चपराना ऐसे एक लोटे जन प्रतिनिधि हुए हैं जिन्होंने पहली बार हमारी तकलीफों को समझते हुए एक ऐसे कैंप का आयोजन किया जिसका कि हमें वर्षों से इंतजार था, ऐसे अच्छे कार्यों के लिए ईश्वर इन्हें आगे भी ऐसी असीम शक्ति प्रदान करें कि वह हम जैसे दिव्यांग जनों की मदद के लिए हमेशा तत्पर तैयार रहें।

इस विशेष अवसर पर स्थानीय निगम पार्षद निखिल चपराना ने पत्रकारों सहित आम लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि मेरा राजनीति में आने का सिर्फ एक ही मकसद था कि मैं हर तरीके से जितना कि मैं सक्षम हूं क्षेत्रीय जनता की मदद कर सकूं और मेरा कार्यालय हर समय आम जनता के लिए खुला ही रहता है मेरा सिर्फ इतना ही माना और जाना है कि मेरे पास अगर कोई मदद के लिए आता है तो वह खाली हाथ लौट कर नहीं जाना चाहिए।

# लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज में शुरू हुआ क्लिनिकल साइकोलॉजी कोर्स



एनसीआर समाचार

**नई दिल्ली।** लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज (एलएचएमसी) एक प्रतिष्ठित कॉलेज है जो सौ साल से भी अधिक समय से से चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ट शिक्षण, प्रशिक्षण और सेवाएं प्रदान कर रहा है। राष्ट्रीय फोरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय (एनएफएसयू), राष्ट्रीय महत्व का एक संस्थान है, जो देश का पहला और एकमात्र विश्वविद्यालय है जो फोरेंसिक विज्ञान को समर्पित है। एनएफएसयू मानसिक स्वास्थ्य और व्यवहार विज्ञान के क्षेत्र में 2011 सेवाएं प्रदान कर रहा है, 2023-24 सत्र से उन्होंने क्लीनिकल साइकोलॉजी कोर्स प्रारम्भ किया है। इस कोर्स के सुगम सञ्चालन के लिए भारत सरकार के इन दोनों अग्रणी संस्थानों ने साझा पहल की है। 10.11.2023 को लएचएमसी में दोनों संस्थानों ने डॉ. सुभाष गिरी, निदेशक एलएचएमसी, डॉ. शिव प्रसाद, मनोरोग चिकित्सा विभाग एलएचएमसी प्रमुख और डॉ. पूरवी पोखरियाल, निदेशक, एनएफएसयू, दिल्ली के गतिशील नेतृत्व में एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इसके तहत दोनों संसथान के शिक्षक एवं विद्यार्थी इस कोर्स के प्रशिक्षण, एवं अनुसंधान में परस्पर सहयोग करेंगे और साइकाइट्री एवं साइकोलॉजी की एकीकृत सेवाओं से मरीजो को भी उत्कृष्ट सेवाओं का लाभ मिलेगा।

## आतिशी ने मुख्य सचिव के बेटे से जुड़े भ्रष्टाचार मामले में शुरू की जांच, सतर्कता निदेशक को पत्र

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा लाभ पहुंचाने का आरोप लगाते हुए भेजी गई शिकायत के बाद दिल्ली की सतर्कता मंत्री आतिशी ने द्वारका एक्सप्रेसवे पर भूमि अधिग्रहण में मुख्य सचिव नरेश कुमार के बेटे द्वारा 315 करोड़ रुपये के कथित भ्रष्टाचार के आरोपों में जांच शुरू की है। सूत्रों ने बताया कि आतिशी ने मुख्य सचिव नरेश कुमार से जुड़े कथित भ्रष्टाचार के संबंध में सतर्कता निदेशक और मंडलायुक्त को पत्र लिखा है। सूत्रों ने बताया कि द्वारका एक्सप्रेसवे के लिए बामनोली गांव में भूमि अधिग्रहण से संबंधित सभी फाइलें शनिवार शाम 7 बजे तक सतर्कता मंत्री आतिशी को सौंपी जानी हैं। सतर्कता मंत्री ने दोनों विभागों को निर्देश दिया कि कथित भ्रष्टाचार के इस मुद्दे से संबंधित कोई भी फाइल मुख्य सचिव के माध्यम से न दी जाए क्योंकि वह जांच का विषय हैं। शुक्रवार को सीएम ने मामले की गहन जांच के लिए शिकायत सतर्कता मंत्री को भेजी थी।

# दिल्ली नगर निगम के कर्मचारी बिना सैलरी के काली दिवाली मनाने पर मजबूर : राजा इकबाल सिंह



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष राजा इकबाल सिंह ने निगम की आप सरकार पर बड़ा हमला बोलते हुए कहा कि दिल्ली नगर निगम की आम आदमी पार्टी की सरकार ने कर्मचारियों के साथ धोखा किया है. कहा कि जब से निगम में आम आदमी पार्टी की सरकार आई है तब से कर्मचारी परेशान हैं. ना तो उन्हें समय से सैलरी मिल पा रही है और ना ही कोई अन्य प्रकार के एरियर्स का भुगतान हुआ है. नेता प्रतिपक्ष राजा इकबाल सिंह ने कहा कि निगम चुनाव के समय आम आदमी पार्टी ने कर्मचारियों को झूठे वादे और सब्ज बाग दिखाकर सत्ता तो प्राप्त कर ली लेकिन उन वादों को पूरा करने में आम आदमी पार्टी बुरी तरह असफल रही है. उन्होंने कहा कि शनिवार को छोटी दीपावली पर भी निगम कर्मचारी अब तक अपनी सैलरी का इंतजार कर रहे हैं. मात्र 6900 रुपए का भुगतान करके आम आदमी पार्टी वाह वाही लूटने में लगी हुई है. लेकिन बिना सैलरी के निगम कर्मचारी काली दिवाली मनाने के लिए मजबूर हैं. राजा इकबाल सिंह ने कहा कि दिल्ली की मेयर बस चिकनी चुपड़ी बातों से कर्मचारियों को बहकाने में लगी रहती हैं लेकिन उन्हें समझना चाहिए कि सिर्फ बातों से पेट नहीं भरता पेट भरने के लिए पैसे चाहिए होते हैं जो की सैलरी का भुगतान न होने की वजह से निगम कर्मचारियों के पास नहीं है. राजा इकबाल सिंह ने कहा कि पिछले 1 साल में आम आदमी पार्टी के कार्यकाल में एक भी सफाई कर्मचारी को नियमित नहीं किया गया है जबकि अंतिम बार सफाई कर्मचारियों को 2013-14 में भारतीय जनता पार्टी ने ही नियमित किया था. श्री राजा इकबाल सिंह ने कहा कि आप पार्टी पहले से नियमित कर्मचारियों को दोबारा पक्का करने का ढिंढोरा पीट कर अपनी पीठ थपथपा रही है .लेकिन वास्तविकता में उन कर्मचारियों को भाजपा अपने कार्यकाल में पहले ही पक्का कर चुकी थी. श्री राजा इकबाल सिंह ने कहा कि आप पार्टी उन नियमित कर्मचारियों के एरियर का भुगतान भी नहीं कर पाई है और उन्हें भी मात्र 6000 रुपए देकर बहला-फुसला दिया गया है.

## देशी दारु के लाइसेंस नवीनीकरण को ले फूंक-फूंक कर कदम रख रही है सरकार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली में नई आबकारी नीति आनन फानन में लागू कर अपनी फजीहत कराने वाली दिल्ली की सरकार अब आबकारी नाम से ही भय खाने लगी है। और खाए भी क्यों ना, इस नाम नें पूरी सरकार के छक्के जो छुडाये हुए हैं। विभाग के मंत्री से ले संतरी तक लपेटे में आये हुए है। दिल्ली के तथाकथित मालिक भी शक के घेरे में है। खुदा का शुक्र मना रहे होंगें शायद दिवाली कायदे से मन जाए वरना उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और राज्यसभा सांसद संजय सिंह के अगल-बगल कोठरी में कब पहुंच जाए किसी को भी कुछ मालूम नहीं। अलबत्ता महाशय मुंगेरीलाल की तरह प्लानिंग जरुर बना रहे हैं, ईडी ने यदि फंदा कसा और मनीष सिसोदिया तथा संजय सिंह की तरह जेल जाना पड़ा तो क्या जेल से ही सरकार चल सकती है।

# ताला तोड़ कर लोहे का स्क्रैप चोरी करने वाले दो बदमाश गिरफ्तार



**नई दिल्ली, एजेंसी।** चौकी इंद्रलोक और थाना सराय रोहिल्ला की पुलिस टीम ने कारोबारी के यहां ताला तोडकर स्क्रैप चोरी करने वाले दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों में मो. फहीम उर्फ भोमा और अरबाज उर्फ कालू है। पुलिस ने इनके पास से चोरी किए गए स्क्रैप के 3 बैग बरामद कर लिए है। पुलिस पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है। उत्तरी जिला डीसीपी मनोज कुमार मीना ने बताया कि 9 नवम्बर को थाना सराय रोहिल्ला में एक चोरी होने की कॉल मिली थी। जिसमें शिकायतकर्ता आसिफ ने बताया कि शहजादा बाग इंद्रलोक में इमर्शन रॉड असेंबली का काम करता है। उसने पिछली रात अपने परिसर को बंद कर दिया था और सुबह देखा कि ताले टूटे हुऐ थे और लोहे के स्क्रैप से भरे 3 बड़े बैग गायब थे।

पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की सराय रोहिल्ला थानाध्यक्ष शीश पाल और चौकी इंचार्ज इंद्रलोक एसआई सतेंद्र सिंह की देखरेख में एएसआई राजीव कुमार सिपाही मनरूप, विकास, मंजीत की टीम ने अपराधियों की पहचान के लिए घटनास्थल की ओर जाने वाले मार्ग पर लगे सीसीटीवी कैमरों को बारीकी से आरोपियो की पहचान की गई और जखीरा दिल्ली स्थित उनके ठिकानों से गिरफ्तार किया गया है।

## एक नजर

### लीप अहेड पहल का 30 शहरों में होगा विस्तार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सॉफ्टवेर टेक्नोलॉजी पार्क ऑफ इंडिया (एसटीपीआई) और इंडस एंटरपेन्योर (टीआईई) दिल्ली-एनसीआर के संयुक्त अभियान लीप अहेड पहल को 30 शहरों तक ले जाया जाएगा। इसका मकसद देश में टेक स्टार्टअप्स को बढ़ावा देना है।

एसटीपीआई के महानिदेशक अरविन्द कुमार ने कहा है कि यह पहल दो चीजों पर केंद्रित है। वह हैं-मेंटरशिप और सह-निवेश। दिल्ली के अलावा भुवनेश्वर, विजयवाडा और चंडीगढ़ में भी लीप अहेड स्टार्टअप सम्मलेन भविष्य में आयोजित किए जाएंगे। टीआईई दिल्ली-एनसीआर के प्रेसिडेंट अलोक मित्तल ने कहा कि हम तीन माह में 75 कंपनियों की मेंटरिंग करेंगे और उनमें से लगभग 15 के लिए फंड की व्यवस्था करेंगे। इस पहल को 30 से अधिक शहरों तक ले जाया जाएगा। राजधानी में आयोजित लीप अहेड शिखर सम्मलेन में लीप अहेड पहल का शुभारंभ इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सचिव एस. कृष्णन गत दिवस कर चुके हैं। एस. कृष्णन का मानना है कि 'लीप अहेड पहल भारत में उद्यमियों के लिए उपलब्ध अवसरों और संभावनाओं पर जोर देने के मामले में बेहद सामयिक है। शिखर सम्मेलन के दौरान बिल्ड फॉर भारत आईओटी चैलेंज के विजेताओं को सम्मानित किया गया और 20 स्टार्टअप्स को नेक्स्टजेन टेक्नोलॉजी फंड-1 से कुल मिलाकर 6.1 करोड़ का फंड दिया गया।

### प्रदूषण के नाम पर विंटर हॉलिडे का कोई मतलब नहीं : संजय गौड़

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली में प्रदूषण से निपटने में पूरी तरह से नाकाम रही दिल्ली सरकार को आज इन्द्रदेव नें जरुर थोड़ी राहत दी है वरना तो लोगों का दम ही घुट रहा था। यह कहना है बाबरपुर ब्लाक कांग्रेस के अध्यक्ष अधिवक्ता संजय गौड़ का। संजय गौड़ कहते है हर काम में बड़ी बड़ी हांकने वाले मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल को केवल यह चिंता सता रही है यदि उन्हें गिरफ्तार किया गया तो दिल्ली की सत्ता किसे सौंपेगे। संजय गौड़ कहते हैं कि सरकार प्रदूषण जैसे गंभीर विषय पर सर्व दलीय बैठक बुलाये क्यूकी दिल्ली फिर से गैस चैंबर बन गई है और सरकार वायु प्रदूषण से निपटने के लिए स्थायी समाधान न कर केवल तात्कालिक उपाय खोजती है। उन्होंने कहा कि सरकार ने बीएस 4 व बीएस3 गाड़ियो को खुद के दिये परमिट के बावजूद बिना कारण दिल्ली में बैन कर दिया वही पूर्व में विफल ओड इवन नंबर योजना को पुनः लागू कर जनता को ही परेशान करते है लेकिन प्रदूषण में कोई राहत नहीं होती। उन्होंने कहा कि आज सरकार हर योजना में जनता के लिए मुसीबत पैदा करने वाले निर्णय ले रही है परंतु अपनी जिम्मेदारी नहीं निभाती है। संजय गौड़ कहते है सरकार द्वारा आनन फानन में अभी से स्कूलों की सर्दियों की छुट्टी घोषित कर दी है जबकि केजरीवाल सरकार को स्कूलों की पोल्युशन हॉलिडे का नाम देना चाहिए और छात्रों की पढ़ाई प्रभावित होने की जिम्मेदारी इनको लेनी चाहिए। वहीं उन्होंने सरकार से सवाल किया कि जब दिल्ली में भीषण ठंड बढ़ेगी तब यह सरकार बच्चों को स्कूल जाने को मजबूर करेगी।

### दीपावली पर प्रण ले रिश्वतखोरों को जेल पहुंचाएंगे : श्याम सुन्दर अग्रवाल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पूर्व मेयर श्याम सुन्दर अग्रवाल को समाजसेवी मदन लाल गिलोत्रा ने उनके निवास पर जाकर दीपावली की शुभकामनाएं देने के साथ साथ भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई लगातार लड़ने के लिए बहुत बहुत आभार व्यक्त करते हुए कहा आप लगातार भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज को बुलंद करते रहते है आपने बहुत भ्रष्टाचारीयो को पकड़वाकर जेल पहुंचाया है हम भी आपकी इस लड़ाई में आपके साथ है। श्याम सुन्दर अग्रवाल ने कहा हमारे प्रधानमंत्री आदरणीय श्री नरेंद्र मोदी जी ने 15 अगस्त को लाल किले की प्राचीर से देश से भ्रष्टाचार, परिवारवाद, तुष्टिकरण को खत्म करने की बात कही है सभी देशवासियों का फर्ज बनता हैं उनकी इस लड़ाई में साथ दें दीपावली पर प्रण ले कि रिश्वत मांगने वाले भ्रष्टाचारियों को जेल पहुंचाएंगे।

### पटाखा बनाने के दौरान विस्फोट, युवक की मौत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** उत्तर पूर्वी दिल्ली के वेलकम इलाके के एक घर में पटाखों के निर्माण के दौरान विस्फोट हो गया। विस्फोट में एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। घटना शनिवार सुबह की बताई जा रही है। मृतक का नाम हिमांशु (21) है। वह अपने मकान की दूसरी मंजिल पर गंधक और पोटाश नाम के पदार्थ को कूट रहा था। उसी दौरान अचानक जोरदार धमाका हो गया, जिसमें हिमांशु बुरी तरह से झुलस गया।आनन-फानन में उसे अस्पताल पहुंचाया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

उत्तर पूर्वी दिल्ली के डीसीपी डॉ. जॉय तिर्की ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि शनिवार सुबह सूचना मिली कि वेलकम इलाके के एक घर में अचानक विस्फोट हो गया, जिसमें एक शख्स की जान चली गई है। घटनास्थल का दौरा करने पर गंधक और पोटाश मिले हैं। बताया जा रहा है कि हिमांशु एमसीडी में नौकरी करता था। कुछ महीने पहले ही उसके पिता का देहांत हो गया था। जिसके चलते हिमांशु को उसके पिता की जगह (मृतक आश्रित कोटे में) एमसीडी में नौकरी पर लगाया गया था।

### प्रमुख समाजसेवी चरणजीव मल्होत्रा ने दीपावली त्यौहार पर दिए सुझाव

**नई दिल्ली, एजेंसी।** समाजसेवी एवम करोना यौद्धा चरणजीव मल्होत्रा ने दी दीपावली की शुभकामनाएं और उन्होंने कहा कि इस दीपावली पर भगवान की मूर्तियां, चित्र, फोटो, धार्मिक पुस्तके पेड़ के नीचे रखकर या नदी में फेंक कर उनका अपमान करके पाप के भागी ना बने हमें दे दीजिए हम करेंगे उनका विधि विधान से संस्कार सेवा यह सेवा निशुल्क है आप हमें दे दीजिए या हम घर से भी ले जायेगे संपर्क नंबर 9868 107361 फेज रोड करोल बाग दिल्ली मानवता के लिए जीना वह है जो औरों के काम आए अपने लिए तो सभी जीते हैं आप अपने पास पड़ोस में किसी गरीब बेसहारा को इस दीपवाली पर मिठाई खिलाइये तो आपके घर खुद पर खुद दीपावली।

### सीएसयू के केन्द्रीय शोध मण्डल की बैठक संपन्न

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केन्द्रीय शोध मण्डल का उपवेशन कुलपति प्रो श्रीनिवास वरखेड़ी जी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। ज्ञातव्य है कि संस्कृत तथा इससे जुड़ी समन्वित विषयों, भाषाओं तथा शास्त्रों के संबर्धन को लेकर यह एक बहुत ही महत्त्वपूर्ण समिति होती है जिसमें सहकारी अनुसंधान विषयक विमर्श किया जाता है। इसके लिए इस विषय से जुड़े देश के चर्चित विद्वानों को विचार विमर्श के लिए विशेषज्ञों को आमंत्रित किया जाता है। इस बैठक में डॉ. राजेन्द्र टी.के., श्रृंगेरी, कर्नाटक, प्रो. के. रामसुब्रह्मण्यम्, आईआईटी, मुम्बई, प्रो. रामनाथ झा, जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय, दिल्ली, प्रो. महेश देवकर, सावित्री बाई फुले विश्वविद्यालय, पुणे तथा प्रो. राजाराम शुक्ल, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी के अतिरिक्त सीएसयू के सभी अधिष्ठाताओं, परीक्षा नियन्त्रक एवं अन्य मनोनीत सदस्यों को भी आमन्त्रित किया था।

कुलपति प्रो. श्रीनिवास वरखेड़ी ने हर्ष अभिव्यक्त करते कहा कि इस बैठक में शोध के चतुर्दिक उन्नयन हेतु विशेषज्ञों से चर्चा तथा सर्व सहमति से बहुत महत्त्वपूर्ण निर्णय लिये गये हैं।

# छानबे क्षेत्र के ग्राम सभा सिंधुरिया व ग्राम सभा परवा में ग्राम चौपाल सकुशल हुआ सम्पन्न

**सूरज मौर्या**

**उत्तर प्रदेशः** जनपद मीरजापुर के छानबे क्षेत्र के ग्राम सभा सिंधुरिया तथा ग्राम सभा परवा में ग्राम चौपाल सकुशल सम्पन्न हुआ। उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रत्येक माह के प्रत्येक शुक्रवार को दो ग्राम सभा में ग्राम चौपाल लगाने के दिशा निर्देश दिए है। उसी दिशा निर्देश के अनुसार आज शुक्रवार को ग्राम सभा सिंधुरिया तथा ग्राम सभा परवा में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया` सबसे पहले ग्राम सभा सिंधुरिया में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया` जिसमें सबसे पहले समाज कल्याण विभाग के अधिकारी प्रेम शंकर पटेल ने अपने विभाग के सभी योजनाओं के बारे में जानकारी दिया। जिसमें विकलांग पेंशन, विधवा पेंशन, वृधा पेंशन, रास्ट्रीय असहाय पेंशन, सामुहिक विवाह, कंन्या सुमंगला योजना आदि किस प्रकार प्राप्त किया जाता है और किस कारण से किसी का पेंशन रुका हुआ है और उसे पुनः किस प्रकार ठीक किया जा सकता है।






उसके बाद कृषि विभाग के अधिकारी दया राम चौकसे ने अपने विभाग के सभी योजनाओं के बारे में जानकारी दिया। जिसमें कृषि यंत्र, प्रधानमंत्री किसान योजनाओं, किसान फसल वीमा योजनाओं, खाद, बीज, आदि ब्लॉक अस्तर से किस प्रकार प्राप्त किया जाता है `एडीयो यस ई बेद प्रकाश ने शौचालय निर्माण, साफ सफाई रखने, आदि बिंदुओं पर प्रकाश डाला। शिक्षा विभाग, खाद्यान्न विभाग, स्वास्थ्य विभाग, रास्ट्रीय आजिविका मिशन, बाल पोस्टाहार विभाग आदि विभाग के अधिकारी या प्रतिनिधि अपने विभाग की जानकारी दिया।


सिंथुरिया ग्राम सभा के ग्राम चौपाल में आवास, नाली, खरंजा, पेंशन आदि की समस्याएं दिखाई दिए। जिसे समाधान करने का प्रयास किया गया। सिंधु रिया ग्राम चौपाल में ग्राम प्रधान जय देवी, ग्राम विकास अधिकारी राकेश तिवारी, ग्राम पंचायत सहायक प्रदीप कुमार तथा सम्मानित गाँव की जनता उपस्थित रही। उसके बाद ग्राम सभा परवा में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया` जिसमें समाज कल्याण विभाग के अधिकारी प्रेम शंकर पटेल ने अपने विभाग के सभी योजनाओं के बारे में जानकारी दिया। जिसमें विकलांग पेंशन, विधवा पेंशन, वृधा पेंशन आदि। कृषि विभाग के अधिकारी दया राम चौकसे ने किसानों की समस्या का समाधान करने तथा उनसे लाभ लेने के लिए किन नियमों का पालन करना पडेगा, सभी जानकारी दिया गया।

एडिओ यस ई ने शौचालय प्राप्त करने और आवंटित धनराशि के बारे में जानकारी दिया` शिक्षा विभाग, बाल पोस्टाहार विभाग सभी ने अपने विभाग की जानकारी दिया` परवा के ग्राम चौपाल में लोगो ने कहा, कहाँ की सफाई कर्मचारी नहीं आते हैं` परवा ग्राम चौपाल मे ग्राम प्रधान दिनेश कुमार, ग्राम विकास अधिकारी प्रमोद कुमार ,पंचायत सहायता अर्जुन कुमार, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, तथा उनकी सहायक, तथा गाँव की सम्मानित लोग उपस्थित रहे।

## दीपावली के पावन पर्व पर पूर्व से चली आ रही परम्परा निभाई


-रिजर्व पुलिस लाइन में दीपोत्सव मेला का कराया गया भव्य आयोजन

-अतिथियों ने फीता काटकर किया दीपोत्सव मेले का शुभारंभ



**ललितपुर, एजेंसी।** पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के कुशल निर्देशन व देखरेख में दीपावली के पर्व के पावन अवसर पर पूर्व से चली आ रही परम्परा के तहत पुलिस लाइन के परेड ग्राउण्ड परिसर में पुलिस परिवारीजन व आमजन के लिये भव्य दीपोत्सव मेला का आयोजन कराया गया। भव्य दीपोत्सव मेला का शुभारम्भ मुख्य अतिथि राज्यमंत्री मनोहर लाल, सदर विधायक रामरतन कुशवाहा, जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी व पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक द्वारा दीप प्रज्जवलित कर व फीता काटकर किया। दीपोत्सव मेला में पुलिस परिवार व सभी थानों द्वारा थाना क्षेत्र के अलग-अलग प्रसिद्ध सामानों के स्टॉल लगाये गये। जिसमें थाना कोतवाली पुलिस द्वारा पिलखुआ के चादर, बेडसीट, चन्देरी के साड़ी, सूट, थाना जाखलौन द्वारा मिष्ठान का सामान, महिला थाना कोतवाली द्वारा सौन्दर्य प्रसाधन, चूडियां, थाना जखौरा द्वारा पीतल की मूर्ति, मिट्टी के दिये, थाना तालबेहट द्वारा ट्रेक सूट व खेल का सामान, थाना पूराकलां द्वारा इलेक्ट्रॉनिक सामान, थाना बार द्वारा वर्तन का सामान, थाना मदनपुर द्वारा गजक/खील, थाना बानपुर द्वारा सूज(स्पोर्ट, वर्दी सूज), थाना महरौनी द्वारा गर्म कपडे थाना सौजना द्वारा फास्ट फूड, चाट की दुकान, थाना मडावरा द्वारा स्वेटर, जैकिट एवं उलेन के कपडे, थाना गिरार द्वारा मच्छरदारी, थाना पाली द्वारा क्राकरी का सामान, थाना नाराहट मेरठ का गुड, थाना बालाबेहट द्वारा साज-सज्जा का सामान, यातायात पुलिस द्वारा वाहन हेलमेट/क्रिकेट हेलमेट, पुलिस लाइन द्वारा पेड पौधे/वर्दी वस्तुओं का सामान आदि के स्टॉल लगाये गये। मुख्य अतिथि व अन्य सभी महानुभावों द्वारा दीपोत्सव मेले का भ्रमण कर मेले की भव्य सुन्दरता का आनन्द लिया गया तथा सामानों की खरीददारी भी की गयी। जिसमें प्रथम स्थान पर थाना सौजना, द्वितीय स्थान पर थाना कोतवाली ललितपुर व तृतीय स्थान पर महिला थाना का स्टॉल चयनित किया गया तथा सभी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि राज्य मंत्री, सदर विधायक रामरतन कुशवाहा, जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी व पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक, अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार, जेल अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी सदर अभय नारायण राय, क्षेत्राधिकारी महरौनी/लाइन इमरान अहमद, क्षेत्राधिकारी यातायात कमलेश नारायण पाण्डेय, मुख्य अग्निशमन अधिकारी, थाना प्रभारी व अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण व उनके परिवारीजन मौजूद रहे।

## अभिनेता धर्मेन्द्रा से मिले सीएम योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री आवास पर हुई मुलाकात



**लखनऊ, एजेंसी।** बॉलीवुड के स्टार अभिनेता धर्मेन्द्र ने उत्तर प्रदेश के मुख्य मंत्री योगी आदित्यानाथ से मुलाकात की है। धर्मेन्द्रा बड़े जोश के साथ सीएम योगी से मिले और पुराने दोस्तों की तरह एक दूसरे की बाहों में बाहें डाले नजर आए। इस मुलाकात के दौरान दोनों के चेहरों पर खुशी नजर आई। दरअसल, इन दिनों अभिनेता धर्मेन्द्रक लखनऊ में अपनी फिल्म इक्कीस (21) की शूटिंग कर रहे हैं। उन्होंने फिल्म की शूटिंग गुरुवार को शुरू की थी। इस फिल्म की कहानी परमवीर चक्र विजेता सेकंड लेफ्टिनेंट अरुण खेत्रपाल के जीवन से प्रेरित है। निर्देशक और निमार्ता टीम सोमवार को लखनऊ पहुंच गई है। इससे पहले टीम ने चंडीगढ़ में शूटिंग की थी। पूरी टीम चंडीगढ़ से सीधे लखनऊ पहुंची थी। शनिवार को अभिनेता धर्मेन्द्र ने सीएम आवास पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। इस मुलाकात के बाद सीएम योगी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पोस्ट डाली और लिखा, 'प्रख्यात फिल्म अभिनेता श्री धर्मेंद्र जी से लखनऊ स्थित सरकारी आवास पर शिष्टाचार भेंट हुई।' इस मुलाकात की तस्वीमरें सामने आने के बाद यूजर्स तरह तरह के कमेंट कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश की रामनगरी अयोध्या में दीपावली पर आज यानी 11 नवंबर को भव्य और दिव्य दीपोत्सव का आयोजन होगा। इस बार 51 घाटों पर 24 लाख दीये जलाकर पर्यटन विभाग विश्व रिकॉर्ड बनाने की तैयारी कर रहा है। दीपोत्सव के दिन प्रातः 9 बजे से वालंटियर्स द्वारा 51 घाटों पर 24 लाख से अधिक दीयों में तेल डालने, बाती लगाने के साथ देर शाम तक काम किया जाएगा इसके बाद शासन द्वारा नियत समय पर दीये प्रज्वलित किये जायेंगे। इसी के साथ प्रशासन ने एक नया प्रयास भी किया है, जिसके जरिए लोग घर बैठे भी दीपोत्सव में अपना दीया जलवाकर इसका हिस्सा बन सकते है।

## भदोही में 15 लाख से अधिक कीमत के अवैध पटाखों समेत दो गिरफ्तार

**भदोही, एजेंसी।** जिले के गोपीगंज थाना क्षेत्र के एक मकान में बने गोदाम पर पुलिस ने छापा मारकर अवैध रूप से पटाखों का भंडारण करने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार करने के साथ 15 लाख रुपये से अधिक मूल्य के पटाखे बरामद किये हैं। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी।

गोपीगंज थाना प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि शुक्रवार और शनिवार की दरमियानी रात को सोनखरी में एक मकान पर पुलिस ने छापा मारा तो संतोष यादव और अंकुर बरनवाल घर की छत से कूदकर भागने लगे, जिन्हें पुलिसकर्मियों ने घेरकर पकड़ लिया।

श्रीवास्तव ने बताया कि पूछताछ के बाद खोजीबन के दौरान मकान में बने एक बड़े गोदाम से पेटियों और बोरों में रखे गये अत्यंत खतरनाक किस्म के अवैध पटाखे बरामद किये गये जिन्हें एक ट्रक के जरिये पुलिस थाना ले आया गया।

## अखिलेश यादव ने मनाया 'खजांची' का जन्मदिन, भाजपा पर साधा निशाना



**लखनऊ, एजेंसी।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शनिवार को खजांची का जन्मदिन मनाया। दरअसल, खजांची का जन्म नोटबंदी की लाइन में हुआ था, तब से अखिलेश यादव ने बच्चे का नाम खजांची रखा था। तब से लेकर अभी तक सपा प्रमुख खजांची का ख्याल रखते आ रहे हैं। अखिलेश यादव ने ही खजांची की पढ़ाई का जिम्मा भी लिया है। इसी कड़ी में समाजवादी पार्टी कार्यालय में अखिलेश यादव की मौजूदगी में खजांची का जन्मदिन मनाया गया। इस दौरान खजांची की मां भी मौजूद रही। बता दें कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव 'खजांची' की पढ़ाई-लिखाई का पूरा खर्च उठा रहे हैं। इस बीच उन्होंने लखनऊ के पार्टी कार्यालय में उसका जन्मदिन भी बड़ी धूमधाम से मनाया। इसके अलावा अखिलेश यादव खजांची के पैदा होने के बाद से ही उसके परिवार के संपर्क में हैं। यहां तक की समाजवादी पार्टी अक्सर खजांची का जन्मदिन भी मनाती आ रही है। इस मौके पर मीडिया से मुखातिब अखिलेश ने नोटबंदी और अग्निवीर योजना को लेकर बीजेपी सरकार पर जमकर हमला बोला। अखिलेश ने कहा कि सरकार ने नोटबंदी के जरिए गरीबों का धन, अमीरों की तिजोरी में भर दिया। अखिलेश ने अग्निवीर योजना को लेकर बीजेपी को घेरते हुए कहा कि सत्तार में आने पर अग्निवीर भर्ती योजना को खत्मश किया जाएगा।

सपा, 2024 के घोषणा पत्र में इसे शामिल करेगी। खजांची के सातवें जन्म दिन पर अखिलेश यादव ने पार्टी कार्यालय पर केक मंगाया। यहीं उसका जन्मेदिन सेलीब्रेट किया गया।


## प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की वीरांगना काशी की बेटी मनु याद की गई, जयंती पर विविध कार्यक्रम

### आज भारत विश्व के सभी क्षेत्र में आगे:डॉक्टर शरद रेणु




**वाराणसी, एजेंसी।** देश के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की वीरांगना काशी की बेटी महारानी लक्ष्मीबाई (मनु) को उनके 188वीं जयंती पर शिद्दत से याद किया गया। शनिवार को विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने वीरांगना बेटी की जन्मस्थली भदैनी (अस्सी) स्मारक स्थल पर जाकर उनके विशाल प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित किया। राष्ट्र सेविका समिति (आरएसएस की महिला इकाई) काशी प्रांत और महारानी लक्ष्मीबाई सेवा न्यास की सदस्यों ने स्मारक स्थल पहुंच कर वीरांगना बेटी के शौर्य को नमन कर उनकी मूर्ति पर श्रद्धासुमन अर्पित किया। इसके बाद अस्सी स्थित गोयनका संस्कृत महाविद्यालय में दीप प्रज्जवलन, एकल गीत से सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरूआत हुई। कार्यक्रम में विद्यालय और राष्ट्र सेविका समिति की तीन शाखाओं की कार्यकताओं ने भागीदारी की। न्यास के महामंत्री अधिवक्ता राजेन्द्र प्रताप पांडेय ने वीरागंना मनु के संघर्ष और शौर्य को बताया। कार्यक्रम में पाणिनि महाविद्यालय की छात्राओं ने भाला, लेजियम, तलवार के प्रदर्शन से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। महारानी लक्ष्मीबाई बनी निजी विद्यालय की छात्रा सुहानी आकर्षण का केन्द्र बनी रही। छात्रा अनन्या राय ने राष्ट्र भक्ति गीत 'बुंदेले हरबोलों के मुँह हमने सुनी कहानी थी' पर समूह नृत्य की अगुवाई की। समारोह में राष्ट्र सेविका समिति की राष्ट्रीय बौद्धिक प्रमुख डॉक्टर शरद रेणु ने महारानी के विशाल व्यक्तित्व का उल्लेख करते हुए कहा कि आज का दिन महिला सशक्तीकरण के नाम से जाना जाता है। वीरांगना बेटी की जयंती मनाने के लिए हिंदी तिथि को काशी ने चुना, आज का दिन नारी के अंदर के तेज को प्रकट करने का है। माता अन्नपूर्णा की नगरी में जन्मी मनु ने 'मैं अपनी झांसी नही दूँगी' का मंत्र दिया, अर्थात मैं अपने भारत की मिट्टी का एक कण भी नही दूँगी। उन्होंने कहा कि भारत का हर बच्चा अखण्ड भारत की ही कल्पना करता है, भले ही भौगोलिक रूप से वह हमारा नहीं है। हम सभी को उन भूखंडों को मातृत्व की भावना से अपने अखण्ड भारत को याद करना चाहिए। हमें गूगल से उसी अखण्ड भारत को देख रोज याद करना चाहिए ताकि पुनः उसी अखण्ड भारत को प्राप्त कर सकें। आज भारत विश्व के सभी क्षेत्र में आगे है। भारत की माताएं त्याग, प्रेम व समर्पण के भाव से तेज स्फुरित करती हैं। उन्होंने कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या में जिस श्री राम के भव्य मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होगी। श्री राम माता सीता सहित वनवास में जिस मिट्टी की रोज पूजा करते थे, वह अपनी जन्म भूमि भारत की मिट्टी थी।

## नोटबंदी दुनिया का सबसे बड़ा भ्रष्टाचार: अखिलेश




**लखनऊ, एजेंसी।** समाज वादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर तीखा प्रहार करते हुये कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार की गलत नीतियों के चलते देश और प्रदेश की जनता त्रस्त है। उन्होंने कहा कि केन्द्र और प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों, मंत्रियों ने सबसे अधिक जमीनें खरीदी हैं। सबसे अधिक रजिस्ट्रियां भाजपा के लोगों ने ही कराई हैं। दुनिया का सबसे बड़ा घोटाला हुआ नोटबंदी के दौरान हुआ था। उत्तर प्रदेश के विधान सभा चुनाव को जीतना था इसलिए भी नोटबंदी का फैसला लिया गया था। आंकड़े बता रहे हैं कि 33 लाख करोड़ रुपए अभी मार्केट में है, जो कैश ट्रांजैक्शन चल रहा है। जहां 18 पर्सेंट जीएसटी है वहां तो जरूर लेनदेन कैश से ही हो रहा है। दिवाली को लेकर सपा सुप्रीमो शनिवार को पार्टी मुख्यालय पर प्रेसवार्ता कर प्रदेशवासियों को दीपावली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं देकर मंगलकामनाएं की। अखिलेश ने कहा कि भाजपा सरकार में गरीबों की जेब से पैसा सीधे तौर पर लूटकर अमीरों को लाभ पहुंचाया जा रहा है।

इसलिए देश में 15 लाख करोड़ कॉर्पोरेट लॉस के लिए नोटबंदी की गई। भारतीय जनता पार्टी की सरकार किसानों, गरीबों, लााखों बेरोजगारों के साथ रोजागार, विकास करने और महंगाई कम करने के नाम पर महज छलावा कर रही है। उन्होंने आगे कहा कि हर साल सपा खजांची का बर्थडे मनाती हैं।

इस बार अन्य राज्यों में चुनाव के व्यस्तता के चलते तारीख इधर-उधर हुई। खजांची के साथ समाजवादी पार्टी हरदम खड़ी रही है। अखिलेश यादव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने लोगों को डिजिटल का सपना दिखाया था लेकिन वह सपना अभी जमीनी हकीकत में बदलने में कोसों दूर है।

आपको बता दें कि खजांची एक बच्चे का नाम है जो कि नोटबंदी के दौरान पैदा हुआ था। उस दौरान उसकी मां बैंक की लाइन में लगी थीं तभी उनको प्रसव पीड़ा पैदा हुई और उन्होंने बच्चे को जन्म दिया।

## जौनपुर में मनाई गई मौलाना अबुल कलाम आजाद की 135 वीं जयंती




**जौनपुर, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश में जौनपुर जिले के सरांवा गाव में स्थित शहीद लाल बहादुर गुप्त स्मारक पर हिन्दुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकंन आर्मी व लक्ष्मीबाई ब्रिगेड के कार्यकताओं ने आजाद भारत के प्रथम शिक्षामंत्री, महान स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी, लेखक एवं पत्रकार भारतरत्न मौलाना अबुल कलाम आजाद की आज 135वीं जयंती मनाई। इस अवसर पर कार्यकताओं ने शहीद स्मारक मोमबत्ती ० अगरबत्ती जला कर उन्हें अपनी श्रंद्धाजलि दी।

शहीद स्मारक पर मौजूद लोगो को संबोधित करते हुए लक्ष्मी बाई ब्रिगेड की अध्यक्ष मंजीत कौर ने कहा कि मौलाना अबुल कलाम आजाद का जन्म 11 नवम्बर 1888 को हुआ था। उन्होंने स्वतंत्रता आंदोलन में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया था। वे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पंडित जवाहर लाल नेहरू के बहुत करीबी थे। उन्होंने कहा कि देश आजाद होने पर उन्हें देश का प्रथम शिक्षामंत्री बनाया गया।

श्री आजाद ने शिक्षा के लिए बहुत काम किया, इसलिए उन्हें आधुनिक शिक्षा का निमार्ता और शिल्पी भी कहा जाता है। सुश्री कौर ने कहा कि उनके कार्य ० विचार आज भी युवको के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। देश आजाद होने पर उन्हें भारतरत्न जैसे महत्वपूर्ण सम्मान से नवाजा गया। इस अवसर पर डॉक्टर धरम सिंह, अनिरुद्ध सिंह, मैनेजर पांडेय, मंजीत कौर सहित अनेक लोग मौजूद रहे।


## एक नजर

### पुलिस ने मुठभेड़ में दो शातिर बदमाशों को किया गिरफ्तार



उत्तर प्रदेशः सर्विस लांस टीम एवं थाना कोतवाली उरई पुलिस द्वारा शहर में दीपावली त्यौहार के दृष्टिगत फर्जी एसओजी /एसटीएफ के पुलिस अधिकारी बन कर लूट करने के उद्देश से एवं जनपद औरैया से वांछित शातिर लुटेरे ग्राम जगम्मपुर थाना रामपुरा निवासी जितेन्द्र परीहार उर्फ शैलेन्द एसटीएफ पुत्र प्रताप वा गजेंद्र पुत्र नाथू राम अपने अन्य साथी के साथ पुलिस मुठभेड़ के दौरान गोली लगने से घायल होने पर गिरफ्तार किया। अभियुक्तों के पास से अवैध अस लहा जिंदा व खोखा कारतूस, पुलिस की वर्दी जूते, बाइक आदि सामान बरामद किया। अपर पुलिस अधीक्षक असीम चौधरी द्वारा पत्रकारों को बाइट देते हुए जानकारी दी गई।

### झोला छाप डाक्टर खुलेआम बिना डिग्री के कर रहे इलाज



**बचेलाल, उत्तर प्रदेशः** मल्लावां में बिना किसी डिग्री के अपनी मनमानी से झोलाछाप डॉक्टर इलाज कर रहे हैं और चंद पैसों के लिए लोगों की जान के साथ में खुलेआम खिलवाड़ किया जा रहा है। ऐसे ही झोलाछाप डाक्टर की वजह से न जाने कितने लोगों को अपनी जान भी गवानी पड़ जाती है। ऐसे ही आज एक मामला सामने आया है।

कोडरमऊ अलियापुर से झोलाछाप डॉक्टर सुधीर कुमार को इलाज करते हुए एंटी करप्शन क्राइम कंट्रोल फोर्स ने मौके पर जाकर झोलाछाप डॉक्टर सुधीर कुमार को दबोच लिया। झोलाछाप डॉक्टर सुधीर कुमार से वातार्लाप करते समय जब पूछताछ की गई तो उसने गलत तरीके से गाली भरे शब्दों का प्रयोग करते हुए कहा कि, इनके जैसे रोज हजारों की संख्या में हमारे यहाँ पर इलाज कराने के लिए भारी संख्या में आते जाते रहते हैं। ऐसे झोलाछाप डॉक्टर के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई भी सुनिश्चित होनी चाहिए।

### अवैध सुतली बम के साथ गिरफ्तारी



**दीपक कौशल, उत्तर प्रदेशः** शुक्रवार को थाना तरबगंज के पकड़ी बाजार मे पुलिस विभाग की टीम ने अवैध बारूद युक्त सुतली बम, गोले, पटाखे बरामद किये। एक व्यक्ति गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त जहरुद्दीन पर मुकदमा पंजीकृत करके विधिक कार्यवाही के लिए भेज दिया गया। 9 बोरा अवैध रूप से बारूद युक्त सामान बरामद किया गया।

### दिवाली के पावन पर्व पर बाजारों में लगी भीड़, लोगों में खुशी का माहौल



**उत्तर प्रदेशः** गोहन क्षेत्र के कस्बा ईंटों में दिवाली के पावन पर्व पर लोगो के चेहरे खिले नजर आए।

वही ईंटों कस्बा में लोगो की भीड़ देखने को मिली।जिस में लोगो के चेहरे पर खुशी ही खुशी दिख रही है। आपको बता दे की ईंटों बाजार में बहुत से गांव के लोग बाजार आते हैं।

### कुशीनगर के हाटा में ट्रक की चपेट से स्कूटी सवार महिला की मौत



**विवेकानंद, उत्तर प्रदेशः** कुशीनगर हाटा नगर के केन यूनियन तिराहे के हाइवे पर बने कट पार कर रही स्कूटी सवार महिला की ट्रक के चपेट में आने से घटना स्थल पर ही मौत हो गयी। घटना की जानकारी होने पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव व ट्रक को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई में जुट गई। शुक्रवार को हाटा नगर पालिका के वार्ड नम्बर 18 हनुमान नगर गोपालपुर बिरैचा निवासी सोनी देवी पत्नी विष्णु प्रताप सिंह अपने घर से स्कूटी से हाटा कस्बे में किसी काम से आ रही थी।

सोनी देवी अपनी स्कूटी हाटा नगर के न यूनियन चौराहे के हाईवे पर बने कट पर कर रही थी कि उसी दौरान कसया से गोरखपुर की तरफ जा रही तेज रफ्तार ट्रक एचआर 46 एफ 2711 ने स्कूटी सवार महिला को ठोकर मार दी। घटना में स्कूटी सवार महिला की मौके पर मौत हो गयी। घटना जानकारी होने पर मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव व ट्रक को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई में जुट गई।

### सड़क हादसे में दो लोगों की मौत

**सहारनपुर, एजेंसी।** सहारनपुर जिले में थाना मिजार्पुर इलाके में सड़क हादसे में एक बुजुर्ग व्यक्ति सहित दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सागर जैन ने बताया कि हादसा शुक्रवार शाम मिजार्पुर थाने के अन्तर्गत हुआ। उन्होंने बताया कि खुशहालपुर गांव निवासी अब्दुल रहमान (60) सहारनपुर जाने के लिए सड़क किनारे बस की प्रतीक्षा कर रहे थे, तभी तेज रफ्तार से आ रही एक मोटरसाइकिल ने अब्दुल रहमान को टक्कर मार दी जिससे वह सड़क पर गिर गए और मौके पर ही उनकी मौत हो गई।

# राजस्थान: डॉ अल्लामा इकबाल की योमे पैदाइश पर प्रोग्राम की गई आयोजित

**हाजी नवाज खान**


राजस्थानः बीते दिन 9 नवंबर अजमेर मुस्लिम एजुकेशनल वेलफेयर सोसाइटी के सदस्य आरिफ हुसैन ने बताया कि, अलमी योमें उर्दू के मौके पर आज उस्मानिया ख्वाजा पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल मैं खास प्रोग्राम उर्दू पर रखा गया। प्रोग्राम का आगाज तिलावत ए कुरान से हुआ। इसके बाद इल्म की शमा रोशन की गई। आए हुए मेहमानों का इस्तकबाल अजमेर मुस्लिम एजुकेशनल वेलफेयर एसोसिएशन के सदस्यों द्वारा किया गया। इस मौके पर आज के खुसूसी मेहमान नसीराबाद राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर काईदअली ने आलमी योमी योमें उर्दू और उर्दू शायर डॉ अल्लामा इकबाल की योमें में पैदाइश पर बोलते हुए कहा कि उर्दू हिंदुस्तान में पली बड़ी है। यह एक मजहब की न होकर सभी मजहब की जबान है और बोलचाल की भाषा में उर्दू जबान का इस्तेमाल करना चाहिए।



Urdu shayar tadik farookhabadi ने अपने शायराना अंदाज में मुझे फिर वही दिन याद आने लगे जिन्हें भूलने में जमाना लगे उनकी शायरी को सभी ने खूब तारीफ की और वहा वहा लूटी। पत्रकार आरिफ कुरैशी ने डॉ अल्लामा इकबाल के जन्मदिन पर बोलते हुए राम के बारे में लिखी पंक्ति "हे राम के वजूद पर हिंदुस्तान को नाज ऐहले नजर समझते हैं ईमाम हिंद' बैठे हुए सभी गणमानियों ने और विद्यार्थियों ने खूब तालियां बजाकर पंक्ति का स्वागत किया। उस्मानिया ख्वाजा पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने डॉक्टर अल्लामा इकबाल का लिखा तराना सारे 'जहां से अच्छा हिंदुस्तान हमारा' पढ़ कर सुनाया और खूब तालियां बटोरी।

उस्मानिया ख्वाजा पब्लिक स्कूल के सेक्रेटरी सैयद मुनव्वर अली चिश्ती ने विद्यार्थियों को और वहां प्रोग्राम में शिरकत करने वालों को ज्यादा से ज्यादा उर्दू जबान जो तहजीब की निशानी है बोलने के लिए कहा, स्कूल के सदर सैयद कलीमुद्दीन चिश्ती ने कहा कि, ऐसे प्रोग्राम करते रहना चाहिए जिससे लोगों में उर्दू की जागृति पैदा हो। इसके अतिरिक्त प्रोग्राम के अंदर हाजी चांद खान, मुफ्ती इकबाल वारसी, जावेद खान, मौलाना उमर अजीजी, डॉक्टर नवाजउल हक, अंजुमन सैयद जादगान, के सदस्य सैयद गफ्फार काजमी, सैयद जौहर बाबा चिश्ती और अजमेर मुस्लिम एजुकेशनल वेलफेयर सोसाइटी के सदस्य, आरिफ हुसैन, अकरम सिद्दीकी, यासीन खान, सिलावट मोहम्म असलम खंडेला इफ्तेखार सिद्दीकी तौफीक अली मोहम्मद आजाद हफीज खान सदर मोहसिन खान खुर्शीद अहमद एडवोकेट शफाकतउल्लाह सुल्तानी साहिल हुसैन प्रोग्राम का संचालन एतेजाद ने किया।

# जय कोटक ने की पूर्व मिस इंडिया अदिति आर्या से शादी





**इमरानः** मशहूर बैंकर उदय कोटक के बेटे जय कोटक ने 7 नवंबर को 2015 में मिस इंडिया की विजयी अदिति आर्य के साथ शादी कर ली हैं। विवाह मुंबई में जियो कन्वेंशन सेंटर में आयोजन हुआ था । सेरेमनी के पश्चात, जय कोटक विवाह समारोहों से एक खूबसूरत पल साझा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर की।

इमरानः मशहूर बैंकर उदय कोटक के बेटे जय कोटक ने 7 नवंबर को 2015 में मिस इंडिया की विजयी अदिति आर्य के साथ शादी कर ली हैं। विवाह मुंबई में जियो कन्वेंशन सेंटर में आयोजन हुआ था । सेरेमनी के पश्चात, जय कोटक विवाह समारोहों से एक खूबसूरत पल साझा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर की। साझा किए गए पोस्ट पर जय कोटक ने लिखा "07.11.2023 जय और अदिति ।" साथ ही उन्होंने एक फोटो भी साझा की। जय ने हाथीदांत रंग की शेरवानी पहन रखा हैं, जबकि अदिति आर्या ने क्लासिक लाल लहंगा पहन रखा है। यह जोड़ा भी अपने अच्छे दिन के लिए मुस्कुरा रहा है।

यह फोटो 9 नवंबर को पोस्ट की गई थी। शेयर किए जाने के पश्चात से इसने सोशल मीडिया पर तेजी से लोगों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। तस्वीर को 6 लाख से अधिक बार देखा जा चुका है और तकरीबन 8 हजार लाइक्स मिल चुके हैं। कई लोगों ने पोस्ट के कमैंट्स भाग में नव विवाहित जोड़े को बधाई दी।

आरपीजी समूह के चेयरपर्सन हर्ष गोयनका ने भी अपनी शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा, "एक प्यारी जोड़ी। हमें बेहतरीन समारोहों का हिस्सा बनाने के लिए थैंक्स, तथा उन्होंने आशीर्वाद भी दिया "खुश रहें!"

# पाकिस्तान में लश्कर के प्रमुख आतंकवादी की गोली मारकर हत्या

**कृतिका कुमारी**

नई दिल्लीः मिली सूचनाओं के अनुसार, अज्ञात बाइक सवार लोगों ने पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के कमांडर अकरम खान गाजी की गोली मार कर हत्या कर दी। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तानी एजेंसियां गाजी की हत्या की जांच के लिए स्थानीय प्रतिद्वंद्वियों के साथ-साथ लश्कर के भीतर की लड़ाई की भी जांच कर रही हैं। कथित तौर पर गाजी लश्कर के केंद्रीय भर्ती सेल का एक प्रमुख सदस्य था और साथ ही आतंकवादियों को कट्टरपंथी बनाने के लिए जिम्मेदार था, जिन्होंने कश्मीर घाटी में घुसपैठ की थी।



एक रिपोर्ट बताती के अनुसार पाकिस्तानी जासूसी एजेंसी आईएसआई गाजी की हत्या को कम करने की कोशिश कर रही है, जो भारत के विरुद्ध नफरत भरी टिप्पणियों के लिए जाना जाता है। हाल के दिनों में गाजी की हत्या, लश्कर के किसी शीर्ष आतंकवादी की तीसरी हत्या है और इस साल सीमा पार से सक्रिय आतंकवादी संगठन के शीर्ष कमांडर की छठी हत्या है। 2018 आतंकी हमले के मास्टरमाइंड ख्वाजा शाहिद को पाकिस्तान में नियंत्रण रेखा के नजदीक कटे हुए सिर के साथ पाया गया।

एक रियाज अहमद उर्फ अबू कासिम (जो धांगरी आतंकी हमले के मुख्य साजिशकताओं में से एक था) की सितंबर में पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में एक मस्जिद के अंदर अज्ञात बंदूकधारियों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। 1999 में मूल रूप से जम्मू क्षेत्र का रहने वाला अहमद सीमा पार घुसपैठ कर गया था। उसे पुंछ और राजौरी के सीमावर्ती जिलों में आतंकवाद के पुनरुद्धार के पीछे का दिमाग माना जाता था। वह ज्यादातर मुरीदके में लश्कर-ए-तैयबा बेस कैंप से काम करता था, लेकिन हाल ही में रावलकोट में स्थानांतरित हो गया था।

# धामणगाव रेल्वे स्कूल ऑफ स्कॉलर्स नें मनाई प्रश्नचिन्ह आश्रम स्कूल के छात्रों के साथ दीवाली

**सचिन अशोकराव मून**

**मुंबईः** अमरावती धामणगाव रेल्वे स्कूल ऑफ स्कॉलर्स नें प्रश्नचिन्ह आश्रम स्कूल के छात्रों के साथ दीवाली मनाई' छात्रो के चेहरे पर मुस्कुराहट लाने का अनोखा प्रयास श्री दत्ताजी मेघे बाल कल्याण शिक्षण संस्था द्वारा संचालित स्कूल ऑफ स्कॉलर्स नें "मानवता के लिए एक मददगार हाथ" इस उपक्रम के अंतर्गत मंगरूळ चव्हाळा स्थित प्रश्नचिन्ह आश्रम स्कूल के छात्रों के साथ दीवाली मनाई।



स्कूल की प्राचार्या के साई नीरजा, डमिन कौन्सिलर श्वेता धोटे, शिक्षिका सुप्रिया धोपटे, क्रीडा शिक्षिका मुस्कान कांबले, प्रशासकीय अधिकारी सूरज घोड़ेला, यश राउत, गजुभाऊ चौधरी, धीरज भाऊ चौधरी, विजु भाऊ बुगल, संजू भाऊ मगरदे, भरत भाऊ कागडे, संगीता गावंडे, सीमा वायचोळ तबस्सुम पठान ताई स्कूल की और से मंगरूल चव्हाला स्तिथ प्रश्नचिन्ह आश्रम स्कूल जाकर वंहा के छात्रों को मिठाई, खिलोने तथा कपडे और उपहार देकर उनके चेहरे पर मुस्कान लाने का तथा उनकी दिवाली को अच्छा बनाने का एक नेक प्रयास किया।

स्कुल की ओरसे तथा पालक वर्ग की ओर से प्राप्त कपड़ो तथा जरुरत के सामान को पहुँचाने का कार्य किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य के साई नीरजा ?डमिन कौन्सिलर श्वेता धोटे, प्रशासकीय अधिकारी सूरज घोड़ेला, और सभी शिक्षकगण और शिक्षकेतर कर्मचारी ने किया।

# तेजधार हथियार से रोड़ी मंडी में सरेआम युवक की हत्या

**इंद्रजीत**

**हरियाणाः** आज 10 नवंबर गांव रोड़ी की अनाज मंडी में हथियारों से लेस होकर आए करीब आधा दर्जन युवको ने तेज धार हथियार से एक युवक पर ताबड तोड़ हमला कर हत्या कर दी। हत्या के कारणो का अभी पता नहीं चल पाया है।

फिलहाल रोड़ी थाना पुलिस ने मृतक के प्रिय जनों के बयानों के आधार पर दो युवकों को नामजद करते हुए 6 के खिलाफ हत्या के आरोप में केस दर्ज किया है। पुलिस को दिए बयानों में मृतक के प्रियजनों ने उनका बेटा पाल सिंह गांव की ही मंडी में धान की झार खरीदने का काम करता है।

उन्होंने बताया वह सांय को मंडी में काम कर रहा था। इसी दौरान करीब आधा दर्जन युवक हथियारों से लेस हो कर आए और आते ही पाल सिंह पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। अचानक हुई इस घटनाक्रम में रोड़ी मंडी में हुड़दंग मच गया। आरोपी हमला कर के भाग गए। आसपास के लोगों ने पुलिस को घटना की सूचना देकर घायल पाल सिंह को अस्पताल में पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मौके पर आकर घटनास्थल का जायजा लिया। आगामी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। रोड़ी मंडी में डर का माहौल बना हुआ है।

# दीपावली 2023: धनतेरस से भाई दूज तक, 5 दिनों के त्यौहार की पूरी जानकारी

**कृतिका कुमारी**

**नई दिल्लीः** "दीपावली" भगवान का सबसे बड़ा त्योहार है। हिंदू चंद्र कैलेंडर के मुताबिक यह कार्तिक माह का 15वां दिन, वर्ष की सबसे अंधेरी रात मनाई जाती है। इस, रोशनी का त्योहार पूरे भारत में रविवार, 12 नवंबर को बड़े उत्सव और उत्साह के साथ मनाया जायेगा। यह त्यौहार अंधेरे पर प्रकाश और बुराई पर विजय का जश्न मनाती है। मान्यता है कि इस दिन भगवान राम, माता सीता और उनके भाई लक्ष्मण अपना 14 वर्ष का वनवास और लंका के राजा रावण पर विजय के बाद अयोध्या लौटे थे।

पांच दिव्य त्योहार भारत में प्रकाश, समृद्धि और सांस्कृतिक महत्व का उत्सव है। इसमें धनतेरस, नरक चतुर्दशी, गोवर्धन पूजा और भाई दूज शामिल हैं। प्रत्येक दिन के अपने अनुष्ठान और परंपराएं होती हैं, जो एकता, प्रेम और ब्लैकआउट पर प्रकाश की विजय पर जोर देती हैं।





पहला दिन 1: धनतेरस 10 नवंबर

धनतेरस उत्सव की शुरूआत का प्रतीक है। इस दिन देवी लक्ष्मी और भगवान कुबेर की पूजा की जाती है। और सभी अपने जीवन में धन और समृद्धि की कामना करते हैं। द्रिक पंचांग के मुताबिक, 10 नवंबर को धनतेरस पूजा उत्सव शाम 5:47 बजे शुरू होगी और शाम 7:43 बजे समाप्त होगी।

दूसरा दिन 2: नरक चतुर्दशी 11 नवंबर

दूसरे दिन छोटी या नरक चतुर्दशी मनाई जाती है। यह राक्षस हेलासुर के विरूद्ध भगवान कृष्ण की जीत का सम्मान करता है। अभ्यंग स्नान त्यौहार 11 नवंबर को सुबह 05:28 बजे शुरू होगा और 12 नवंबर को सुबह 06:41 बजे समाप्त होगा। प्रदोष काल के समय, जो शाम 05:29 बजे शुरू होता है और 08:07 बजे समाप्त होता है, दीप जलाया जाता है।

तीसरा दिन 3: दीपावली 12 नवंबर

तीसरा दिन मुख्य त्योहार है, जिसे बड़े उत्साह के साथ मनाया जाता है। इस दिन लोग अपने घर को मिट्टी के दीयों, रंग-बिरंगी रंगोली और रोशनी से सजाते हैं। लक्ष्मी पूजा पारंपरिक रूप से शाम को शुभ प्रदोष काल के दौरान होती है, जो कि पंचांग के अनुसार शाम 05:46 बजे से रात 08:22 बजे तक शुरू होती है।

चौथा दिन 4: गोवर्धन पूजा 13 नवंबर

एक दिन बाद, भारतीय गोवर्धन पूजा मनाई जाती है, जो भगवान कृष्ण की पूजा के लिए समर्पित है। ऐसा कहा जाता है कि भगवान कृष्ण ने "गोवर्धन" नामक पर्वत पर निवास किया था और मथुरा के लोगों को भगवान इंद्र से बुलाया था। द्रिक पंचांग के अनुसार, गोवर्धन पूजा महोत्सव प्रातः 06:46 बजे से प्रारम्भ होकर प्रातः 08:58 बजे तक है।

पांचवा दिन 5: भाई दूज 14 नवंबर

आखिरी दिन को भाई दूज या भैया दूज के नाम से जाना जाता है। और यह भाई और बहनो के बीच अनोखे रिश्ते का सम्मान करता है। पंचांग की रिपोर्ट है कि पवित्र भाई दूज अपराहन का समय मंगलवार, 14 नवंबर को दोपहर 01:10 बजे शुरू होगा और दोपहर 03:19 बजे समाप्त होगा, कुल दो घंटे और नौ मिनट के लिए। इसके अलावा द्वितीया दिनांक 14 नवंबर को दोपहर 02:36 बजे और 15 नवंबर को दोपहर 01:47 बजे समाप्त होगा।

## एक नजर

### मुख्य पुल बाजार नारनौल में चल रहा सफाई का काम, आने जाने में हो रही समस्या



**सुनील कुमार परमर, हरियाणाः** मुख्य पुल बाजार नारनौल में सफाई का काम चल रहा है। इसलिए आने जाने वालों की बड़ी भीड़ लगी हुई है और जाम लगा हुआ है। क्या यही समय था सफाई करने का बाजार में, इससे पहले भी सफाई की जा सकती थी। लोगों का कहना है कि पूरी साल भर सफाई नहीं होती और त्योहार के ऊपर ही सफाई शुरू की इससे लोगों को बड़ी दिक्कत पैदा हो रही है। पूरे बाजार में जाम लगे हुए हैं कृपा करके इस जाम को हटाया जाए ताकि लोगों को इस परेशानी से छुटकारा मिल सके ,

### जनप्रतिनिधियों से विकास कार्यों का हिसाब मांगना युवक को पड़ा महंगा



**अरविंद कुमार भाटी, राजस्थानः** दरअसल मामला है बार्डर क्षेत्र गांव 30 ढर का जहां कांग्रेस प्रत्याशी व उसके समर्थक पहुंचे थे। इस दौरान गांव के ही एक युवक ने जनप्रतिनिधियों से विकास कार्यों का हिसाब मांगा तो मामला गर्मा गया और बात तू-तू मैं-मैं तक पहुंच गई।

मामला यहीं खत्म नहीं हुआ। प्रत्याशी के साथ आए जनप्रतिनिधि ने अपनी बेज्जती महसूस करते हुए इस ग्रामीण युवक पर देर रात हमला कर उसके पांव तोड़ दिए, बताया जा रहा है कि युवक का श्रीगंगानगर के अस्पताल में उपचाराधीन है। राजनीतिक दबाव के चलते पुलिस ने भी अभी तक किसी प्रकार का कोई मामला दर्ज नहीं किया और पीड़ित के खिलाफ ही मामला दर्ज करने की तैयारी चल रही है। जबकि पीड़ित घायल हालत में अस्पताल में भर्ती है। हैरान वाली बात तो यह है कि, क्या इस प्रकार की राठौड़ी चुनाव के दौरान की जा रही है तो चुनाव जीतने के बाद क्या यह लोग आमजन को जीने देंगे।

### एग्यारकुण्ड पानी टंकी स्थित मेला मैदान में इस साल भी गोवर्धन पूजा होगा धूमधाम से



**संजीव कुमार झा, झारखंडः** एग्यारकुण्ड पानी टंकी स्थित मेला मैदान में इस साल भी गोवर्धन पूजा धूमधाम से होगा। स्थानीय कीर्तन मण्डली द्वारा देर रात तक भजन कीर्तन होगा। गुरूवार के सुबह पूजा की सफलता को लेकर लालबाबू यादव की अध्यक्षता में गोवर्धन स्थल के पास विवाह मंडप प्रांगण में बैठक हुई। जिसमें पूजा के सफल आयोजन के लिए कमेटी का गठन किया गया। बीरेंद्र यादव अध्यक्ष बनाये गये। मनोज यादव, बृज मोहन यादव व देव नन्दन यादव उपाध्यक्ष, प्रेम कुमार कोषाध्यक्ष, चन्द्रमा यादव सह कोषाध्यक्ष, दिवेश यादव, सूरज यादव एवं रघुवीर शर्मा सचिव, जवाहर साव संगठन सचिव तथा विकास कुमार यादव संगठन महामंत्री चुने गये।

### उत्तर प्रदेश: मुक्केबाजी में आयश प्रजापति ने बढ़ाया उत्तर प्रदेश का सम्मान




**सुरेश चंद्र गांधी, उत्तर प्रदेशः** आर के बॉक्सिंग क्लब हाटा कुशीनगर की सीनियर महिला मुक्केबाज आइस प्रजापति पुत्री संतोष प्रजापति निवासी वार्ड नंबर 25 इंदिरा नगर हाटा कुशीनगर ने 54 किलो भार वर्ग में उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए 37 वां सीनियर राष्ट्रीय मुक्केबाजी प्रतियोगिता जो गोवा में 1 से 8 नवंबर 2023 को संपन्न होने वाली प्रतियोगिता में रजत पदक जीतकर आगामी ओलंपिक हेतु इंडिया कैंप में अपना नाम सुनिश्चित किया। इनके उपलब्धि पर बधाइयां दी।

उनके कोच राजेश कुमार गुप्ता हाटा विधायक मोहन वर्मा उप जिलाधिकारी हाटा हीरालाल जिला खेल अधिकारी रवि निषाद ईओ हाटा अजय कुमार सिंह, नवनियुक्त नगर पालिका अध्यक्ष रामानंद सिंह, जिला मुक्केबाजी सचिव पंकज शर्मा, अनिल मिश्रा, सभासद टीपू खान, फल व्यवसायिक एवं पूर्व राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी रिजवान अहमद खान, क्लब के अध्यक्ष डॉ बी के सिंह, उपाध्यक्ष हाजी शादाब खान, कोषाध्यक्ष विनोद जायसवाल, प्रमोद पांडे, अनिल मनी, धीरेंद्र प्रताप सिंह, सहायक प्रशिक्षक, राहुल कुमार गुप्ता, सीनियर खिलाड़ी, पंकज गुप्ता, जिले के समस्त खेल प्रेमियों ने इनके उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इनके उज्जवल भविष्य की कामना किया ’

# प्रधानमंत्री के हाथों को मजबूत करने के लिए मप्र में फिर से भाजपा सरकार जरूरी: सिंधिया

## कांग्रेस राज में अंधेरा ही अंधेरा था: केन्द्रीय मंत्री सिंधिया

एनसीआर समाचार

**उज्जैन/भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत का मान विश्व में बढ़ाया है। संयुक्त राष्ट्र संघ मे विश्व के 130 देश एक जगह बैठकर प्रधानमंत्री मोदी के साथ योग करते हैं। जी-20 की अध्यक्षता भारत करता है और इसमें विश्व के बड़े से बड़े नेता शामिल होते हैं। 2014 में भारत की अर्थव्यवस्था दसवें नंबर पर थी, आज पांचवें नंबर पर है और आने वाले समय मे इसको तीसरे नंबर पर पहुंचाने का संकल्प प्रधानमंत्री मोदी ने लिया है। केंद्र में मोदी की सरकार के हाथ मजबूत करने के लिए राज्य में भी भाजपा सरकार होना आवश्यक है।

यह बात केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शनिवार को महिदपुर में भाजपा प्रत्याशी बहादुर सिंह चौहान के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के राज में अंधेरा ही अंधेरा था। 2003 के पहले सरकार लापता थी। न कोई बिजली की व्यवस्था थी न लोगों को पानी मिलता था। 2003 में 44 हजार किलोमीटर सड़क थी जो अब 5 लाख किलोमीटर तक हो गई है।



पहले सड़क में गड्ढा है या गड्ढे में सड़क पता नहीं चलता था। आज कांग्रेस जो गारंटी लेकर आई हैं वह लोगों को गुमराह करने के लिए लाई है। कांग्रेस 2018 में दी गई गारंटी को ही पूरा नहीं कर पाई थी। कांग्रेस ने ना कर्ज माफ किया था ना बेरोजगारों को भत्ता दिया था।

अब कोई बिचौलिया नहीं होता

सिंधिया ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के राज में अब कोई बिचौलिया नहीं है. जितनी धनराशि गरीबों के लिए केंद्र से चलकर आती है पूरी उनके खाते में जमा होती है प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मिलकर महाकाल लोक का निर्माण किया। प्रदेश ने विकास की रफ्तार को पकड़ रखा है और इसे हमें रुकने नहीं देना है।

आर्थिक शक्ति के साथ आध्यात्मिक शक्ति बढ़ा रहे प्रधानमंत्री मोदी

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने देश को आर्थिक शक्ति के रूप में पिछले 9 सालो में मजबूत किया है। हम आज विश्व की पाँचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हैं और जल्द ही तीसरी सबसे बड़े शक्ति बन जाएंगे। प्रधानमंत्री मोदी देश की आध्यात्मिक शक्ति को भी विश्व पटल में नई ऊंचाई पर ले गए हैं। आज यूएन की बिल्डिंग के सामने 130 देशों के प्रतिनिधि प्रधानमंत्री मोदी के साथ योग करते हैं। साथ में देश के सभी धार्मिक केंद्र काशी, चित्रकूट, सभी को नई पहचान दे रहे है। 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में भव्य श्री राम मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा समारोह आयोजित किया जाएगा।

# स्वच्छ दीपावली-शुभ दीपावली अभियान के तहत नगर से निकलने वाले कचरे का शत -प्रतिशत संग्रहण कर कचरा प्रसंस्करण इकाई भेजा जाये- निगमायुक्त

मुकेश हरियाणी

**मध्य प्रदेश:** स्वच्छ दीपावली-शुभ दीपावली अभियान के अंतर्गत नगर निगम आयुक्त चंद्रशेखर शुक्ला ने दीपावली पर्व को देखते हुए घरों और प्रतिष्ठानों से निकलने वाले कचरे का शत प्रतिशत संग्रहण कर कचरा प्रसंस्करण संस्थान भेजने के संबंधित अधिकारियों/कर्मचारियों को निर्देश दिए हैं।

उन्होंने निर्देश दिए हैं कि, पर्व के पहले और बाद में घरों, दुकानों से निकलने वाले कचरे की सफाई हेतु विशेष सफाई अभियान चलाया जाये, ताकि गलियों और बाजारों में कचरा एकत्रित न हो। उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि, दीपावली पर्व स्वच्छता का पर्व है इसलिए हम अपने घर- दुकान और प्रतिष्ठान की साफ सफाई के साथ-साथ आसपास भी स्वच्छता का ध्यान रखें। ताकि सड़कों और गलियों में सफाई व्यवस्था बनी रहे, नागरिक स्वच्छता के मापदंडों का ध्यान रखते हुए उत्साह के साथ पर्व मनाये और अपने घरों- दुकानों



और प्रतिष्ठान की सफाई के दौरान निकलने वाले कचरे को खुले में न फेंकें और न ही उसे जलाएं बल्कि उसे एकत्रित कर कचरा गाड़ी को दें ।

नागरिकगण सिंगल यूज प्लास्टिक और प्रदूषित खाद्य सामग्री का उपयोग न करें, इस प्रकार प्रदूषण नियंत्रण को ध्यान में रखते हुए स्वच्छ दीपावली-शुभ दिपावली का पर्व मनाये ।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से कार पलटी, दो की मौत, चार घायल

**राजगढ़।** राष्ट्रीय राजमार्ग-46 पर नरसिंहगढ़ थाना क्षेत्र में शनिवार सुबह ग्राम पाड़ल्याबना के समीप महाराष्ट्र से राजस्थान सीकर जा रही फॉरचूनर कार अज्ञात वाहन से टकराकर पलट गई। इस हादसे में कार सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं चालक सहित चार लोग घायल हो गए, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद भोपाल रेफर किया गया। पुलिस ने मौके से फरार चालक के खिलाफ गैर-इरादतन हत्या सहित विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार हाइवे-46 स्थित ग्राम पाड़ल्याबना के समीप शनिवार सुबह अज्ञात वाहन से टकराकर फॉरचूनर कार क्रमांक आरजे 23 यूसी 0707 तीन चार पलटी मार गई। हादसे में कार में सवार अर्जुनसिंह (38) पुत्र घीसालाल मीना, मुकेश(35)पुत्र बालूराम मीना निवासी सीकर राजस्थान की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं विनोद, प्रमोद, किशोर और वाहन चालक राजेश (30)पुत्र गोकुलसिंह गंभीर रुप से घायल हो गए, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद भोपाल रेफर किया गया। बताया गया है कि कार में सवार लोग दीपावली का त्योहार मनाने महाराष्ट्र से सीकर राजस्थान जा रहे थे, जो नागपुर एनएचआई प्रोजक्ट में कार्यरत है।

# जिला अधिवक्ता संघ चुनाव का मतदान 25 नवंबर को

**जगदलपुर।** जिला अधिवक्ता संघ जगदलपुर के स्थगित किये गये चुनाव हेतु कार्यक्रम की घोषणा शनिवार को कर दी गई है। जिसके तहत अतिरिक्त मतदाता सूची का प्रकाशन 20 नवंबर की शाम 04 बजे किया जाएगा।

नाम वापसी की तिथि एवं अभ्यर्थियों के नाम का प्रकाशन 21 नवंबर की दोपहर 12 से 02 बजे तक। डाक मतपत्र 22 नवंबर की सुबह 11 से 02 बजे तक, अभ्यर्थी 24 नवंबर की दोपहर 02 बजे तक ग्रंथालय भवन में अपना पक्ष रख सकते हैं। मतदान 25 नवंबर सुबह 11 से शाम 04 बजे के बीच पूरा होने तक संपन्न किया जाएगा। इसके साथ ही ऐसे सदस्य जो 20 नवंबर की शाम 05 बजे तक सदस्यता शुल्क जमा करेंगे उनके नाम भी मतदाता सूची में शामिल किए जाएंगे और वे मतदान करने के पात्र होंगे।

जिला अधिवक्ता संघ के चुनाव अधिकारी अधिवक्ता शफाक अहमद खान ने बताया 10 नवंबर को जिला अधिवक्ता संघ जगदलपुर की निर्वाचन से संबंधित बैठक हुई। इस बैठक में संघ के कुछ सदस्यों ने आवेदन पेश कर मतदाता सूची में ऐसे सदस्यों का नाम सूचीबद्ध करने का निवेदन किया कि जो सदस्य सदस्यता शुल्क अदा करने के लिये तत्पर हैं। उनके नाम मतदाता सूची में शामिल किया जाए। यह निवेदन दिया गया है कि अधिवक्ता संघ की चुनाव की तिथि अनिश्चित काल के लिये बढ़ाई गई है, ऐसी स्थिति में शेष मतदाताओं के नाम जुड़वाने के इच्छुक मतदाताओं को नामांकन दाखिल करने की अनुमति दी जाए।

चुनाव समिति ने आवेदनों पर विचारविमर्श के बाद निर्णय लिया कि अधिवक्ता संघ के ऐसे सदस्य जिनका नाम मतदाता सूची में नहीं है वे 20 नवंबर की शाम 04 बजे तक सदस्यता शुल्क जमा करें तो उनके नाम मतदाता सूची में शामिल कर संशोधित मतदाता सूची जारी कर 20 नवंबर को ही प्रकाशन करवाया जाए। अतिरिक्त मतदाता सूची के प्रकाशन उपरांत सूची अभ्यार्थियों को निःशुल्क दी जाएगी। इन अधिवक्ताओं को मात्र मतदान करने का अधिकार होगा। चुनाव समिति ने विधानसभा चुनाव के मद्देनजर 23 अक्टूबर को लिए गए निर्णय के अवलोकन पर पाया कि इसमें स्पष्ट रूप से कहा गया था कि नाम वापसी, पोस्टल बैलेट, तिथि एवं मतदान एवं मतगणना तिथि को परिवर्तित कर शेष कार्रवाइयां यथावत रखी जाएंगी।

# कमलनाथ के निर्देश पर के.के.मिश्रा ने विधानसभा निर्वाचन के लिए जिला प्रवक्ताओं को किया नियुक्त

निखिल संकला

**मध्य प्रदेश:** कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कमलनाथ के निदेशांनुसार मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी मीडिया सेल के चीफ के.के.मिश्रा द्वारा विधानसभा निर्वाचन-2023 हेतु जिला प्रवक्ताओं की नियुक्ति की गई है। संपूर्ण मध्यप्रदेश के लिए 56 जिला प्रवक्ताओं की नियुक्तियां की गई है। जिसमें से शाजापुर व आगर जिले की पांचो विधानसभा सीटो हेतु शुजालपुर के वरिष्ठ अधिवक्ता व बार एसोसिएशन



शुजालपुर के अध्यक्ष पद हेतु लगातार दूसरी बार निर्वाचित हुए।

कु.अजयपालसिंह जादौन को जिला प्रवक्ता पद पर मनोनीत किया गया है। इनकी नियुक्ति पर सभी कांग्रेसजनों सहित नगर के स्थानीय नागरिको द्वारा भी हर्ष व्यक्त किया गया है । बता दे कि, अजयपाल को शाजापुर, शुजालपुर, आगर, कालापीपल व सुसनेर का जिला प्रवक्ता पद का दायित्व सौंपा गया है। पार्टी की ओर से प्रेस ब्रीफिंग कार्य संपादित किया जायेगा।

# राज्यपाल हरिचंदन से रेडक्रास सोसायटी के पदाधिकारियों ने की सौजन्य भेंट



**रायपुर।** राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन से राजभवन में शनिवार को रेडक्रास सोसायटी के सीईओ एमके राउत एवं चेयरमेन अशोक अग्रवाल ने मुलाकात कर दीपावली की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर राजभवन के चिकित्सा अधिकारी डॉ. रूपल पुरोहित भी उपस्थित थे।

# मप्र विस चुनाव: हमने 8 हजार करोड़ का बुंदेलखंड पैकेज दिया : कमलनाथ

**भोपाल।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने शनिवार को सागर और निवाड़ी के पृथ्वीपुर में कांग्रेस की जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार आने पर हम गेहूं के लिए 2600 रुपये और धान के लिए 2500 रुपये समर्थन मूल्य देंगे। हमारा मानना है कि किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत हो। बुंदेलखंड क्षेत्र के किसानों की खेती की सिंचाई के लिए, स्कूल के लिए, अस्पतालों के लिए, हमारे नौजवानों के रोजगार के लिए हमने 8 हजार करोड रुपये का बुंदेलखंड पैकेज देने का काम



किया था और आप आज देख रहे हैं 8 हजार करोड रुपये का बुंदेलखंड पैकेज कैसे घोटाले की भेंट चढ़ गया।

कमलनाथ ने आरोप लगाते हुए कहा कि शिवराज सिंह चौहान की सरकार में यह बुंदेलखंड पैकेज बुंदेलखंड घोटाला बन गया। प्रदेश की तस्वीर अब आपके सामने हैं, प्रदेश में भ्रष्टाचार, महंगाई, घोटालों, दलितों, आदिवासियों, महिलाओं, युवाओं के साथ शोषण और अत्याचार से प्रदेश के हर वर्ग का व्यक्ति परेशान है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि आज का नौजवान स्वाभिमानी है, वह अपने हाथों को काम चाहता है, वह कोई ठेका या कोई कमीशन नहीं चाहता है। उन्होंने कहा कि आपको शिवराज सिंह चौहान की नियत को समझना होगा। शिवराज सिंह चौहान ने पिछले कुछ महीनो में ढाई हजार घोषणा करने का काम किया है और चुनाव के समय इनकी घोषणा की झूठ की मशीन डबल स्पीड से चलने लग गई।

कमलनाथ ने कहा कि हमारी सरकार आते ही हम फिर से किसानों का कर्ज माफ करेंगे, हमारी सोच है कि किसानों की जेब में पैसा पहुंचे, उनके बच्चें अच्छे स्कूलों में पढ़े और अच्छे कपड़े पहने। गांव की किराने की दुकान तभी चलती है जब किसान की जेब में पैसा आता है और उसे फसल का सही दाम मिलता है।

# नक्सलियों ने पर्चा जारी कर भाजपा नेता की हत्या की जिम्मेदारी ली


**नारायणपुर।** नक्सलियों के पूर्व बस्तर डिवीजन कमेटी ने शनिवार को पर्चा जारी कर भाजपा नेता रतन दुबे की हत्या की जिम्मेदारी ली है। नक्सलियों ने पर्चे में लिखा है कि रतन दुबे को जनविरोधी नीतियों पर अमल करने के कारण मौत की सजा दी गई है। नक्सलियों ने नारायणपुर की आमदई लौह खदान निको जायसवाल कंपनी में काम कर रहे स्थानीय कर्मचारियों को तुरंत काम बंद करने की भी अपील की है।

उल्लेखनीय है कि 04 नवंबर को भाजपा नेता रतन दुबे थाना झारा इलाके के ग्राम कौशलनार में चुनाव प्रचार करने गये हुए थे। रतन दुबे कौशलनार के बाजार में एक माइक और स्पीकर के सहारे भाजपा की योजनाओं और घोषणाओं को गोंडी में ग्रामीणों को बता रहे थे और भाजपा के पक्ष में वोट मांग रहे थे। कुछ देर बाद ही पीछे से नक्सलियों ने उन हमला कर दिया। नक्सलियों ने धारदार हथियार से भाजपा नेता पर बेरहमी से लगातार वार किया। सूचना पर तत्काल उन्हें जिला अस्पताल नारायणपुर लाया गया, जहां डॉक्टरों ने रतन दुबे को मृत घोषित कर दिया। 05 नवंबर को रतन दुबे के पार्थिव शरीर का बखरुपारा स्थिति मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया गया। जहां भाजपा उम्मीदवार केदार कश्यप, कांग्रेस प्रत्याशीउम्मीदवार चन्दन कश्यप समेत बड़ी संख्या में नगरवासी मौजूद रहे। घटना के बाद चुनाव प्रचार का कार्य थम सा गया। जिस इलाके में रतन दुबे की हत्या की गई थी, उन इलाकों में नक्सली दहशत के चलते चुनाव प्रचार पूर्ण रूप से बंद कर दिया गया।

# मप्र विस चुनाव: शिवराज बोले- ऐसा कोई सगा नहीं, जिसे कांग्रेस ने ठगा नहीं

**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार को भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में आमला, भैंसदेही, मानपुर, केवलारी, बरघाट, छिंदवाड़ा, परासिया और सौंसर सहित आठ चुनावी सभाओं को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि, ऐसा कोई सगा नहीं, जिसे कांग्रेस ने ठगा नहीं। प्रियंका गांधी वाड्रा कह रही थीं कि मामा तो कंस भी था। मैडम प्रियंका आप वैसे ही काम करते हो तो आपको कंस ही दिखाई देगा। इनके राष्ट्रीय अध्यक्ष कहते हैं कि, हम भाजपा के पांच पांडवों से लड़ रहे हैं, फिर ये तो कौरव हुए। कांग्रेस कभी भी रिश्तों को समझ नहीं सकती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र



मोदी का आभार है कि उन्होंने गरीब कल्याण अन्न योजना को पांच साल तक के लिए और बढ़ा दिया। मैं उनको हृदय से धन्यवाद देता हूं।

कांग्रेसी नेताओं को भारतीय संस्कृति का ज्ञान नहीं

शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि कांग्रेस टिप्पणी कर रही है कि नरक चतुर्दशी के दिन भाजपा अपना संकल्प पत्र क्यों ला रही हैं? कांग्रेस और इनके नेताओं को भारतीय संस्कृति, हमारे जीवन मूल्य, इतिहास का ज्ञान ही नहीं है। नरक चतुर्दशी के दिन ही भगवान श्रीकृष्ण ने नरकासुर का वध कर 16 हजार रानियों को कैद से मुक्त कराया था तो ये बहनों की मुक्ति का दिवस भी है। उनके आत्मसम्मान और स्वाभिमान के साथ जीने का दिवस भी है, लेकिन दिक्कत यह है कि, इनको इतिहास की पूरी जानकारी रहती नहीं है, प्रियंका वाड्रा कहती हैं कि, भगवान राम 13 साल के लिए वनवास गए थे। उनको कंस की पूरी हिस्ट्री नहीं पता है, लेकिन कंस मामा कह देती है। मुझे लगता है कि बोलने से पहले उनको सोचना समझना चाहिए।

बेटों को स्थापित करने आए हैं छिंदवाड़ा और राघौगढ़ वाले

उन्होंने कहा कि कांग्रेसी आपस में ही लड़ रहे हैं, यह कपड़ा फाड़ कांग्रेस हो गई है। कमलनाथ कहते हैं कि दिग्विजय और जयवर्धन के कपड़े फाड़ो। कमलनाथ के बेटे नकुलनाथ खुद ही छिंदवाड़ा की टिकट फाइनल कर देते हैं। दरअसल, छिंदवाड़ा और राघौगढ़ वाले अपने-अपने बेटों को स्थापित करने में जुटे हुए हैं। ये कांग्रेस पर कब्जे की लड़ाई है। कांग्रेस तो दो पाट में बंट गई है, एक पाट कमलनाथ और दूसरा दिग्विजय सिंह का। इन दोनों पाटो के बीच में कांग्रेस और कार्यकर्ता पिस रहे हैं।

कांग्रेस के सत्ता में आने का रास्ता बंद कर दीजिए

चौहान ने कहा कि सवा साल में ही कांग्रेस ने जनहित की योजनाओं को बंद करने का पाप किया था। बैगा, भारिया, सहरिया बहनों के एक हजार कांग्रेस ने बंद कर दिए। हम बेटियों की शादी करवा कर उन्हें पैसा देते थे लेकिन कांग्रेस ने बेटियों के साथ भी धोखा किया। हम बड़े-बुजुर्गों को तीर्थ दर्शन के लिए भेजते थे, कांग्रेस ने योजना ही बंद कर दी। अगर कांग्रेस की सरकार आई तो वह लाड़ली बहना योजना भी बंद कर देगी, फिर न लाड़ली रहेगी न बहना, इसलिए कांग्रेस के सत्ता में आने वाले रास्ते को ही बंद कर दीजिए।

## एक नजर

### मध्य प्रदेश: युनिक अकेडमी के छात्र-छात्राओं की जागरूकता रैली संपन्न




**श्याम सिंह राणा, मध्य प्रदेश:** इंदरगढ़ यूनिक अकेडमी के छात्र-छात्राओं द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। रैली का शुभारंभ मुख्य नगर पालिका अधिकारी महेंद्र सिंह यादव द्वारा नगर पार्षद इंदरगढ़ में हरी झंडी दिखाकर किया गया।

रैली का शुभारंभ यूनिक अकेडमी सेंवडा रोड से होते हुए मेन बाजार बस स्टैंड ग्वालियर चौराहा नगर कार्यालय से वापस शुभारंभ स्थल पर संपन्न किया गया। रैली में यूनीक अकेडमी के बच्चों के साथ डायरेक्टर शत्रुघ्न गुप्ता सहित अन्यलोक शामिल रहे।

### छग विस चुनाव :केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का दौरा, सीतापुर में करेंगे रैली, पाटन में विशाल जनसभा

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व अध्यक्ष व देश के रक्षामंत्री राजनाथ सिंह 11 नवंबर को छत्तीसगढ़ के चुनावी दौरे पर आ रहे हैं। वे यहां सरगुजा संभाग में बड़ी जनसभाओं को संबोधित करेंगे। दुर्ग जिले की पाटन विधानसभा में भी विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। श्री सिंह दोपहर 12.20 से 1 तक रघुनाथपुर सीतापुर हाई स्कूल ग्राउंड लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम में विशाल आम सभा को संबोधित करेंगे। श्री सिंह दोपहर 2 बजे से 2.40 बजे तक मनेंद्रगढ़ जिले के सलगावान कला में बड़ी जनसभा लेंगे। अपरान्ह 3.55 बजे से शाम 4.35 बजे तक श्री सिंह दुर्ग जिले की पाटन विधानसभा के दरबार मोखली में विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे।

### करंट से युवक की मौत के मामले में दो विद्युतकर्मियों पर केस दर्ज

**राजगढ़।** तलेन थाना क्षेत्र के ग्राम नारायणखेड़ा में एक माह पहले बिजली के खंभे पर चढे.22 वर्षीय युवक की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई थी। पुलिस ने शनिवार को मर्ग जांच के आधार पर लापरवाही बरतने वाले दो विद्युतकर्मियों के खिलाफ गैर-इरादतन हत्या का प्रकरण दर्ज किया है। एएसआई भैरुसिंह यादव के अनुसार 9 अक्टूबर को ग्राम नारायणखेड़ा निवासी 22 वर्षीय राजकुमार नायक की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की,जिसमें ज्ञात हुआ कि लाइन हैल्पर देवीलाल लोधा निवासी नारायणखेड़ा और ग्रिड आपरेटर दीपक यादव निवासी शुजालपुर सिटी ने कार्य में लापरवाही बरतते हुए युवक को बिजली के खंभे पर चढ़ाया, जिसकी करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ धारा 304 ए के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

### बस्तर संभाग में न्यूनतम तापमान में गिरावट का दौर हुआ शुरू

**जगदलपुर।** बस्तर संभाग में पश्चिमी विक्षोभ का असर अब धीरे-धीरे कम होने लगा है। ऐसे में अब न्यूनतम तापमान में गिरावट का दौर शुरू हो गया है। शनिवार को न्यूनतम तापमान में जहां सामान्य से 02 डिग्री की गिरावट के साथ 15 डिग्री तापमान रिकॉर्ड किया गया है, वहीं आने वाले दिनों में तापमान में और गिरावट होने की संभावना है। इधर तापमान में गिरावट के साथ ही सुबह कोहरा छाने का क्रम भी शुरू हो गया है। हवा में नमी का प्रतिशत भी लगातार कम होता चला जा रहा है, जिससे मौसम शुष्क हो गया है। मौसम वैज्ञानिक एचपी चंद्रा के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ का असर बस्तर पर अब काफी कम हो गया है। ऐसे में आसमान सामान्यतः साफ हो गया है। इन हालातों में अब न्यूनतम तापमान में गिरावट का दौर शुरू हो सकता है। उन्होंने बताया कि आने वाले दिनों में हालांकि तापमान में ज्यादा गिरावट नहीं होगी, लेकिन आंशिक गिरावट दर्ज की जा सकती है।

### शराबी युवक ने सांप को लगाया गले, सर्पदंश का हुआ शिकार

**कांकेर।** जिले के लोहत्तर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सोनादई में शनिवार को एक शराबी युवक मंगलू ने शराब के नशे में एक सांप को अपने गले में लपेट लिया, जिसके बाद सांप ने उसे डस लिया। सांप के डसते ही युवक बेहोश हो गया, जिसके बाद उसके साथियों ने परिजनों को इसकी सूचना दी। परिजनों ने बेहोशी की हालत में युवक को दुगूकोंदल अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां उसका इलाज जारी है। स्थानीय भाषा में उस सांप का नाम गेदर्रा बताया जा रहा है, अब युवक को दुगूकोंदल से जिला अस्पताल कांकेर रिफर करने की तैयारी चल रही है।

### चुनाव व त्योहार के मद्देनजर पुलिस ने किया फ्लैगमार्च

रायपुर। विधानसभा चुनाव के दौरान विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के रैली, जनसंपर्क व कार्यक्रमों के मद्देनजर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल के निदेशांनुसार शुक्रवार रात समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों के नेतृत्व में थाना प्रभारियों सहित पुलिस बलों द्वारा अपने-अपने अनुभाग के थाना क्षेत्रों में फ्लैग मार्च निकाला गया।

अपराधों की रोकथाम, अपराधियों पर नकेल कसने के मद्देनजर सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए थाना क्षेत्रों में विजिबल पुलिसिंग के अंतर्गत पैदल पेट्रोलिंग, वाहनों में पेट्रोलिंग, क्राइम प्रिवेंशन पेट्रोलिंग (सीपीपी) सहित 112 की टीमों द्वारा भीड़-भाड़ वाले स्थान, बाजार, सार्वजनिक स्थान/सूनसान स्थान में जमवाड़ा लगाकर नशा करने वालों, गुटबाजी/अड्डेबाजी करने वालों, संदिग्ध व्यक्तियों, असमाजिक तत्वों, संदिग्ध व्यक्तियों के वाहनों की डिक्की, धारदार/बटनदार चाकू रखकर घुमने वालों की लगातार चेकिंग की जा रही है।

# धनतेरस के दिन दौड़ प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

**अनुप कुमार**

**उत्तर प्रदेश:** स्थानी थाना क्षेत्र अंतर्गत यादव चौराहा आनंदीपुर मगनदीवाना पहाड़ पर 10/11/2023 दिन शुक्रवार को यदुवंशी स्पोर्टिंग क्लब के तत्वाधान में धनतेरस के दिन प्रत्येक वर्ष के भांति इस वर्ष भी दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन कमलेश यादव इंजीनियर के अध्यक्षता में किया गया। मुख्य अतिथि राम मनोहर यादव उर्फ गुड्डू यादव जिला पंचायत सदस्य व विशिष्ट अतिथि विजय कुमार यादव सपा जमालपुर ब्लॉक अध्यक्ष एवं मुमताज अहमद सपा अहरौरा नगर अध्यक्ष को अंग वस्त्र एवं माल्यार्पण से स्वागत किया गया वहीं दौड़ तीन चरण में किया गया। प्रथम चरण में 5 कि.मी. द्वितीय चरण में 3 कि.मी.तृतीय चरण में 1600 मी।



5 कि.मी. में प्रथम स्थान अरविंद यादव खाजगीपुर जिला मिजार्पुर, 3 कि.मी. में प्रथम स्थान बाबूलाल राजभर सोनभद्र,1600 मी.मे चैंपियन यादव प्रथम स्थान गाजीपुर तीनों चरण के प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले को रेंजर साइकिल पुरस्कृत किया गया और द्वितीय विजेता को फरार्टा पंखा, तृतीय विजेता को प्रेस, चतुर्थ विजेता को मेडल व शील्ड, पंचम विजेता को मेडल व शील्ड पुरस्कृत किया गया। संचालन डॉक्टर सुरेश यादव ने किया इस दौरान विकास यादव प्रधान मदापुर, राजू यादव सपा नेता, विमलेश यादव प्रधान अमरा, संरक्षक उमेश यादव, जितेंद्र यादव, विमल यादव, सोनू कुमार बिन्द, राजकुमार यादव, हरेंद्र यादव, विपिन यादव, शेषनाथ यादव, डब्लू यादव, बेनी विश्वकर्मा, सलवंत यादव, प्यारे लाल यादव, अजय यादव आदि रहे । फौजी टीम के सहयोग से यह कार्यक्रम संपन्न हुआ।

# एसएसपी डॉ विपिन ताड़ा के निर्देशन में देर रात तक जनपद चला चैकिंग अभियान

**महकर**

**उत्तर प्रदेश:** एसएसपी डॉ विपिन ताड़ा के निर्देशन में धनतेरस की पूर्व संध्या पर जनपद के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में चैकिंग अभियान चलाया गया। देर रात तक जनपद में चैकिंग अभियान चला। देवबंद पुलिस देर रात चेकिंग कर रही थी। चेकिंग के दौरान बाइक पर सवार तीन लोग आते दिखाई दिए। जिनको पुलिस ने रुकने का इशारा किया तो बदमाशों ने खुद को घिरा देख पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी।



पुलिस ने जवाबी कार्यवाही करते हुए गोली चलाई तो पुलिस की गोली लगने से एक बदमाश घायल हो गया। घायल बदमाश ने अपना नाम फारुख निवासी गांव नुनाबड़ी थाना बड़गांव बताया। बदमाश थाना बड़ागांव का हिस्ट्रीशीटर बदमाश भी है।

घायल बदमाश फारूक ने बताया कि, दीपावली और धनतेरस से पहले क्षेत्र में किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की योजना बना रखी थी। जो एसएसपी डॉक्टर विपिन ताडा के चेकिंग के निर्देश के चलते कामयाब नहीं हो सकी और बदमाश खुद ही घिर गए

बदमाश के पास से तमंचा, जिंदा व खोखा कारतूस व बिना नम्बर की बाइक बरामद हुई। घायल बदमाश के विरुद्ध लूट, हत्या, डकैती के करीब दो दर्जन मुकदमें दर्ज हैं। पुलिस ने गिरफ्तार किये गये बदमाश फारुख को इलाज हेतु अस्पताल भेजा दिया है।

# पंचायत भवन पिपरा बुजुर्ग में गांव की समस्या गांव में समाधान चौपाल, आयोजित

**रोशन कुमार कुशवाहा**

**उत्तर प्रदेश:** बिशनपुरा ब्लॉक के ग्राम पंचायत पखनहा प्राथमिक विद्यालय गोवा पिपरा बुजुर्ग पंचायत भवन के प्रांगण में आयोजित गांव का समस्या गांव में समाधान चौपाल में पहुंचे भाजपा मंडल अध्यक्ष महेश रौनियार ने एक-एक लोगों से बात कर उनकी समस्या पूछी कहा कि जनसंपर्क से दौरान ग्रामीण गांव में हीं अपनी समस्या बात कर उसका समाधान करा सकते हैं।



खंड विकास अधिकारी किशनपुरा सुशील कुमार सिंह ने कहा कि पेंशन का धनराशि खाते में नहीं आ रहा है तो ग्राम सचिवालय पर संपर्क करें नाली निर्माण व पानी की समस्याओं गांव स्तर पर ठीक कराया जाएगा, ग्राम विकास अधिकारी रवि सिंह हरिकेश यादव द्वारा सरकार के तरफ से चल रही योजनाओं के बारे में विस्तार से बताने के साथ पत्रों को लाभ दिलाने का आश्वासन दिया ग्राम प्रधान निर्मला देवी राजकुमारी देवी द्वारा गांव में योजनाओं से वंचित लोगों को चिन्हित कर कर उन्हें योजनाओं का लाभ दिलाने की बात अधिकारियों व जन प्रतिनिधियों के समक्ष रखा गया।

इस दौरान बिशनपुरा ए डि ओ एसबी के एम दास कृषि विभाग क्षेत्र पंचायत सदस्य भोला जायसवाल मुजम्मिल अंसारी इस मोहम्मद अंसारी स्वास्थ्य विभाग रोजगार सेवक संदीप त्रिवेदी विजेंद्र प्रसाद नौशाद आलम प्रधान प्रतिनिधि दिनेश जायसवाल सफाई कर्मी आंगनवाड़ी सुपरवाइजर मालती देवी पंचायत सहायिका चंद्र खारवार आंचल मद्धेशिया तकनीकी सहायक अजय सिंह नंदलाल वर्मा आशा आदि उपस्थित रहे।

# भैयादूज पर कब लगाए तिलक, जाने शुभ मुहूर्त

**मो. हसन रजा**

भैयादूज का त्योहार भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक है। हर साल कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की दूसरी तारीख को भैयादूज का त्योहार मनाते हैं। यह त्योहार दीवाली से दूसरे दिन को मनाते हैं। यह दीवाली का भैयादूज होता है। इस दिन भाई अपनी बहन के घर जाता है और वहां बहन अपने भाई का आदर और सत्कार बड़े ही प्रेमपूर्वक तिलक लगा कर करती है। उसके बाद खाना खिला कर भाई की खुशहाली की दुआ करती है। इसके बदले में भाई अपनी बहन को प्रेमपूर्वक उपहार भेंट करती है। ज्योतिष क्षेत्र में इंटरनेशनल स्तर पर कार्य कर चुके जवाली ज्योतिषी पीड़ित विपिन शर्मा ने कहा कि, भैयादूज त्योहार का मुहर्त 14 नवंबर से स्टार्ट हो कर 15 नवंबर तक जारी रहेगा। भैयादूज का समय दोपहर 1:10 पर स्टार्ट होकर दोपहर 03:19 पर खत्म होगा।



जाने भैयादूज का त्यौहार कैसे मनाये ?

भैयादूज का पर्व पुरे देश में पारंपरिक तौर पर मनाया जाता है। इस आयोजन के दौरान बहने चावल के आटे का प्रयोग करके भाइयों के लिए आसान बनाती हैं। एक बार जब भाई सीट पर अपना स्थान ले लेते हैं, तो उनके माथे पर सिंदूर, दही, सिंदूर और चावल के पेस्ट से बना टिका या तिलक लगाया जाता है। बहनें मिठाई, रोली और नारियल से भरी एक जिवंत थाली पकड़कर आरती करती हैं।

# 24 वर्षीय गायक नाही का निधन, मौत का कारण अज्ञात

**कृतिका कुमारी**

**नई दिल्ली:** कई समाचार आउटलेट्स के अनुसार, कोरियाई गायक-गीतकार नाहि का बुधवार को 24 वर्ष की आयु में निधन हो गया। अचानक हुई मौत के पीछे का कारण अभी तक सामने नहीं आया है। इस मौत के कारण के संबंध में न तो उनकी एजेंसी और न ही उनके परिवार ने किसी प्रकार का कोई आधिकारिक बयान जारी किया है। मिली जानकारी के अनुसार, शुक्रवार को ग्योंगगी प्रांत के प्योंगटेक में नाही का अंतिम संस्कार किया जायेगा।



इंस्टाग्राम पर नाही की आखिरी पोस्ट

नाही की आखिरी पोस्ट के कमेंट सेक्शन में इस खबर पर प्रतिक्रिया देने के लिए प्रशंसकों ने इंस्टाग्राम पर बाढ़ ला दी है। ये पोस्ट अब वायरल हो गया है। उनकी मौत से एक दिन पहले इसे शेयर किया गया था।

पोस्ट में नाही की एक प्यारी सी सेल्फी सहित कई तस्वीरें शामिल थीं। इसके बाद एक ट्रेन यात्रा, जो उन्होंने हाल ही में की थी, की झलक दिखाई गई। उन्होंने अपने पालतू कुत्ते की कई तस्वीरें भी जोड़ीं और अपनी पोस्ट में कोई कैप्शन नहीं जोड़ा। अचानक हुई उनकी मृत्यु से उनके प्रशंसको में जैसे मातम सा छा गया प्रशंसक शोक हैं।

2019 में नाही ने सिंगल, ब्लू सिटी के साथ एक इंडी गायिका, गीतकार के रूप में अपने करियर की शुरूआत की थी। उन्होंने ब्लू नाइट और ग्लॉमी डेज जैसे ट्रैक दिए। उनका आखिरी काम उनका एकल रोज था, जिसे उन्होंने अपने प्रशंसकों को समर्पित किया था। यह चार महीने पहले रिलीज हुई थी।

# दिल्ली में फिलहाल नहीं लगेगा ऑड-ईवन, बारिश के कारण घटा प्रदूषण का स्तर

**कृतिका कुमारी**

नई दिल्ली: आज सुबह से हो रही बारिश ने दिल्ली-एनसीआर में मौसम को एकदम सुहाना बना दिया है। इसके साथ ही दमघोंटू हवा में भी सुधार हुआ है। शुक्रवार सुबह हुई बारिश के बाद भी सुबह 9 बजे से कई जगह बारिश हो रही है। इस बारिश से न सिर्फ आम आदमी को बल्कि प्रशासन को भी राहत पहुंची है, जो वायु की गुणवत्ता को और बेहतर बनाने के लिए कृत्रिम बारिश कराने की योजना बना रही है।



दिल्ली-एनसीआर में आज सुबह से रुक-रुक कर हो रही बारिश ने मौसम सुहाना बना दिया है। प्रदूषण की मार झेल लोगों को बारिश के आने से कुछ राहत जरूर मिली है। बारिश से पहले जहां दिल्ली-एनसीआर में सांस लेना तक मुश्किल हो गया था, वहीं अब हवा काफी साफ हो गई है। हालांकि अब भी वायु गुणवत्ता सूचकांक बहुत खराब स्थित में बना हुआ है।

एक्यूआई में आयी गिरावट-


दिल्ली के मंत्री गोपाल राय ने कहा, दिल्ली में बारिश के कारण प्रदूषण के स्तर में कमी देखने को मिली है। एक्यूआई जो पहले 450 था, वह अब 300 के स्तर पर पहुंच गया है। 13 से 20 नवंबर तक जो ऑड-ईवन लगने वाला था, जिसे अभी टाल दिया गया है। ऑड-ईवन लगाना है या नहीं। बाद की परिस्थिति को ध्यान में रख कर इसका फैसला लिया जायेगा।

देश के इन राज्यों में गिर सकता है तामपान-

पहाड़ों पर बर्फबारी होने के कारण उत्तर-पश्चिमी भारत के मैदानी इलाकों में कल से आसमान साफ रहने और ठंडी हवा चलने की उम्मीद हैं। इसकी वजह से आने वाले 4-5 दिनों में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस तक गिरने के आसार है।

# शिक्षा दिवस के मौके पर जाने इसका इतिहास और अहमियत, क्यों हैं खाश ?

इमरानः मौलाना अबुल कलाम आजाद की जन्म दिवस के मौके पर प्रत्येक वर्ष ग्यारह नवंबर को राष्ट्रीय शिक्षा दिवस मनाया जाता है। डॉ० अबुल कलाम आजाद स्वतंत्र भारत के पहले शिक्षा मंत्री थे, जिन्होंने 15 अगस्त, 1947 से 2 फरवरी, 1958 तक देश के शिक्षा मंत्री के रूप में सेवा की। मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने ग्यारह सितंबर, 2008 को इस दिवस को पूरे देश में राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के रूप में मनाने की ऐलान की थी।



सरकार ने विशाल आबादी की क्षमता का उपयोग करने के लक्ष्य से इस दिन को राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के रूप में समर्पित करने का फैसला लिया। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार एक आधिकारिक बुलेटिन में जिक्र किया गया है कि, इसकी 65 फीसदी जनसंख्या 35 साल से कम उम्र की है। यह सुशिक्षित कौम के निर्माण की एक बड़ी मुमकिन प्रदान करता है। इसलिए भारत को ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए युवाओं का सशक्तीकरण अहम हैं। इस तरह सरकार मजबूत और प्रभावपूर्ण शिक्षा मूलभूत ढांचे के निर्माण पर खाश जोर देकर देश के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए कमिटेड है।

शिक्षा सामाजिक मजबूती और राष्ट्रीय उत्थान की आधारशिला है। शिक्षा दिवस का महत्व इसकी परिवर्तन शक्ति को जानने में निहित है। यह नई सोच पर विचार करने का दिवस है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति, जो एक नए समस्त शैक्षिक नमूना की वकालत करती है। आज की गतिशील विश्व में, शिक्षा सिर्फ व्यक्तिगत पूर्ति का रास्ता नहीं है। यह आर्थिक समृद्धि का आधारशिला है। हमें शिक्षा, समावेशिता और लगातार सीखने के मूल्यों का सपोर्ट करना चाहिए।

# राजधानी में बारिश ने दिलाई प्रदूषण से राहत, वायु गुणवत्ता इंडेक्स में सुधार

**इमरान:** देश की राजधानी दिल्ली में आज सुबह बारिश हुई। जिस के चलते लोग राहत की साँस ली हैं। बीते कई दिनों से यहाँ प्रदूषण का स्तर इस हद तक बढ़ गया था कि लोगों को साँस लेने में मुश्किलें हो रही थी। लगातार बढ़ते प्रदूषण ने बच्चों के स्कूल तक बंद करवा दिए। एक्यूआई सूचकांक में काफी इजाफा देखने को मिला था लगभग 400 के पार था। कुछ दिनों से ऐसा कहा जा रहा था, एक दिल्लीवासी बिना स्मोकिंग करे एक दिन में लगभग 20 सिगरेट पी जाता हैं। शुक्रवार को बदले मौसम ने बहुत अधिक वायु प्रदूषण से राहत दिलाई। वायु प्रदूषण के वजह से लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। रोजगार में, यात्रा करने में, पढ़ाई में तथा सेहत में इसका प्रभाव पड़ा हैं। यात्रा को लेकर सरकार ने डीजल इंजन युक्त गाड़ियों को पूरी तरह से प्रतिबंधित कर दिया गया था और पकड़े जाने पर 15 हजार रूपए का चलान हैं। दमा और अस्थमा से संबंधित लोगों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा हैं। ऐसे में जब शुक्रवार सुबह बारिश हुई तो लोगों के चेहरे में मुस्कान खिले दिखे। जमा मस्जिद, इंडिया गेट, लाल किला आदि जगह पूरी तरह से साफ दिख रहा हैं। सुबह से यहाँ का मौसम काफी खुशगवार हैं और प्रदूषण स्तर भी धीरे-धीरे निचे आ चुका हैं। आज यानी 10 नवंबर को दिल्ली का अदक 150 से निचे हैं। पहले के तुलना में देखा जाए तो काफी अच्छा वातावरण दिल्ली का हैं।



# चैटजीपीटी के सीईओ सैम ऑल्टमैन ने, एलोन मस्क के एआई चैटबॉट ग्रोक पर किया कमेंट

**कृतिका कुमारी**

**नई दिल्ली:** एलन मस्क द्वारा बनाए गए एआई चैटबॉट ग्रोक का सैम ऑल्टमैन ने मजाक उड़ाया है। चैटजीपीटी सीईओ ने जेनरेटिव प्री-ट्रेंड ट्रांसफॉर्मर्स (जीपीटी) की शक्तियों के बारे में एक्स पर एक हल्की-फुल्की टिप्पणी की। ऑल्टमैन के ट्वीट द्वारा ग्रोक को हास्यास्पद तरीके से प्रकाश में लाया गया, जिसने तकनीकी समुदाय का बहुत ध्यान आकर्षित किया। जल्द ही मजेदार टिप्पणियाँ और मीम्स आने लगे।

ट्वीट में एक स्क्रीनशॉट है जो ग्रोक के यूजर इंटरफेस जैसा लगता है, जिसमें "आपके पिता के पिता" की याद दिलाने वाला हास्य देने का वादा किया गया है और यह "अजीब तरह से हंसाने वाला झटका" है। यह एक विचित्र शैली का सुझाव देता है हास्य। ऑल्टमैन का कैप्शन, "जीपीटी बहुत सारी कोशिशें बचा सकती है", को अलग-अलग कार्यों को बेहतरीन ढंग से करने के लिए एआई पर बढ़ती निर्भरता के लिए एक हास्यपद संकेत के रूप में देखा जा सकता है। ऑल्टमैन की बुद्धि तकनीकी क्षेत्र के अंदर चंचल प्रतिद्वंद्विता और सौहार्द की ओर इशारा करती है। मजाक एआई इंटरैक्शन की विकसित प्रकृति पर भी सूक्ष्मता से प्रकाश डालता है, जहां व्यक्तित्व और हास्य उपयोगकर्ता अनुभव का भाग बन जाते हैं। नेटिजन्स ने ऑल्टमैन के ट्वीट पर उत्साहपूर्वक प्रतिक्रिया प्रकट की है और उन्हें अपने दो सेंट जोड़ने में बहुत मजा आया।



# सीनियर सेकेंडरी स्कूल नारनौल में शुक्रवार को धूम-धाम से मनाया गया दीपावली महोत्सव

**सतीश**

**हरियाणा:** मोहल्ला चौधरीयान स्थित हरियाणा सीनियर सेकेंडरी स्कूल, नारनौल में शुक्रवार को दीपावली महोत्सव मनाया गया। आज विद्यालय के संस्थापक स्वर्गीय श्री पी.आर. शर्मा जी का जन्मदिन होने के कारण छात्र-छात्राओं व समस्त विद्यालय कार्यकारिणी ने उनको याद करते हुए विशेष उत्साहपूर्ण तरीके से उत्सव मनाया। इस अवसर पर रंगोली, दीप डेकोरेशन व बाल मेले का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न प्रकार के खाने के सामानों की स्टाल लगाई गई।

कार्यक्रम की शुरूआत लक्ष्मी-गणेश जी की पूजा के साथ की गई। विजेता रहे प्रतिभागियों को स्कूल प्रशासन की ओर से पुरस्कृत किया गया। दीपावली के पर्व पर विद्यार्थियों द्वारा प्रदर्शित अनेक गतिविधियों का दृश्य अति मनमोहक व ज्ञानवर्धक रहा। बाल मेले में आकर्षक स्टॉल लगाए गए थे। विद्यालय प्रांगण में लगे विभिन्न स्थानों में चाट, पावभाजी, आइसक्रीम, केक, पेस्टी, बर्गर, चाऊमीन आदि लजीज व्यंजनों का जमकर लुफ्त उठाया गया।

बाल मेले का मुख्य आकर्षण का केंद्र मिकी माउस रहा जिसने बच्चों के बीच विभिन्न हास्य गतिविधियां करके मनोरंजन किया। कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय चेयरमैन श्री हितेंद्र शर्मा व निदेशिका श्रीमती संगीता शर्मा ने छात्र-छात्राओं व अभिभावकों को दीपावली की शुभकामनाएं दी और ज्यादा आवाज व प्रदूषण फैलाने वाले पटाखे की जगह हरित पटाखे व दीप जलाकर दीपावली मनाने की बात की।

इस मौके पर प्राचार्य अवनीश कुमार, रामनिवास डी०पी०ई०, अशोक यादव, संजय कुमार, राहुल सोनी, नरेश कुमार, मनमोहन, लोकेश कुमार, अमन कुमार, दीपक कुमार, जोगिंदर कुमार, वंदना सैनी, अल्पना शर्मा, लक्ष्मी चौहान आदि समस्त अध्यापकगण व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## संपादकीय

# जलवायु परिवर्तन की तपन

आज दुनिया में जलवायु परिवर्तन के बढ़ते, भयावह प्रभावों की बात करेंगे। हम नवम्बर में दीपावली पर्व मना रहे हैं, लेकिन हमारे गरम कपड़े अभी गायब हैं। देश के करीब 99 फीसदी हिस्से अधिक तापमान को झेल रहे हैं। राजधानी दिल्ली और आसपास के शहरों का अधिकतम तापमान अब भी 32-34 डिग्री सेल्सियस है। रात के न्यूनतम तापमान में कुछ ठंडक आई है, लेकिन पंखे अब भी चल रहे हैं। औसत तापमान सामान्य से अधिक है, लिहाजा सर्दी का एहसास भी गायब है। मौसम विज्ञानियों का आकलन है कि इस बार 15 दिसंबर तक वैसी सर्दी महसूस नहीं होगी, जिसके लिए दिल्ली और आसपास के क्षेत्र विख्यात हैं। बीती कई सदियों की सर्दी का आकलन किया गया है, तो 2023 को सबसे गरम वर्ष आंका जा रहा है। मौसम के इस बदलते रुख के मानवीय स्वास्थ्य, कृषिगत और अर्थव्यवस्था संबंधी नकारात्मक असर भी सामने आ रहे हैं, क्योंकि अनुकूलन का माहौल नहीं है और गरम कपड़ों का बाजार उदास, मूकदर्शक बना है। मौसम विज्ञानी मान रहे हैं कि संभव है कि आगामी मई-जून में जबरदस्त गर्मी के स्थान पर बारिश, बाढ़ और भूस्खलन के मौसम देखने और झेलने पड़ें! एक तरफ देश के करीब 91 फीसदी शहरों, कस्बों में प्रदूषण की जहरीली हवाएं चल रही हैं, वायु गुणवत्ता सूचकांक लगातार गंभीर श्रेणी में दर्ज किए जा रहे हैं, तो दूसरी तरफ प्रकृति बेहद नाराज है और सर्दियों में ठंडक ही गायब है। तमिलनाडु में भारी बारिश का प्रकोप है। राजधानी के कुछ हिस्सों में शुक्रवार की सुबह कुछ बूंदाबांदी हुई है।

यही तो जलवायु परिवर्तन के भयानक और नकारात्मक असर हैं-बेमौसमी सब कुछ। दुर्भाग्य और विडंबना है कि हम अब भी पर्यावरण के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। पृथ्वी का तापमान बढ़ता ही जा रहा है। यह कार्बन उत्सर्जन, विषैली गैसों और धुएं का ही असर है कि जिन यूरोपीय देशों में, घर-दफ्तरों में, पंखे ही नहीं होते थे और अधिकतर मौसम सर्द ही रहता था, वहां आजकल तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक है। वहां के लोग तालाबों, झरनों में नहा रहे हैं और घर-दफ्तरों में पंखे भी चलने शुरू हो गए हैं। इटली के वेनिस शहर की झीलों पर सूखने के संकट मंडरा रहे हैं। दुनिया भर से लोग इस खूबसूरत शहर में आते रहे हैं और झीलों में नौका-विहार का आनंद उठाते रहे हैं, लेकिन लगातार गर्मी इतनी बढ़ती जा रही है कि झीलों का पारदर्शी पानी भाप बनने लगा है। ये प्रत्यक्ष तौर पर जलवायु परिवर्तन के ही प्रभाव हैं। भारत में 90 फीसदी से अधिक कामगार और मजदूर खुले में ही काम करने को बाध्य हैं। यदि जलवायु परिवर्तन के कारण गर्मियां लगातार लंबी होती रहीं, तो इस तरह काम करना असंभव-सा होता जाएगा। जाहिर है कि कामगारों की औसत उत्पादकता और कार्य-शक्ति कम होती जाएगी।

# प्रदूषण और वोटों की राजनीति

दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी परियोजना क्षेत्र के करोड़ों लोग जहरीली हवा लेने को मजबूर हैं। वायु प्रदूषण से मुंबई की हालत भी खराब है। दिल्ली की तरह मुंबई भी गैस चैंबर बनी हुई है। मुंबई की हवा में सांस लेना एक दिन में 100 सिगरेट पीने के बराबर आंकी गई है। दिल्ली की हालत इससे भी कई गुना ज्यादा खराब है।

-योगेंद्र योगी-



जर्मनी के तानाशाह हिटलर ने करीब 60 लाख यहूदियों की गैस चैम्बर में जहरीली गैस छोड़ कर हत्या की थी। कमोबेश यही हालत देश के नेता राजधानी दिल्ली के करोड़ों लोगों की कर रहे हैं। फर्क सिर्फ इतना है कि हिटलर ने नस्लवादी मानसिकता से सुनियोजित तरीके से इस भीषण नरसंहार को अंजाम दिया था और भारत में नेताओं की वोटों की राजनीति के कारण इसे अंजाम दिया जा रहा है। प्रदूषित जहरीली हवा से तिल-तिल करके मरने के लिए करोड़ों लोगों को छोड़ दिया गया है। दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी परियोजना क्षेत्र के करोड़ों लोग जहरीली हवा लेने को मजबूर हैं। वायु प्रदूषण से मुंबई की हालत भी खराब है। दिल्ली की तरह मुंबई भी गैस चैंबर बनी हुई है। मुंबई की हवा में सांस लेना एक दिन में 100 सिगरेट पीने के बराबर आंकी गई है। दिल्ली की हालत इससे भी कई गुना ज्यादा खराब है। दिल्ली में इतनी बड़ी आबादी लापरवाही और राजनीतिक स्वार्थों के चलते भीषण प्रदूषित हवा से तिल-तिल करने को मजबूर है। हर दिन हजारों की संख्या में श्वास के रोगियों की तादाद बढ़ रही है। बच्चों और बुजुर्गों का जीना मुहाल हो चुका है। दिल्ली का वायुमंडल विश्व में सबसे प्रदूषित करार दिया जा चुका है। वोटों की राजनीति राजधानी के लोगों के जीवन पर भारी पड़ रही है। यदि सुप्रीम कोर्ट इसमें दखल नहीं देता तो दिल्ली और आसपास के हालात शायद हिटलर के कत्लगाह बने जहरीले गैस चैम्बर जैसे बन जाते।

दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी परियोजना क्षेत्र में जानलेवा बने वायु प्रदूषण के मामले में सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि दिल्ली की दमघोंटू जहरीली हवा लोगों के स्वास्थ्य की हत्या के लिए जिम्मेदार है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि दिल्ली में वायु प्रदूषण एक राजनीतिक लड़ाई नहीं बन सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि, हर सर्दियों में दिल्ली के वायु प्रदूषण में बड़े पैमाने पर बढ़ोतरी के पीछे पड़ोसी राज्यों पंजाब और हरियाणा में पराली जलाना एक प्रमुख कारक है। इसमें पंजाब सरकार से पराली जलाने पर रोक लगाने के लिए कदम उठाने को कहा गया। सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब सरकार के वकील से कहा कि हम नहीं जानते कि आप इसे कैसे करते हैं, यह आपका काम है। लेकिन इसे रोका जाना चाहिए। तुरंत कुछ किया जाना चाहिए। याचिकाकर्ता की ओर से पेश वकील अपराजिता सिंह ने कहा कि पंजाब में खेतों में लगने वाली आग पर काबू नहीं पाया जा सका है। उन्होंने कहा कि दिल्ली की वायु गुणवत्ता में गिरावट के लिए पराली जलाने का प्रमुख योगदान है। उन्होंने कहा कि सीएक्यूएम (वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग) और राज्य कह रहे हैं कि वे वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए सभी कदम उठा रहे हैं। लेकिन पराली जलाना अभी भी जारी है। प्रदूषण की समस्या को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान, पंजाब और उत्तर प्रदेश को निर्देश देते हुए कहा कि ये राज्य पराली जलाना तुरंत बंद कर दें। मामले पर कोर्ट ने दिल्ली सरकार को निशाने पर लिया। जस्टिस संजय किशन कौल और सुधांशु धुलिया की बेंच ने कहा कि दिल्ली में प्रदूषण कम करने वाले स्मॉग टावर लगाए गए और उनका खूब प्रचार किया गया, लेकिन वे बंद पड़े हैं। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की तरफ से पराली को नष्ट कर खाद बनाने वाले केमिकल के प्रचार पर भी सवाल उठाया। कोर्ट ने कहा कि दिल्ली सरकार ने पराली को खाद बनाने वाले एक केमिकल का दावा किया था। क्या यह कभी सफल हुआ? लगता है यह सब सिर्फ दिखावा ही था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इस मामले में केवल एक-दूसरे पर दोषारोपण का खेल जारी है।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा- हमने अपना बुलडोजर शुरू किया तो हम नहीं रुकेंगे। अदालत ने यह भी पूछा कि पंजाब में धान क्यों उगाया जा रहा है, जबकि जलस्तर पहले से ही इतना नीचे है। आप क्या कर रहे हैं? अपने जलस्तर को देखें। आप पंजाब में धान की अनुमति क्यों दे रहे हैं? आप पंजाब को हरित भूमि से बिना फसल वाली भूमि में बदलना चाहते हैं। शीर्ष अदालत ने कहा कि पंजाब में धान की खेती का विकल्प खोजा जाए। पंजाब में पराली जलाने की घटनाओं में कोई कमी नहीं आ रही है। पराली जलाने की बढ़ती घटनाओं से राज्य की आबोहवा खराब हो रही है। इसका असर दूसरे राज्यों पर भी पड़ रहा है। प्रमुख शहर जैसे अमृतसर, बठिंडा, लुधियाना में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) काफी खराब कैटेगरी में चल रहा है। पंजाब में सबसे ज्यादा पराली जलाने के मामले सामने आए हैं। पंजाब में कुल 1830 मामले दर्ज किए जा चुके हैं। फिरोजपुर दूसरे नंबर पर है। अकेले फिरोजपुर में 299 मामले पराली जलाने के दर्ज किए गए है। दिवाली के बाद वायु प्रदूषण की हालत और भी खराब होने वाली है। चिकित्सकों के मुताबिक पिछले कुछ महीनों से ऐसे मरीजों की संख्या बढ़ रही है, जो फेफड़ों के इंफेक्शन से ठीक होने के बाद भी सांस फूलने की शिकायत कर रहे हैं। युवा मरीजों में भी ऐसे लक्षण दिखाई दे रहे हैं। कई गंभीर मरीजों को आईसीयू में भर्ती करना पड़ा है। ऐसे लक्षणों वाले सभी मरीजों में करीब 50 प्रतिशत या दो में से एक जो ओपीडी में आ रहे हैं, उन्हें कम से कम एक या दो दिनों के लिए भर्ती होना पड़ रहा है। करीब 30 प्रतिशत मरीजों को आईसीयू में एडमिट होने की जरूरत होती है। वायु प्रदूषण से लंग्स कैंसर के मामले भी बढ़ रहे हैं। दि लैंसेट प्लैनेटरी हेल्थ जर्नल में प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार वायु प्रदूषण के कारण 2019 में भारत में 16.7 लाख से अधिक लोगों की मौत हुई, जो देश में अब तक कोविड-19 से हुई मौतों से दस गुना अधिक है। इससे लगभग 36.8 बिलियन डॉलर (271446 करोड़ रुपए) का आर्थिक नुकसान हुआ। एम्स, आईसीएमआर और आईआईटी दिल्ली के शोधकताओं द्वारा किए गए अध्ययन और ग्लोबल बर्डन ऑफ डिजीज स्टडी 2019 शीर्षक से, इनडोर और आउटडोर दोनों में वायु प्रदूषण के आर्थिक प्रभाव को मापा गया, क्योंकि इससे समय से पहले होने वाली मौतों के कारण आउटपुट का नुकसान हुआ और रुग्णता बढ़ी। अध्ययन में कहा गया है कि ये मौतें पिछले साल देश में हुई कुल मौतों का 17.8 प्रतिशत थीं, जबकि आर्थिक नुकसान भारत के कुल सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 1.36 प्रतिशत था।

वायु प्रदूषण से भारत के सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि में साल दर साल लगभग 0.56 प्रतिशत की कमी आ रही है, क्योंकि जीडीपी की गणना में शामिल वस्तुओं एवं सेवाओं पर वायु प्रदूषण नकारात्मक प्रभाव डाल रहा है। भारत में वायु प्रदूषण का स्तर विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा अनुशंसित स्तर का लगभग 20 गुना और भारत के अपने मानकों से दो गुने से भी अधिक है।

# शिव और सत्य की खोज में पहुंचे, राहुल गांधी केदारनाथ

-सनत कुमार जैन-

राहुल गांधी की तीन दिनों की केदारनाथ यात्रा को लेकर लगातार चचाएं हो रही हैं। केदारनाथ कमेटी के पूर्व अध्यक्ष एवं गढ़वाल विश्वविद्यालय के प्रोफेसर सरस्वती पी सती ने एक लेख लिखा है। जिसमें राहुल गांधी की केदारनाथ यात्रा को लेकर उन्होंने अपना अनुभव बताया है। राहुल गांधी ने केदारनाथ के गर्भ ग्रह में जाकर भगवान के दर्शन किए। उनके साथ कोई भी कैमरामेन गर्भ ग्रह में नहीं था। उनके साथ कोई तामझाम नहीं था। वह अकेले ही दर्शन के लिए पहुंचे थे। उन्होंने बड़े भक्ति भाव से भगवान की पूजन अर्चन की। वह एक साधारण कमरे में रहे। सुबह शाम मंदिर में जाकर दर्शन किए। उन्होंने अपनी केदारनाथ यात्रा में गढ़वाल विश्वविद्यालय के प्रोफेसर सरस्वती पी सती से मुलाकात की। यह मुलाकात लगभग 2 घंटे चली। बैठक में उन्होंने हिमालय पर्वत की श्रृंखला, पर्यावरण, गंगा नदी के उद्गम स्थल और हिमालय के संरक्षण, विकास के साथ-साथ सत्य और शिव के बारे में चर्चा की। प्रोफेसर ने एक लेख लिखा है। जिसमें उन्होंने यह कहा है कि राहुल गांधी पहले राजनेता थे। जिन्होंने हिमालय पर्वत क्षेत्र को लेकर जिस तरीके की जिज्ञासा प्रगट की।उन्होंने हिमालय के बारे में जानने की कोशिश की। उन्होंने अपने लेख में लिखा है, कि मुझे ऐसा लगता है,कि राहुल गांधी हिमालय के बारे में अध्ययन करके आए थे। वह मुझसे जिज्ञासाओं का समाधान भी कर रहे थे।

राहुल गांधी केदारनाथ की यात्रा से जब वापस लौट रहे थे। तो हवाई पट्टी पर अपने भाई वरुण गांधी से लगभग 45 मिनट चर्चा की। इसकी भी बड़ी चर्चा हो रही है। एक साधारण श्रद्धालु की तरह उन्होंने तीन दिन तक केदारनाथ मैं धार्मिक क्रियाकलापों में भाग लिया। भोजन शाला में भक्तों को भोजन का वितरण किया। दोनों टाइम जाकर बिना किसी ताम- झाम के मंदिर में दर्शन किए। उससे केदारनाथ धाम के ट्रस्टी और वहां रहने वाले लोग प्रभावित हुए हैं। अभी भी राहुल गांधी केदारनाथ में चर्चा में बने हुए हैं। उनके साथ कांग्रेस का कोई भी नेता और कार्यकर्ता नहीं गया था। उन्होंने इस धार्मिक यात्रा को अंत तक धार्मिक यात्रा ही बनाकर रखा। यह लोगों के लिए आश्चर्य का विषय था। सबसे बड़े आश्चर्य की बात थी, कि राहुल गांधी सार्वजनिक स्थलों पर जहां जा रहे थे। वहां पर मोदी मोदी के नारे लग रहे थे।इसके बारे में केदारनाथ कमेटी के पूर्व अध्यक्ष का एक वीडियो वायरल हुआ है। जिसमें वह कह रहे हैं, कि भाजपा ने धर्म को धंधा बना लिया है। उन्होंने धार्मिक स्थल पर नारे की आलोचना करते हुए कहा, कि कोई व्यक्ति धार्मिक यात्रा पर आया है। लेकिन उसकी यात्रा को बाधित करने का काम संघ के कार्यकताओं द्वारा किया गया। संघ ने अपनी छह टोलियों को केदारनाथ भेजा था।जहां-जहां राहुल गांधी जा रहे थे।वह वहां पर मोदी मोदी के नारे लगा रहे थे।इसकी केदारनाथ मंदिर क्षेत्र में तीव्र आलोचना हो रही है।केदारनाथ कमेटी के पूर्व अध्यक्ष का यह भी कहना था कि उत्तराखंड के मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री केदारनाथ क्षेत्र के विकास और समस्याओं के निपटारे के लिए कमेटी भेजने की बात कही थी।जो आज तक केदारनाथ नहीं आई है। यहां पर राजनेता आते हैं। दिखावा करते हैं।आश्वासन देते हैं,और चले जाते हैं। होता कुछ नहीं है। राहुल गांधी की यह यात्रा ठीक इसके विपरीत थी। उनके साथ कांग्रेस का कोई भी नेता या कार्यकताओं की भीड़ नहीं थी। वह शांति के साथ आए,तीन दिनों तक उन्होंने धार्मिक क्रियायों और स्थानीय लोगों के मेल जोल और क्षेत्र की समस्याओं को हर तरीके से जानने की कोशिश की।उनके इस व्यवहार से केदारनाथ क्षेत्र में एक अलग तरीके की छवि राहुल गांधी की बनी है।

ऐसा लगता है कि राहुल गांधी इन दोनों अध्यातम में ज्यादा रुचि ले रहे हैं। केदारनाथ की यात्रा से उनकी एक नई छवि देखने को मिल रही है। इसको लेकर भारतीय जनता पार्टी और संघ में बेचैनी देखने को मिल रही है। राहुल गांधी की धार्मिक यात्रा में मोदी मोदी के नारे लगना, इस बात का संकेत है।कहीं ना कहीं भारतीय जनता पार्टी और संघ उनके इस बदले हुए स्वरूप से चिंतित है।

# तकनीकी एवं व्यावसायिक शिक्षा का महत्त्व

-पंकज कुमार शर्मा-

किसी देश के विकास में उस देश की शैक्षिक व्यवस्था का बहुत अत्यधिक महत्त्व होता है और अगर उस शिक्षा का मुख्य उद्देश्य छात्रों को व्यवसाय दिलाना और उनको जीविकोपार्जन योग्य बनाना हो तो उस देश का विकास निश्चित होता है। शिक्षा अपने वास्तविक उद्देश्यों और लक्ष्यों की प्राप्ति तभी कर सकती है जब वह शिक्षा तकनीकी एवं व्यावसायिक शिक्षा हो। वर्तमान में शिक्षा की घटती गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए जरूरी है कि शिक्षा को पूर्णतः तकनीकी एवं व्यावसायिक शिक्षा में परिवर्तित किया जाए। तकनीकी एवं व्यावसायिक शिक्षा छात्रों को व्यवसाय चुनने में ही सहायक नहीं है, अपितु इसके द्वारा छात्रों का सर्वांगीण विकास भी किया जाता है। आधुनिक युग में बढ़ती जनसंख्या को ध्यान में रखते हुए यह आवश्यक है कि शिक्षा को छात्रों के अनुरूप बनाया जाए जिससे वह अपने वास्तविक उद्देश्यों की प्राप्ति कर सके। बेरोजगारी की समस्या को हल करने के लिए तकनीकी शिक्षा बहुत महत्त्वपूर्ण है। कुशल लोग बेरोजगार नहीं हो सकते। यदि वे अपना खुद का व्यवसाय शुरू करते हैं, तो वे अन्य शिक्षित लोगों को नौकरी के अवसर प्रदान कर सकते हैं। इस प्रकार तकनीकी एवं व्यावसायिक शिक्षा बेरोजगारी की समस्या को कम करने में मदद करती है। तकनीकी एवं व्यावसायिक शिक्षा किसी देश के विकास के लिए महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती है। निर्माण के हर क्षेत्र में तकनीशियनों की जरूरत होती है। तकनीकी शिक्षा निर्विवाद रूप से राष्ट्र की आर्थिक स्थिति को बढ़ावा देती है। तकनीकी एवं व्यावसायिक के कई लाभ होते हैं।

यदि किसी देश के पास पर्याप्त तकनीकी ज्ञान है, तो निस्संदेह विकास की गति तेज होगी। तकनीकी शिक्षा कुशल जन शक्ति का सृजन कर, औद्योगिक उत्पादन को बढ़ाकर और लोगों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार करके देश के मानव संसाधन विकास में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती है। हमारा देश प्राकृतिक साधनों में धनी देश है। लेकिन अब भी हमारे देश के लोग निर्धन हैं। हमारे पास ऐसे कुशल युवा व्यक्ति नहीं हैं जो इन साधनों का उचित प्रकार से उपयोग कर सकें। सिर्फ तकनीकी और व्यावसायिक शिक्षा ही हमें विशेषज्ञ इंजीनियर और तकनीशियन देती है। हमारे देश में बड़ी मात्रा में इनकी आवश्यकता है। आज हमारा भारत विकास की ओर बढ़ रहा है। कई सुख सुविधाएं हमारे देश को मिल चुकी हैं। अब हमारे देश की तकनीकी एवं व्यावसायिक शिक्षा को बढ़ावा देने की आवश्यकता है क्योंकि जिस देश में तकनीकी एवं व्यावसायिक शिक्षा को बढ़ावा दिया जाता है, वह देश विकास की ओर बढ़ता है। इस शिक्षा के माध्यम से देश के युवाओं को प्रशिक्षण देकर उनको हुनर सिखा कर आगे बढ़ाया जाता है। जब देश के युवा आगे बढ़ेंगे तब हमारे देश का विकास होगा। हमें सभी व्यवसायों में योग्य और प्रशिक्षित कार्य करने वालों की आवश्यकता है। यह तब ही संभव हो सकता है जब हम उन्हें व्यावसायिक और तकनीकी प्रशिक्षण दें। सरकार भी इस विषय को गंभीरता से ले रही है क्योंकि सरकार भी जानती है कि हमारे देश में तकनीकी एवं व्यावसायिक शिक्षा का स्तर बढ़ाने की आवश्यकता है। हमारे देश में तकनीकी एवं व्यावसायिक शिक्षा के प्रति लोगों का दृष्टिकोण उचित नहीं है। यहां मानसिक श्रम की अपेक्षा शारीरिक श्रम को हेय दृष्टि से देखा जाता है। शारीरिक श्रम के प्रति जनता का दृष्टिकोण बदलना आवश्यक है। इसके लिए सरकार एवं सामाजिक संस्थाओं का कत्र्तव्य है कि वे जनता को शारीरिक श्रम के महत्त्व से अवगत कराएं। तकनीकी शिक्षा का माध्यम अंग्रेजी है। इससे छात्रों को विषय समझने में कठिनाई होती है। हिंदी एवं क्षेत्रीय भाषा को तकनीकी शिक्षा का माध्यम बनाया जाना चाहिए। इसके लिए आवश्यक है कि हिंदी एवं क्षेत्रीय भाषा में समस्त तकनीकी पुस्तकों का अनुवाद कराया जाए एवं पढ़ाया जाए। तकनीकी एवं व्यावसायिक शिक्षण संस्थानों के लिए सुयोग्य प्रशिक्षित शिक्षक नहीं मिल पा रहे हैं जिससे इस शिक्षा के विस्तार कार्य को काफी धक्का पहुंच रहा है। इसलिए नयी-नयी तकनीक के अनुसार शिक्षकों को प्रशिक्षण प्रदान किया जाना चाहिए। तकनीकी एवं व्यावसायिक शिक्षा में प्रयोगों का विशेष महत्त्व है, किन्तु विद्यालयों में सैद्धांतिक शिक्षा पर ही विशेष बल दिया जाता है। तकनीकी विषयों को श्यामपट्ट पर ही समझा दिया जाता है। प्रायोगिक शिक्षा के अभाव में विद्यार्थी विषय को अच्छी तरह नहीं समझ पाते और शिक्षा समाप्ति के पश्चात उन्हें व्यावहारिक क्षेत्र में काफी परेशानी उठानी पड़ती है। तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में अनुसंधान कार्य की सुविधाओं का अभाव है, जिसके लिए शिक्षण संस्थानों में प्रायोगिक शिक्षा पर विशेष बल देना चाहिए। इसमें कोई संदेह नहीं है कि वर्तमान में देश में बहुत कम अच्छे तकनीकी संस्थान हैं जो अंतरराष्ट्रीय स्तर के अनुसार तकनीकी रूप से प्रशिक्षित व्यक्ति की जरूरतों को पूरा कर रहे हैं।

हमारे अधिकांश युवा पुरुषों में सभी प्रकार के शारीरिक श्रम के प्रति कुछ पूर्वधारणाएं होती हैं और वे ज्यादातर अपने हाथों से काम करने के बजाय किसी कार्यालय में नौकरी करना पसंद करते हैं। आज हर कोई सफेदपोश नौकरी चाहता है। परिणामस्वरूप शारीरिक श्रम का ह्रास हो रहा है। दूसरी ओर बेरोजगारी भी एक बड़ी चिंता का विषय है और इससे देश के युवाओं पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। आजकल तकनीकी एवं व्यावसायिक शिक्षा तभी सफल होने की संभावना है जब देश का एक बड़ा हिस्सा पर्याप्त रूप से साक्षर हो जाएगा। तकनीकी शिक्षा केवल इंजीनियरिंग कोर्स करने या डिजाइनिंग कोर्स के लिए कुछ ऊंची फीस तक ही सीमित नहीं है। उचित नीति यह होगी कि प्रारंभिक चरण में उदार शिक्षा पर जोर दिया जाए और फिर छात्र की योग्यता और झुकाव पर वैज्ञानिक अनुसंधान की पसंद के आधार पर तकनीकी शिक्षा का मुख्य पाठ्यक्रम शुरू किया जाए। तकनीकी एवं व्यावसायिक शिक्षा का किसी देश की आर्थिक स्थिरता से भी बहुत गहरा संबंध है। अच्छे तकनीकी कौशल कुछ नए तकनीकी नवाचारों को प्रभावित कर सकते हैं और साथ ही राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अच्छी नौकरियां पाने में भी सहायक हो सकते हैं।

## दिवाली का बदला स्वरूप

-प्रियंका सौरभ-

पुराने दिनों में, दिवाली के दौरान उपहार देने का मतलब घर में बनी मिठाइयाँ और सद्भावना के साधारण प्रतीक बाँटना था। आज उपहार देने की कला ने एक ग्लैमरस अवतार ले लिया है। पारंपरिक मिठाई और दीयों के साथ-साथ, आपको बढ़िया वाइन, लक्जरी चॉकलेट और हाई-एंड गैजेट जैसे आधुनिक उपहार भी मिलेंगे। शराब, जो एक समय एक असामान्य उपहार था, ने पारंपरिक प्रसाद के साथ-साथ अपना स्थान बना लिया है। दिवाली परंपरा और इतिहास में गहराई से निहित है, यह कई कारणों से समकालीन भारत और दुनिया भर में भारतीय प्रवासियों के बीच अत्यधिक प्रासंगिक बनी हुई है। दिवाली लाखों लोगों, विशेषकर अपने देश से दूर रहने वाले लोगों के लिए सांस्कृतिक पहचान और विरासत की याद दिलाने का काम करती है। यह उनकी जड़ों से जुड़ाव बनाए रखने में मदद करता है। हिंदू, जैन, सिख और बौद्धों के लिए, दिवाली धार्मिक महत्व रखती है और प्रार्थना, चिंतन और देवताओं से आशीर्वाद लेने का समय है।

दिवाली परिवारों, पड़ोसियों और दोस्तों के बीच समुदाय और जुड़ाव की भावना को बढ़ावा देती है जो जश्न मनाने के लिए एक साथ आते हैं। यह एकता और सामाजिक एकता को बढ़ावा देता है। दिवाली एक महत्वपूर्ण आर्थिक घटना है, जिसमें उपहार, कपड़े और उत्सव के खाद्य पदार्थों पर उपभोक्ता खर्च बढ़ता है। इसका खुदरा और पर्यटन सहित विभिन्न उद्योगों पर आर्थिक प्रभाव भी पड़ता है। दिवाली दुनिया भर में भारतीय समुदायों द्वारा मनाई जाती है, जिससे यह एक वैश्विक त्योहार बन जाता है जो सीमाओं और संस्कृतियों से परे है। इसे कई देशों में मान्यता प्राप्त है और मनाया जाता है। पुराने दिनों में, त्योहार देवताओं से आशीर्वाद लेने, अपने कार्यों पर विचार करने और अनुष्ठानों और प्रार्थनाओं के माध्यम से पारिवारिक संबंधों को मजबूत करने का समय था। आज, आप देखेंगे कि दिवाली में एक उल्लेखनीय परिवर्तन आया है। जबकि आध्यात्मिक सार बना हुआ है, यह त्योहार एक जीवंत, समकालीन उत्सव के रूप में विकसित हुआ है। आज, यह कॉकटेल की खुशबू, संगीत की झनकार और पार्टियों की जीवंतता के बारे में है।

लोगों ने अपना ध्यान धार्मिक अनुष्ठान की गंभीरता से हटाकर सामाजिक समारोहों की मौज-मस्ती पर केंद्रित कर दिया है। नृत्य, संगीत और हँसी-मजाक के साथ दिवाली पार्टियाँ अब एक प्रमुख विशेषता बन गई हैं। दिवाली की सांस्कृतिक परंपराएँ लुप्त नहीं हुई हैं बल्कि आधुनिक संवेदनाओं के अनुरूप ढल गई हैं। इसमें सांस्कृतिक जड़ों और समकालीन सौंदर्यशास्त्र का एक आकर्षक मिश्रण है। पुराने दिनों में, दिवाली के दौरान उपहार देने का मतलब घर में बनी मिठाइयाँ और सद्भावना के साधारण प्रतीक बाँटना था। आज उपहार देने की कला ने एक ग्लैमरस अवतार ले लिया है। पारंपरिक मिठाई और दीयों के साथ-साथ, आपको बढ़िया वाइन, लक्जरी चॉकलेट और हाई-एंड गैजेट जैसे आधुनिक उपहार भी मिलेंगे। शराब, जो एक समय एक असामान्य उपहार था, ने पारंपरिक प्रसाद के साथ-साथ अपना स्थान बना लिया है। हाल के वर्षों में, दिवाली के दौरान पटाखों के पर्यावरणीय प्रभाव और प्रदूषण के बारे में जागरूकता बढ़ी है।

इससे पर्यावरण-अनुकूल और शोर-मुक्त समारोहों को बढ़ावा देने की पहल हुई है। आधुनिक दिवाली उत्सव में पर्यावरण संबंधी चिंताओं के प्रति बढ़ती जागरूकता भी शामिल है। अतीत में, पटाखे आम थे, और रात का आकाश रंगीन प्रदर्शनों से जगमगा उठता था। अब, पर्यावरण-अनुकूल उत्सवों की ओर बदलाव हो रहा है, जिसमें कई लोग वायु और ध्वनि प्रदूषण को कम करने के लिए मूक या कम उत्सर्जन वाली आतिशबाजी का चयन कर रहे हैं, या यहां तक कि उनसे पूरी तरह परहेज कर रहे हैं। देखे तो दिल्ली के प्रदूषण को लेकर कई सरकारी संस्थाओं के रिपोर्ट में कहीं पर भी पटाखे को लेकर साधारण उल्लेख तक नहीं है। दिल्ली, आईआईटी, कानपुर आईआईटी, टिहरी के अलग-अलग रिपोर्ट में प्रदूषण के मुख्य कारण और उनका अनुपात का रिपोर्ट आप को एक गूगल सर्च में मिल जाएगा। पटाखे तो बहाना है, हिंदू निशाना है। हिंदू संस्कृति निशाने पर है। हिंदुओं के विभिन्न उत्सव एवं परंपराओं को पहले ही निशाना बनाया गया है। हिंदुस्तान के विभिन्न महानगरों और राज्यों में पटाखों प्रतिबंध के लिए जो लोग आगे आ रहे हैं उसमें गैर हिंदुओं का याचिकाकर्ता होना।

NCR समाचार
संपादकीय कार्यालय
जी-12/276, संगम विहार, नई दिल्ली-110062. सोमवार से शनिवार
प्रात: 9:00 से सायं 9:00
फोन: 8888883968, 9811111715

## आवश्यक सूचना

एनसीआर समाचार के समस्त पाठकों तथा पत्र के साथ जुड़े समस्त पत्रकारों, व्यावसायिक संयोजक, सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं/संस्थानों को यह सूचित किया जाता है कि गत वर्षो से श्री बलबीर सिंह के नेतृत्व व स्वामित्व में चले आ रहे वर्तमान एनसीआर समाचार पत्र का प्रकाशन व स्वामित्व मो. हनीफ, पुत्र श्री इस्माईल खान मास्टरजी, संगम विहार के स्वामित्व व नेतृत्व में हो रहा हैं। अत: भविष्य में समस्त प्रकार की व्यावसायिक, कानूनी एवं सामाजिक गतिविधियों के संचालन हेतु मो. हनीफ/ नये कार्यालय जी 12/276, संगम विहार, नई दिल्ली - 110062, दूरभाष (मोबाईल) 8888883968, 9811111715 से सम्पर्क करें

# निवेशकों ने कमाए 46 लाख करोड़ रुपए

## संवत 2079 : सेंसेक्स व निफ्टी दोनों ने दिया 9.5 फीसदी रिटर्न

**नई दिल्ली ।** संवत 2079 समाप्त हो चुका है। इस साल शेयर बाजार के निवेशकों ने स्टॉक मार्केट से लगभग 46 लाख करोड़ रुपए कमाये हैं। संवत 2079 का आखिरी सत्र शुक्रवार को था। इस साल शेयर बाजार के निवेशकों को कोई भारी-भरकम मुनाफा तो नहीं हुआ, लेकिन बाजार ने निराश भी नहीं किया। इस साल दोनों प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी करीब 9.5 फीसदी फायदे में रहे हैं। जबकि पिछला संवत वर्ष 2078 मामूली गिरावट के साथ बंद हुआ था। मगर उस साल निवेशकों को जबरदस्त रिटर्न मिला था। तब निफ्टी मिडकैप में 32.7 फीसदी और स्मॉलकैप सूचकांक में 38.4 फीसदी की तेजी आई थी, जो पिछले 9 साल में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन था। बाजार में यह तेजी मुख्य रूप से घरेलू संस्थागत निवेशकों और खुदरा निवेशकों के दम पर आई थी। वहीं, संवत 2077 के दौरान बाजार में 38 फीसदी का उछाल दर्ज हुआ था। वै?श्विक प्रतिस्पर्धी बाजारों की तुलना में घरेलू बाजार का रिटर्न मध्यम स्तर का रहा। विकसित बाजारों जैसे अमेरिका एसऐंडपी 500 और नैस्डैक, यूरोप जर्मनी और फ्रांस तथा जापान का प्रदर्शन अपेक्षाकृत बेहतर रहा। मगर उभरते बाजारों में भारत का प्रदर्शन बेहतर रहा है, जबकि चीन, ब्राजील, थाईलैंड तथा इंडोने?शिया के बाजारों ने ऋणात्मक रिटर्न दिया है। बेंचमार्क निफ्टी ने दो अंकों में बढ़त के साथ संवत 2079 का समापन किया। इस हिंदू कैलेंडर वर्ष में निफ्टी 1849 अंक या 109.5 फीसदी बढ़त के साथ 19425 पर बंद हुआ। सेंसेक्स ने भी 9.4 फीसदी की तेजी के साथ 64905 पर संवत का समापन किया।



### सरकारी बैंकों ने दिया 53 फीसदी रिटर्न

यह साल सरकारी बैंकों के शेयरों के नाम भी रहा। सरकारी बैंकों के शेयरों में इस साल अच्छी-खासी तेजी आई। पिछली दिवाली से अब तक एनएसई के पीएसयू बैंकिंग इंडेक्स ने 53 फीसदी रिटर्न दिया है। इस साल 9 सरकारी स्वामित्व वाले बैंकों के शेयर दोगुने से अधिक बढ़े। इनमें से दो बैंकों जेएंडके बैंक और यूको बैंक की वैल्यू तीन गुनी हो गई। इस साल शेयर बाजार को सबसे निंदनीय कॉरपोरेट एक्टिविटीज में से एक भी देखनी पड़ी। जनवरी के आखिर में यूएस शॉर्ट सेलर हिंडनबर्ग ने अदाणी ग्रुप पर कई सारे आरोप लगाए थे। इन आरोपों को अदाणी ग्रुप ने सिरे से नकारा था। हिंडनबर्ग रिपोर्ट के बाद अदाणी के शेयरों में हुई बिकवाली से 13 लाख करोड़ रुपए का मार्केट कैप स्वाहा हो गया था।

### मिड और स्मॉल कैप शेयरों में उछाल

संवत वर्ष 2079 मिड और स्मॉल कैप शेयरों का साल रहा। विदेशी और घरेलू फंड्स ने इन शेयरों में बड़ी रकम निवेश की। परिणामस्वरूप बीएसई स्मॉल कैप इंडेक्स 34 फीसदी से अधिक चढ़ा। वहीं, मिड कैप इंडेक्स में 31 फीसदी का उछाल आया। बीएसई के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है।

## संवत 2079 में बॉन्ड प्रतिफल नरम और रुपया रहा स्थिर

12 नवंबर को खत्म हो रहे संवत में 10 वर्षीय सरकारी बॉन्ड का प्रतिफल 21 आधार अंक कम होकर बंद हुआ जबकि रुपया 0.79 फीसदी नरमी के साथ बंद हुआ। सोमवार से नया संवत शुरू होगा। बाजार के भागीदारों ने कहा कि बीमा कंपनियों और सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की ओर से जबरदस्त मांग के मद्देनजर सरकारी बॉन्ड का प्रतिफल पूरे साल कमोबेश ?स्थिर रहा है। पूरे साल बेंचमार्क 10 वर्षीय सरकारी बॉन्ड 6.96 से 7.51 फीसदी के दायरे में कारोबार करता रहा। भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक? नीति समिति द्वारा दर में कटौती की उम्मीद में बॉन्ड प्रतिफल में गिरावट आई थी।

### दलाल पथ के सामने रहीं कई चुनौतियां


दोनों सूचकांकों ने इस साल अपना उच्चतम स्तर को छुआ मगर अमेरिका में बढ़ती बॉन्ड यील्ड के कारण विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों की बिकवाली बढ़ने से सूचकांकों को अपनी थोड़ी बढ़त गंवानी पड़ी। संवत 2079 में बाजार को ऊंची महंगाई, ब्याज दरों में तेजी, भू-राजनीतिक तनाव और अमेरिका में बैंकिंग संकट जैसी अड़चनों का सामना करना पड़ा।

### दिवाली से शुरू होगा संवत 2080

विक्रम संवत ग्रेगोरियन कैलेंडर से लगभग 57 साल आगे है। यह दीवाली के दिन शुरू होता है। दलाल स्ट्रीट की ट्रेडिंग कम्यूनिटी इस विक्रम संवत को मानती है। कई विश्लेषकों का मानना है कि लॉर्ज कैप संवत 2080 में भी दो अंक में रिटर्न दे सकते हैं लेकिन व्यापक स्तर पर बाजार का रिटर्न औसत रह सकता है। बीएसई पर लिस्ट कंपनियों का बाजार पूंजीकरण जो निवेशकों को संपत्ति को भी दर्शाता है, बढ़कर 323 लाख करोड़ रुपए हो गया। यह पहले 277 लाख करोड़ रुपए था। विदेशी फंड्स की मजबूत खरीदारी के चलते निवेशकों की संपत्ति में यह बढ़ोतरी हुई। विशेषज्ञों के मुताबिक, साल की शुरुआत में चीन के बाजारों को दोबारा खोले जाने के बाद आर्थिक सुधार मजबूत होने की उम्मीद से भारत से कुछ विदेशी निवेश निकला है।

# ओएनजीसी का शुद्ध लाभ 20 फीसदी घटा

### तेल कीमतों व उत्पादन में गिरावट के कारण घटा तिमाही लाभ



**नई दिल्ली ।** सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम ओएनजीसी ने बताया कि चालू वित्त वर्ष की सितंबर तिमाही में उसका शुद्ध लाभ 20 प्रतिशत घट गया। कंपनी ने बताया कि तेल की कीमतों और उत्पादन में गिरावट के कारण उसका मुनाफा घटा। ओएनजीसी ने एक बयान में कहा कि उसने जुलाई-सितंबर 2023 तिमाही में 10216 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ दर्ज किया।

पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह आंकड़ा 12826 करोड़ रुपए था। ओएनजीसी के शुद्ध लाभ में लगातार दूसरी तिमाही के दौरान गिरावट हुई है। इससे पहले अप्रैल-जून तिमाही में उसका मुनाफा 34 फीसदी घटा था। ओएनजीसी ने नामांकन क्षेत्रों से उत्पादित प्रत्येक बैरल कच्चे तेल के लिए 84.84 अमेरिकी डॉलर कमाए।

ओएनजीसी की निदेशक वित्त पोमिला जसपाल ने कहा कि शुद्ध लाभ में गिरावट की मुख्य वजह तेल की कम कीमतें हैं। साथ ही तेल और गैस का उत्पादन पिछले साल की तुलना में थोड़ा कम रहा। हालांकि, अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में इसमें सुधार होगा, क्योंकि कंपनी केजी बेसिन में एक तेल क्षेत्र का उत्पादन शुरू कर देगी। कंपनी की कुल आय 8.2 प्रतिशत गिरकर 35162 करोड़ रुपए रही। ओएनजीसी ने कहा कि कच्चे तेल का उत्पादन 1.9 प्रतिशत कम होकर 45.4 करोड़ टन रहा, जबकि गैस उत्पादन तीन प्रतिशत गिरकर 5.01 अरब क्यूबिक मीटर रहा।

# दिवाली से पहले विदेशी मुद्रा भंडार में इजाफा

## 4.67 बिलियन डॉलर बढ़ा फॉरेक्स रिजर्व



**नई दिल्ली।** देश के विदेशी मुद्रा भंडार में जोरदार उछाल देखने को मिला है। तीन नवंबर 2023 को खत्म हुए सप्ताह में विदेशी मुद्रा कोष में साढ़े चार बिलियन डॉलर से ज्यादा का उछाल देखने को मिला है। आरबीआई के डेटा के मुताबिक विदेशी मुद्रा भंडार 4.67 अरब डॉलर बढ़कर 590.78 बिलियन डॉलर पर जा पहुंचा है, जबकि इसके पहले हफ्ते में विदेशी मुद्रा भंडार 586.11 अरब डॉलर रहा था। भारतीय रिजर्व बैंक आरबीआई ने विदेशी मुद्रा भंडार का डेटा जारी किया है। आंकड़ों के अनुसार, तीन नवंबर 2023 तक विदेशी मुद्रा भंडार 4672 बिलियन डॉलर के उछाल के साथ 590.783 बिलियन डॉलर पर जा पहुंचा है। विदेशी करेंसी एसेट्स में भी बड़ी उछाल देखने को मिली है। विदेशी करेंसी एसेट्स 4.392 बिलियन डॉलर बढ़कर 521.896 बिलियन डॉलर रहा है। ये माना जा रहा है कि हाल के दिनों में भारतीय बाजारों में विदेशी निवेशकों का निवेश बढ़ा है जिसके चलते विदेशी मुद्रा भंडार में इजाफा देखने को मिला है।

### गोल्ड रिजर्व में उछाल जारी

आरबीआई के गोल्ड रिजर्व में उछाल जारी है। आरबीआई का गोल्ड रिजर्व 200 मिलियन डॉलर के उछाल के साथ 46.123 बिलियन डॉलर रहा है। एसडीआर में 64 मिलियन डॉलर का उछाल रहा है और ये 17.975 बिलियन डॉलर रहा है। इंटरनेशनल मॉनिटरी फंड में जमा रिजर्व 16 मिलियन डॉलर की बढ़ोतरी के साथ 4.789 बिलियन डॉलर रहा है। हालांकि करेंसी मार्केट में डॉलर के मुकाबले रुपए में कमजोरी से चिंता बनी हुई है। एक डॉलर के मुकाबले रुपए 83.34 के लेवल पर क्लोज हुआ है। ये माना जा रहा है कि रुपया कमजोर होता रहा तो इसे सहारा देने के लिए आरबीआई डॉलर बेच सकता है जिससे गिरावट को थामा जा सके।

# वैश्विक स्तर पर बासमती चावल की मांग बढ़ी

## निर्यात और व्यापार में लगातार हो रही बढ़ोतरी

**नई दिल्ली ।** बढ़ती अंतरराष्ट्रीय मांग के कारण बासमती चावल का निर्यात लगातार तीसरे साल बढ़ रहा है। वैश्विक बाजारों में लंबे दाने वाली प्रीमियम बासमती किस्मों की बढ़ती कीमतों से व्यापारियों और किसानों को पर्याप्त मुनाफा हुआ है।

कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण एपीडा द्वारा उपलब्ध कराए गए निर्यात आंकड़े भारत के बासमती चावल के विकास पथ को रेखांकित कर रहे हैं, जिसमें साल दर साल निर्यात और व्यापार में लगातार वृद्धि हो रही है। साल 2021-22 और 2023-24 की अप्रैल-अगस्त अवधि के बीच अंतरराष्ट्रीय बाजारों में चावल के व्यापार में 71 प्रतिशत की आश्चर्यजनक वृद्धि देखी गई है। इस अवधि में चालू वित्त वर्ष में बासमती का निर्यात 18310.35



करोड़ रुपए तक पहुंच गया है। देश से 20.10 लाख मीट्रिक टन निर्यात हुआ है। इसकी तुलना में, 2022-23 की इसी अवधि में 18.75 एलएमटी की शिपिंग के साथ 15452.44 करोड़ रुपए का बासमती चावल निर्यात हुआ। इसी तरह 2021-22 में भारत ने 17.02 लाख मीट्रि?क टन बासमती चावल का निर्यात किया, जिससे 10690.03 करोड़ रुपए की आय हुई। गेहूं, गैर-बासमती चावल और चीनी निर्यात पर सरकार के प्रतिबंधों के कारण भारत के कृषि निर्यात में व्यापक गिरावट के बावजूद बासमती के निर्यात में वृद्धि हुई है। ऑल इंडिया राइस एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन ने वैश्विक चावल उत्पादन के लिए आशावादी दृष्टिकोण की रिपोर्ट दी है, जिसके 54.225 मिलियन टन तक पहुंचने का अनुमान है, जिसका मुख्य कारण भारत और ब्राजील दोनों में बेहतर पैदावार है। बासमती चावल का निर्यात बढ़ रहा है और बढ़ती मांग के कारण व्यापारी अत्यधिक सक्रिय हैं। हम इस वर्ष पर्याप्त वृद्धि की आशा करते हैं, जो मध्य पूर्वी देशों से ऑर्डरों में वृद्धि से रेखांकित होता है।


### बासमती धान के दाम में क्यों आया उछाल

हरियाणा, पंजाब और उत्तर प्रदेश जैसे प्रमुख बासमती उत्पादक राज्यों में चल रही धान की फसल बासमती उत्पादकों के लिए विशेष रूप से आकर्षक रही है। पारंपरिक बासमती की कीमतें 6000 रुपए प्रति क्विंटल से अधिक हैं जबकि पूसा 1121, 1718 और मूछल जैसी अन्य प्रीमियम किस्मों को 4500 रुपए प्रति क्विंटल के आसपास दाम मिल रहे हैं। 23 अक्टूबर को लंबे अनाज वाले बासमती चावल के लिए न्यूनतम निर्यात मूल्य को 1200 डॉलर प्रति टन से घटाकर 950 डॉलर प्रति टन करने के केंद्र सरकार के फैसले के बाद देश के उत्तरी हिस्सों के अनाज बाजारों में बासमती धान की कीमतों में अचानक उछाल आया। अंतरराष्ट्रीय बाजार में बासमती चावल की औसत निर्यात कीमतों में पिछले एक साल में अचानक वृद्धि देखी गई है।

# वाम दलों ने 2+2 वार्ता में इजरायल पर मोदी सरकार के रुख की कड़ी आलोचना की

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के वामपंथी राजनीतिक दलों ने भारत और अमेरिका के रक्षा तथा विदेश मंत्रियों की एक साथ हुई बैठक में हमास के खिलाफ इजरायली सेना की कार्रवाई को तत्काल रोकने की दुनिया भर में उठ रही मांग का समर्थन न करने के मोदी सरकार के रुख की कड़ी आलोचना की है। उनका कहना है कि इस तरह का रुख इजरायल की कार्रवाई को वैधता प्रदान करने वाला है।

इन इन दलों ने शनिवार को जारी एक साझा बयान में गाजा में चल रही कार्रवाई को अमेरिका और यहूदी राष्ट्र की ओर से फलस्तीनियों का नरसंहार बताया




और उसकी कार्रवाई पर तुरंत विराम लगाए जाने की अपील की।

मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा), भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी, भाकपा (मार्क्सवादी लेनिनवादी) , अखिल भारतीय फार्वर्ड ब्लाक और रिवोल्यूशनरी सोसलिस्ट पार्टी (आरएसपी) ने एक साझा बयान में मोदी सरकार की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि उसने अमेरिका के साथ 2+2 (रक्षा और विदेशी मंत्रियों) की संयुक्त वार्ता में इजरायल की कार्रवाई का तत्काल रोकने की वैश्विक अपील का साथ नहीं दिया।

इन दलों ने इससे पहले भारत सरकार से अमेरिका के साथ नयी दिल्ली में शुक्रवार को हुई इस बैठक में अमेरिका-इजरायल के नरसंहार का समर्थन बंद करने का आह्वान किया था।

बयान में कहा गया है कि इस बैठक में भारत द्वारा इजरायल-फलस्तीन समस्या के लिए दो-राज्यों के प्रस्ताव का समर्थन दोहराया गया है और कार्रवाई में मानवीय आधार पर थामने की अपील की गयी है। वाम दलों ने कहा है कि युद्ध विराम की अपील न किया जाना इस समय चल रही इजरायली कार्रवाई को वैधता प्रदान करना है।

# आईटीएटी ने बीबीसी इंडिया मामले में आयकर विभाग की अपील खारिज की



**नई दिल्ली, एजेंसी।** आयकर अपीलीय न्यायाधिकरण (आईटीएटी) ने निर्धारण वर्ष 2004-05 के लिए बीबीसी वर्ल्ड (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड से संबंधित स्थानांतरण मूल्य निर्धारण मामले में राजस्व विभाग की अपील को खारिज कर दिया है।

आईटीएटी की दिल्ली पीठ ने सीआईटी (ए) के फैसले को बरकरार रखा कि समूह संस्थाओं के बीच विज्ञापन खर्च को निर्धारण वर्ष 2004-05 के लिए पास-थ्रू लागत के रूप में माना जाना चाहिए। आईटीएटी ने अपने आदेश में राजस्व विभाग की अपील को खारिज करते हुए कहा, विज्ञापन से संबंधित खर्च समाचार पत्रों में विज्ञापन स्थान खरीदने पर थे। ऐसी गतिविधियों में शामिल लागत बहुत अधिक है। इन तर्कों पर, एल.डी. सीआईटी (ए) ने माना कि उन्हें पास-थ्रू लागत के रूप में माना जाना चाहिए। पास-थ्रू का अर्थ किसी वस्तु या सेवा की उत्पादन लागत बढ़ने के बाद उसकी कीमत भी बढ़ा दी जाती है। न्यायाधिकरण ने कहा कि कंपनियों के बीच समझौता उन गतिविधियों के संदर्भ में स्पष्ट था, जिन पर भारतीय इकाई से अपने संबद्ध उद्यमों को सेवाएं प्रदान करने की उम्मीद की जाती है।

## एक नजर

### पेट्रोल और डीजल की कीमतें यथावत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज यथावत रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर पर रहा। वैश्विक स्तर पर सप्ताहांत पर अमेरिकी क्रूड 2.13 प्रतिशत उबलकर 77.35 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया जबकि लंदन ब्रेंट क्रूड 1.01 प्रतिशत की बढ़त के साथ 80.82 डॉलर प्रति बैरल पर रहा।

### दूसरी तिमाही में एलआईसी का शुद्ध लाभ गिरकर 7,925 करोड़ रुपए हुआ

चेन्नई, एजेंसी। जीवन बीमा दिग्गज भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने वित्त वर्ष 2024 की दूसरी तिमाही में 107,396.76 करोड़ रुपये की शुद्ध प्रीमियम आय पर 7,925.01 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ अर्जित किया। एक नियामक फाइलिंग में, भारत सरकार के स्वामित्व वाली एलआईसी ने कहा कि 30 सितंबर, 2023 को समाप्त तिमाही के लिए, उसने 107,397.76 करोड़ रुपए (2023 की दूसरी तिमाही में 132,104.13 करोड़ रुपए) का शुद्ध प्रीमियम और 7,925.01 करोड़ रुपये (15,95249 करोड़ रुपये) का शुद्ध लाभ अर्जित किया जो 50 प्रतिशत कम है। समीक्षाधीन अवधि के दौरान, एलआईसी ने 93,942.20 करोड़ रुपए (84,103.64 करोड़ रुपये) की निवेश आय अर्जित की। जीवन बीमाकर्ता ने 83,363.89 करोड़ रुपये (84,269.04 करोड़ रुपये) के लाभ झ्र दावे/परिपक्वता लाभ झ्र का भुगतान किया। 30 सितंबर को एलआईसी का सॉल्वेंसी अनुपात 1.90 था।


### मुहूर्त कारोबार शाम सवा छह बजे से

मुंबई 10 नवंबर (वार्ता) दीपावली के शुभ अवसर एवं विक्रम संवत 2080 के शुभारंभ के मौके पर रविवार को शाम सवा छह बजे से एक घंटे के लिए मुहूर्त कारोबार होगा। बीएसई और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर एक साथ मुहूर्त कारोबार शुरू होगा और शाम सवा सात बजे बंद हो जायेगा। हालांकि बीएसई में दिवाली के अवसर पर लक्ष्मी पूजन का कार्यक्रम अपराह्न तीन बजे से चार बजे तक होगा। इसके बाद शाम साढ़े चार बजे से साढ़े पांच बजे तक विक्रम संवत 2079 के दौरान बेहतर प्रदर्शन करने वालों को सम्मानित किया जायेगा।

### विदेशी मुद्रा भंडार 4.7 अरब डॉलर बढ़कर 590.8 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में बढ़ोतरी होने से 03 नवंबर को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार लगातार दूसरे सप्ताह बढ़ता हुआ 4.7 अरब डॉलर बढ़कर 590.8 अरब डॉलर पर पहुंच गया। वहीं, इसके पिछले सप्ताह यह 2.6 अरब डॉलर की बढ़त के साथ 586.1 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से शुक्रवार को जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 03 नवंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 4.4 अरब डॉलर की बढ़त लेकर 521.9 अरब डॉलर हो गयी।

# बीएसई का दूसरी तिमाही का शुद्ध लाभ चार गुना उछाल के साथ 118 करोड़ रुपये



**नई दिल्ली, एजेंसी।** शेयर बाजार बीएसई का चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में शुद्ध लाभ चार गुना होकर 118 करोड़ रुपये हो गया। शेयर बाजार ने एक बयान में यह जानकारी दी। बीएसई का बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में शुद्ध लाभ 29.4 करोड़ रुपये रहा था।

बीएसई ने बताया कि चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में एक्सचेंज का राजस्व 53 प्रतिशत बढ़कर रिकॉर्ड 367 करोड़ रुपये हो गया, जो एक साल पहले की अवधि में 240 करोड़ रुपये था। बीएसई के प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सुंदरमन राममूर्ति ने कहा, हम मानव संसाधनों, नए उत्पादों, प्रौद्योगिकी बुनियादी ढांचे आदि के विकास में निवेश करना जारी रखेंगे, और इस प्रकार दीर्घकालिक विकास शेयरधारकों को आगे बढ़ाएंगे और वाइब्रेंट बीएसई 2025 के अपने मिशन को पूरा करेंगे। समीक्षाधीन तिमाही में इक्विटी खंड में एक्सचेंज का औसत दैनिक कारोबार बढ़कर 5,922 करोड़ रुपये हो गया, जो सितंबर 2022 को समाप्त तिमाही में 4,740 करोड़ रुपये था।

इसके अलावा, बीएसई के निदेशक मंडल ने शुक्रवार को अपनी बैठक में इंडिया इंटरनेशनल एक्सचेंज (आईएफएससी) लिमिटेड (इंडिया आईएनएक्स) में 22.36 करोड़ रुपये और इंडिया इंटरनेशनल एक्सचेंज (आईएफएससी) लिमिटेड (इंडिया आईसीसी) में 33.88 करोड़ रुपये के निवेश को मंजूरी दी।

### विशिष्ट श्रेणी के चार-पहिया वाहनों में जल्द ही आएगा टकराव की चेतावनी देने वाला फीचर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय (एमओआरटीएच) ने पैदल चलने वालों और साइकिल चालकों से टक्कर की आशंका को कम करने के लिए चार पहिया वाहनों, यात्री और वाणिज्यिक वाहनों की कुछ श्रेणियों में विनिर्माण के समय ही मूविंग ऑफ इन्फॉर्मेशन सिस्टम (एमओआईएस) लगाने का प्रस्ताव दिया है। यह प्रणाली टक्कर की स्थिति में समय रहते चेतावनी देगी। मंत्रालय ने इस संबंध में एक मसौदे में एमओआईएस के लिए वाहन उद्योगों के लिए मानक तय किए हैं। इसे सार्वजनिक परामर्श के बाद अधिसूचित किया जाएगा।

मूविंग ऑफ इंफॉर्मेशन सिस्टम (एमओआईएस) का अर्थ है एक ऐसी प्रणाली जो वाहन चालक को पास में पैदल चलने वालों और साइकिल चालकों की उपस्थिति का पता लगाने और सूचित करने की सुविधा देती है और यदि जरूरी हो तो विनिमार्ता की रणनीति के आधार पर संभावित टक्कर के बारे में चालक को चेतावनी देती है।

# ऑनलाइन बिक्री, विनाशकारी बारिश और सेब के कम उत्पादन से हिमाचल में दिवाली पर बाजार प्रभावित

शिमला, एजेंसी। ऑनलाइन साइटों द्वारा दी जाने वाली भारी छूट, हाल की बारिश संबंधी आपदाओं और सेब के कम उत्पादन के कारण यहां दिवाली से पहले वस्तुओं की बिक्री में 30-40 प्रतिशत की कमी आई है। उद्योग निकाय व्योपार मंडल शिमला ने यह जानकारी दी।

व्योपार मंडल शिमला के अध्यक्ष हरजीत कुमार मोंगा ने शनिवार को पीटीआई-भाषा से कहा, ह्यपारंपरिक वस्तुओं से जुड़े दुकानदार सबसे अधिक प्रभावित हैं क्योंकि लोग आधुनिक वस्तुओं की ओर रुख कर रहे हैं। इसके अलावा, ऑनलाइन साइटों द्वारा भारी छूट, 14 दिनों में मुफ्त एक्सचेंज के साथ दरवाजे पर रुपये का भुगदान करने की पेशकश ने शिमला में दुकानदारों की बिक्री पर बड़ा असर डाला है और बिक्री में 30-40 प्रतिशत की गिरावट आई है। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में ग्राहक केवल उपलब्ध मॉडल देखने के उद्देश्य से दुकानों पर जाते हैं, और फिर उन्हें ऑनलाइन ऑर्डर करते हैं।



मुख्य बाजारों के पास वाहन पार्किंग भी एक समस्या है। दुकान मालिकों ने खेद व्यक्त करते हुए कहा कि ह्नहमें कर्मचारियों पर अतिरिक्त खर्च, किराया, बिजली, पानी और अन्य रखरखाव शुल्क का भुगतान करना पड़ता है और हम ऑनलाइन शॉपिंग साइटों द्वारा दी जाने वाली भारी छूट की बराबरी नहीं कर सकते।

शिमला में लगभग 6,000 व्यावसायिक उद्यम हैं, जो 12,000 से अधिक लोगों को रोजगार प्रदान करते हैं। इनमें से आधे उद्यम मुख्य शहर में हैं।

व्यापार मंडल शिमला के पूर्व अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह ने कहा कि नोटबंदी, उसके बाद माल एवं सेवा कर (जीएसटी) के कार्यान्वयन, कोविड महामारी और अब मानसून के प्रकोप के बाद से बाजार में गिरावट का रुख है। उन्होंने कहा, हम धनतेरस (शुक्रवार) को अच्छी बिक्री की उम्मीद कर रहे थे और दिन अच्छा गुजरा, लेकिन बारिश ने खलल डाल दिया और लोगों ने जरूरी सामान खरीदा और वापस चले गए।

# लीग चरण में ऑस्ट्रेलिया ने जीते लगातार सात मैच

## मिचेल मार्श ने खेली नाबाद 177 रनों की पारी, बांग्लादेश को 8 विकेट से हराया




### स्कोर बोर्ड

| बांग्लादेश | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| तंजिद हसन कै. एवं बो. ऐबट | 36 | 34 | 6/0 |
| लिटन दास कै. मार्नस बो. जम्पा | 36 | 45 | 5/0 |
| नजमुल शान्तो रनआउट | 45 | 57 | 6/0 |
| मो. तौहीद हृदोय कै. मार्नस बो. स्टॉयनिस | 74 | 79 | 5/2 |
| महमुदउल्लाह रनआउट | 32 | 28 | 1/3 |
| मुशफिकुर रहीम कै. कमिंस बो. जम्पा | 21 | 24 | 0/1 |
| मेहदी हसन मिराज कै. कमिंस बो. ऐबट | 29 | 20 | 4/0 |
| नासुम अहमद रनआउट | 07 | 11 | 0/0 |
| महेदी हसन नाबाद | 2 | 3 | 0/0 |
| तस्किन अहमद नाबाद | 00 | 01 | 0/0 |

**अतिरिक्त:** 24, **कुल:** 50 ओवर में आठ विकेट पर 306 रन, **विकेट पतन:** 1-76, 2-106, 3-170, 4-214, 5-251, 6-286, 7-303, 8-304, **गेंदबाजी:** जॉश हेजलवुड 7-1-21-0, पैट कमिंस 8-0-56-0, शॉन ऐबट 10-0-61-2, मिचेल मार्श 4-0-48-0, एडम जम्पा 10-0-32-2, ट्रैविस हेड 6-0-33-0, मार्कस स्टॉयनिस 5-0-45-1,

| ऑस्ट्रेलिया | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| ट्रैविस हेड बो. तस्किन | 10 | 11 | 2/0 |
| डेविड वॉर्नर कै. शान्तो बो. मुस्तफिजुर | 53 | 61 | 6/0 |
| मिचेल मार्श नाबाद | 177 | 132 | 17/9 |
| स्टीव स्मिथ नाबाद | 63 | 64 | 4/1 |

**अतिरिक्त:** 4, **कुल:** 44.4 ओवर में दो विकेट पर 307 रन, **विकेट पतन:** 1-12, 2-132, **गेंदबाजी:** तस्किन अहमद 10-0-61-1, महेदी हसन 9-0-38-0, नासुम अहमद 10-0-85-0, मेहदी हसन मिराज 6-0-47-0, मुस्तफिजुर रहमान 9.4-1-76-1

**पुणे,(एजेंसी)।** मैन ऑफ द मैच मिचेल मार्श की शानदार नाबाद 177 रन की शतकीय पारी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने आईसीसी वनडे वर्ल्डकप 2023 में बांग्लादेश को आठ विकेट से हराकर लगातार सातवीं जीत दर्ज कर अपने लीग चरण का समापन किया।

ऑस्ट्रेलिया ने विश्वकप में पहली बार 300 से अधिक रनों का सफलतापूर्वक पीछा किया है। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने अफगानिस्तान क्रिकेट टीम के खिलाफ मौजूदा विश्वकप में 292 रनों का लक्ष्य हासिल किया था। बांग्लादेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 306 रन बनाए। जबाव में ऑस्ट्रेलिया ने 44.4 ओवर में 2 विकेट के नुकसान पर 307 रन बनाकर मैच जीत लिया। ऑस्ट्रेलिया की ओर से मिचेल मार्श ने 132 गेंद पर नबाद 177 रन की पारी खेली। इसके अलावा, ऑस्ट्रेलिया के लिए ओपनर डेविड वॉर्नर ने 53 रन और स्टीव स्मिथ ने नाबाद 63 रन का योगदान दिया इससे पहले, बांग्लादेश के लिए सर्वाधिक रन तौहीद हृदोय (74) ने बनाए। इसके अलावा कप्तान नजमुल हुसैन शंतो ने 45 रन और तंजिद हसन व लिटन दास ने 36-36 रन का योगदान दिया। ऑस्ट्रेलिया के लिए सीन ऐबट और एडम जम्पा ने दो-दो जबकि मार्कस स्टोइनिस ने एक विकेट लिया।

### डेविड वॉर्नर ने बतौर सलामी बल्लेबाज पूरे किए 18 हजार अंतरराष्ट्रीय रन



ऑस्ट्रेलिया के डेविड वॉर्नर ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में बतौर सलामी बल्लेबाज 18,000 रन भी पूरे हो गए। वह क्रिस गेल और सनथ जयसूर्या के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 18,000 रन पूरे करने वाले तीसरे ओपनर बल्लेबाज बन गए हैं। वार्नर ने टेस्ट में बतौर सलामी बल्लेबाज 8,448, वनडे में 6,852 और टी-20 अंतरराष्ट्रीय में 2,726 रन बनाए हैं। वार्नर ने बांग्लादेश के खिलाफ 53 रन बनाए।

# इंग्लैंड ने किया पाक का सेमी में पहुंचने का सपना चकनाचूर

## अंग्रेजों ने 93 रन से मैच जीतकर चैंपियंस ट्रॉफी के लिए किया क्वॉलीफाई

**कोलकाता,(एजेंसी)।** जो रूट (60) और बेन स्टोक्स (84) के बीच शतकीय साझेदारी और डेविड विली के दोहरे प्रदर्शन की बदौलत इंग्लैंड ने आईसीसी विश्वकप के अपने आखिरी लीग मुकाबले में शनिवार को पाकिस्तान को 93 रन से हराकर सेमीफाइनल की रेस से बाहर कर दिया। पाकिस्तान को सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए 338 रनों लक्ष्य सिर्फ 6.4 ओवर में हासिल करना था। लेकिन वह ऐसा नहीं कर पाया। इसी के साथ इंग्लैंड की टीम ने 2025 चैंपियंस ट्रॉफी के लिए क्वॉलीफाई किया। इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवर में नौ विकेट खोकर 337 रन बनाए। जिसके जवाब में पाकिस्तान की पूरी टीम 43.3 ओवर में 244 रन बना कर पवेलियन लौट गई।

लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान की शुरुआत बेहद खराब रही और उसके दोनों सलामी बल्लेबाज क्रमशः शून्य और एक रन पर पवेलियन लौट गए। आगा सलमान ने पाक के लिए सर्वाधिक 51 रन बनाए। इसके अलावा बाबर आजम ने 38 रन, मोहम्मद रिजवान ने 36 रन और शकील ने 29 रन का योगदान दिया। आखिरी विकेट के लिए वसीम और राउफ के बीच 53 रन की साझेदारी हुई। इंग्लैंड की ओर से डेविड विली ने तीन विकेट लिए। इस मुकाबले में तीसरे विकेट के रूप में आगा सलमान को आउट कर उन्होंने एकदिवसीय क्रिकेट में अपने 100 विकेट पूरे किए। आदिल रशीद, गस ऐटकिंसन और मोईन अली ने दो-दो बल्लेबाजों को आउट किया वहीं क्रिस बोक्स को एक विकेट मिला।

इससे पहले जो रूट (60) और बेन स्टोक्स (84) के बीच तीसरे विकेट के लिए 132 रन की साझेदारी की मदद से इंग्लैंड ने 337 रन बनाए। आखिरी के आठ ओवरों में हैरी ब्रूक (30) और कप्तान जॉस बटलर (27) ने गियर बदलते हुए रनो की रफ्तार को तेज कर दिया। इसके अलावा जॉनी बेयरस्टो ने 59 रन का योगदान दिया। पाकिस्तान की ओर से हारिस रउफ ने 64 रन देकर तीन विकेट झटके जबकि अफरीदी को 72 रन खर्च कर दो विकेट हासिल हुये। इफ्तिखार अहमद ने किफायती गेंदबाजी करते हुये 38 रन देकर एक विकेट झटका। डेविड विली (15) के रूप में मोहम्मद वसीम को दूसरा विकेट हासिल हुआ। उन्हे दो विकेट 74 रन की कीमत पर मिले।

प्लेयर ऑफ द मैच



डेविड विली
03 विकेट

### स्कोर बोर्ड

| इंग्लैंड | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| डाविड मलान कै. रिजवान बो. इफ्तिखार | 31 | 39 | 5/0 |
| जॉनी बेयरस्टो कै. सलमान बो. रउफ | 59 | 61 | 7/1 |
| जो रूट कै. शादाब बो. शाहीन | 60 | 72 | 4/0 |
| बेन स्टोक्स बो. शाहीन | 84 | 76 | 11/2 |
| जॉस बटलर रनआउट | 27 | 18 | 3/1 |
| हैरी ब्रूक कै. शाहीन बो. रउफ | 30 | 17 | 2/2 |
| मोईन अली बो. रउफ | 08 | 06 | 0/1 |
| क्रिस वोक्स नाबाद | 04 | 04 | 1/0 |
| डेविड विली कै. इफ्तिखार बो. वसीम | 15 | 05 | 2/1 |
| गस ऐटकिंसन बो. वसीम | 00 | 01 | 0/0 |
| आदिल रशीद नाबाद | 00 | 01 | 0/0 |

**अतिरिक्त:** 19, **कुल:** 50 ओवर में नौ विकेट पर 337 रन, **विकेट पतन:** 1-82, 2-108, 3-240, 4-257, 5-302, 6-308, 7-317, 8-336, 9-336, **गेंदबाजी:** शाहीन शाह अफरीदी 10-1-72-2, हारिस रउफ 10-0-64-3, इफ्तिखार अहमद 7-0-38-1, मोहम्मद वसीम 10-0-74-2, शादाब खान 10-0-57-0, आगा सलमान 3-0-25-0.

| पाकिस्तान | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| अब्दुल्लाह शफीक पगबाधा विली | 00 | 02 | 0/0 |
| फखर जमान कै. स्टोक्स बो. विली | 01 | 09 | 0/0 |
| बाबर आजम कै. रशीद बो. ऐटकिंसन | 38 | 45 | 6/0 |
| मोहम्मद रिजवान बो. मोईन अली | 36 | 51 | 2/0 |
| सऊद शकील बो. रशीद | 29 | 37 | 4/0 |
| आगा सलमान कै. स्टोक्स बो. विली | 51 | 45 | 6/1 |
| इफ्तिखार अहमद कै. मलान बो. मोईन | 03 | 05 | 0/0 |
| शादाब खान बो. रशीद | 04 | 07 | 1/0 |
| शाहीन अफरीदी पगबाधा ऐटकिंसन | 25 | 23 | 3/1 |
| मोहम्मद वसीम नाबाद | 16 | 14 | 2/1 |
| हारिस रउफ कै. स्टोक्स बो. वोक्स | 35 | 23 | 3/3 |

**अतिरिक्त:** 6, **कुल:** 43.3 ओवर में 244 रन पर ऑलआउट, **विकेट पतन:** 1-0, 2-10, 3-61, 4-100, 5-126, 6-145, 7-150, 8-186, 9-191, 10-244, **गेंदबाजी:** डेविड विली 10-0-56-3, क्रिस वोक्स 5.3-0-27-1, आदिल रशीद 10-0-55-2, गस ऐटकिंसन 8-0-45-2, मोईन अली, 10-0-60-2.

### जो रूट इंग्लैंड के लिए वनडे वर्ल्डकप में 1000 रन बनाने वाले पहले बल्लेबाज बने

जो रूट इंग्लैंड के लिए वनडे वर्ल्डकप में 1000 रन बनाने वाले पहले बल्लेबाज बन गए है। उन्होंने 26वें मैच की 25वीं पारी में यह उपलब्धि हासिल की। इस पहले वनडे विश्वकप में इंग्लैंड के लिए सबसे ज्यादा रन ग्राहम कूच के नाम थे। उन्होंने 1979 और 1992 विश्वकप को मिलाकर 898 रन बनाए थे। रूट के नाम 25 पारियों में 44.95 की बेहतरीन औसत से 1034 रन दर्ज हो गए हैं। रूट वनडे विश्व कप में 1000 रन पूरे करने वाले ऑलओवर 28वें बल्लेबाज है।

### अंतिम-4 की टीमें तय, दोनों सेमीफाइनल का शेड्यूल

| पहला सेमीफाइनल | दूसरा सेमीफाइनल |
|---|---|
| भारत V/S न्यूजीलैंड | द.अफ्रीका V/S ऑस्ट्रेलिया |
| 15 नवंबर | 16 नवंबर |
| वानखेड़े स्टेडियम (मुंबई) | ईडन गार्डंस (कोलकाता) |

### विश्वकप के एक सीजन में सर्वाधिक रन देने वाले गेंदबाज बने हारिस राऊफ

पाकिस्तान के तेज गेंदबाज हारिस राऊफ वनडे वर्ल्डकप के एक सीजन में सबसे ज्यादा रन देने वाले दुनिया के पहले गेंदबाज बन गए हैं। हारिस राऊफ ने मौजूदा टूर्नामेंट के 9 मैचों में 16 विकेट लिए, लेकिन कुल 474 गेंदों में 533 रन दिए। इससे पहले यह रिकॉर्ड इंग्लैंड के स्पिनर आदिल राशिद के नाम पर दर्ज था जिन्होंने साल 2019 में कुल 526 रन दिए थे, लेकिन अब हारिस उनसे आगे निकल गए। इस सूची में इसके बाद दिलशान मदुशंका 525 रन (श्रीलंका, 2023), मिचेल स्टार्क 502 रन (ऑस्ट्रेलिया, 2019), मुस्तफिजुर रहमान 484 रन (बांग्लादेश, 2019) का नाम आता है।

## वर्ल्डकप काउंटर

**बाउंड्री मीटर**

| | |
|---|---|
| छक्के | 567 |
| चौके | 2053 |

### सर्वाधिक रन

| खिलाड़ी | टीम | रन |
|---|---|---|
| क्विंटन डिकॉक | द.अफ्रीका | 591 |
| रचिन रविंद्र | न्यूजीलैंड | 565 |
| विराट कोहली | भारत | 543 |

### सर्वाधिक विकेट

| खिलाड़ी | टीम | विकेट |
|---|---|---|
| एडम जम्पा | ऑस्ट्रेलिया | 22 |
| दिलशान मदुशंका | श्रीलंका | 21 |
| जेराल्ड कोएत्जी | द. अफ्रीका | 18 |

### अंक तालिका

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| भारत | 8 | 8 | 0 | 16 | 2.456 |
| द. अफ्रीका | 9 | 7 | 2 | 14 | 1.261 |
| ऑस्ट्रेलिया | 9 | 7 | 2 | 14 | 0.841 |
| न्यूजीलैंड | 9 | 5 | 4 | 10 | 0.743 |
| पाकिस्तान | 9 | 4 | 5 | 8 | -0.199 |
| अफगानिस्तान | 9 | 4 | 5 | 8 | -0.336 |
| इंग्लैंड | 9 | 3 | 6 | 6 | -0.572 |
| बांग्लादेश | 9 | 2 | 7 | 4 | -1.087 |
| श्रीलंका | 9 | 2 | 7 | 4 | -1.419 |
| नीदरलैंड्स | 8 | 2 | 6 | 4 | -1.635 |

### स्टेडियम में दस लाख से अधिक दर्शक ले चुके हैं आईसीसी वनडे विश्वकप 2023 का मजा

**मुंबई,(एजेंसी)।** दस लाख से अधिक क्रिकेट प्रेमी अब तक मौजूदा आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्वकप का स्टेडियम में बैठ कर लुफ्त उठा चुके हैं। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में अफगानिस्तान और दक्षिण अफ्रीका के बीच मैच के दौरान दस लाखवां प्रशंसक टर्नस्टाइल के माध्यम से आया। दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को अब तक के सबसे बड़े विश्व कप में प्रतिस्पर्धा करते देखने के लिए प्रशंसक भारत भर के दस स्टेडियमों में उमड़ रहे हैं। आईसीसी को भरोसा है कि दर्शकों के मैदान की ओर रूख करने की यह रफ्तार 15 और 16 नवंबर को होने वाले सेमीफाइनल तक जारी रहने वाली है, जिसके बाद 19 नवंबर को फाइनल होगा। टीवी और मोबाइल फोन पर दर्शकों की संख्या पहले ही विश्व कप के सभी रिकार्ड ध्वस्त कर चुकी है। इस उपलब्धि पर आईसीसी के हेड ऑफ इवेंट्स क्रिस टेटली ने कहा, एक मिलियन से अधिक रिकॉर्ड-तोड़ दर्शकों के साथ विश्व कप ने दुनिया भर के क्रिकेट प्रशंसकों को वनडे प्रारूप में समर्थन और रुचि की याद दिला दी है, जो इस पर प्रकाश डालता है। उन्होंने कहा, विश्वकप क्रिकेट को कितना महत्व दिया जाता है. जैसा कि हम नॉकआउट चरण की ओर देख रहे हैं।

### भारतीय पुरुष टीम ने शुरूआती एशियाई हाफ मैराथन चैम्पियनशिप में जीता स्वर्ण पदक

**दुबई, (एजेंसी)।** भारतीय पुरुष टीम ने शनिवार को यहां शुरूआती एशियाई हाफ मैराथन चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीता। वहीं महिला टीम ने तीसरा स्थान हासिल किया। भारतीय पुरुष टीम में सावन बरवाल, कार्तिक कुमार और अभिषेक पाल शामिल थे। बरवाल ने एक घंटे चार मिनट 30 मिनट के समय से व्यक्तिगत कांस्य पदक जीता जबकि कुमार (1:05:21) पांचवें और पाल (1:08:05) 13वें स्थान पर रहे। महिला टीम में पूनम दिनाकर, कविता यादव और रीमा पटेल शामिल थीं। व्यक्तिगत स्पर्धा में पूनम (1:19:28), कविता (1:19:33) और रीमा (1:19:40) क्रमश: नौवें, 10वें और 11वें स्थान पर रहीं।

## एक नजर

### गढ़वाल ने सिटी को रौंदाकर जीता खिताब



**नयी दिल्ली।** गढ़वाल यूनाइटेड एफसी ने अजेय रिकार्ड के साथ सिटी एफसी को 11-0 से रौंदते हुए डीएसए महिला प्रीमियर लीग का खिताब जीत लिया। आज यहां गढ़वाल यूनाइटेड एफसी ने अंतिम मुकाबले में आक्रामक खेल देखते हुए सिटी एफसी को 11-0 से रौंद कर खिताब अपने नाम किया। गढ़वाल ने टूनार्मे में 12 मैच जीते और एक मुकाबला ड्रॉ रहा। वह 34 अंक के साथ शीर्ष पर रही।

सिटी के विरुद्ध गढ़वाल के लिए यारापलंग नॉनरांग ने चार गोल सहित जमाई तिकड़ी रही। एस्थर, संफीदा, श्रुति कुमारी (2), किमजेम, जीवंती और तारिनी ने बाकी गोल बांटे।

दिन के पहले मैच में पिछले चैंपियन हॉप्स ने सिग्नेचर को 3-1 से हराया। विजेता के लिए आरती ने दो और शैलजा ने एक गोल किया। पराजित टीम की ओर से लावण्या ने गोल किया।

### आईसीसी बोर्ड ने श्रीलंका क्रिकेट को किया निलंबित

**दुबई।** विश्वकप में दयनीय प्रदर्शन के बाद श्रीलंका क्रिकेट में पिछले कुछ दिनों से जारी राजनीतिक हस्तक्षेप के बीच अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) बोर्ड ने शुक्रवार शाम श्रीलंका क्रिकेट की आईसीसी सदस्यता को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

आईसीसी बोर्ड की आज यहां हुई बैठक में निर्णय लिया गया कि श्रीलंका क्रिकेट एक सदस्य के रूप में अपने दायित्वों का गंभीर उल्लंघन कर रहा है। विशेष रूप से अपने मामलों को स्वायत्त रूप से प्रबंधित करने और यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता है कि क्रिकेट के शासन, विनियमन और प्रशासन में कोई सरकारी हस्तक्षेप नहीं है। निलंबन की शर्तें आईसीसी बोर्ड द्वारा उचित समय पर तय की जाएंगी।

गौरतलब है कि श्रीलंका की संसद ने गुरुवार को सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित किया था जिसमें श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड को बर्खास्त करने की मांग की गई। प्रस्तान का सत्ता पक्ष और विपक्ष ने समर्थन किया था।

भारत में खेले जा रहे आईसीसी क्रिकेट विश्वकप में श्रीलंका का प्रदर्शन बेहद खराब रहा है। श्रीलंका अब तक खेले गये नौ में से सिर्फ दो मैच ही जीते है और सात में उसे हार का सामना करना पड़ा है।

### पाकिस्तान टीम ने विश्वकप अपना सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट खेला: आर्थर

**कोलकाता।** पाकिस्तान के कोच मिकी आर्थर ने विश्वकप में 2023 में खराब प्रदर्शन को लेकर सवाल और अटकलों के बीच कहा कि मेरा मनना है टीम ने अपना सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट खेला है। आर्थर ने शनिवार को इंग्लैंड से 93 रन की हार के बाद पाकिस्तान टीम से जुड़े सवालों के जवाब में यह बात कही। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान चार सर्वश्रेष्ठ टीमों में से नहीं थी। उन्होंने कहा कि मुझे नहीं लगता कि हमने यहां अपना सर्वश्रेष्ठ खेल खेला। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि हमने जो देखा है वह यही है। हमारे खेल को दूसरे स्तर पर ले जाने की जरुरत है, खासकर हमारा गेंदबाजी आक्रमण। मुझे लगता है कि हमें नसीम शाह की कमी खल रही है। उन्होंने कहा कि हमें 330-350 रन बनाने वाली टीम बनना होगा। जो टीमें ऐसा कर रही हैं और लगातार ऐसा कर रही हैं, वे टीमें सेमीफाइनल में हैं। मुझे नहीं लगता कि हमने लगातार ऐसा किया है।

## ऋषभ पंत की वापसी को लेकर सामने आई जानकारी, आईपीएल में लौटेंगे

वर्ष 2022 के अंत में गंभीर एक्सीडेंट का शिकार हुए भारतीय क्रिकेटर ऋषभ पंत को लेकर अच्छी खबर सामने आई है। क्रिकेटर ऋषभ पंत के फैंस के लिए ये खबर राहत लेकर आई है। ऋषभ पंत एक्सीडेंट के बाद अब अच्छे से रिकवर हो चुके है। कई बार वो जिम में तो कभी स्टेडियम में प्रैक्टिस के दौरान नजर आ चुके है।

ऋषभ पंत की रिकवरी काफी अच्छी हो रही है। इसी बीच दिल्ली कैपिटल्स के डायरेक्टर ऑफ क्रिकेट सौरव गांगुली ने ऋषभ पंत को लेकर खास अपडेट भी दिया है। इसके अनुसार सौरव गांगुली ने कहा कि आईपीएल 2024 में ऋषभ पंत के हाथों में ही दिल्ली कैपिटल्स की कमान होगी। सौरव गांगुली के बयान से पहले तक ऋषभ पंत के खेलने को लेकर कई तरह के कयास लगाए जा रहे थे। सौरव गांगुली ने इस संबंध में ट्वीट कर दिया है, जिसके बाद ऋषभ पंत के खेलने को लेकर जानकारी सार्वजनिक हो गई है।




बता दें कि भारतीय क्रिकेटर ऋषभ पंत ने अपना अंतिम वनडे मुकाबला दिसंबर 2022 में खेला था, जो कि बांग्लादेश के खिलाफ खेला था। इस मुकाबले के बाद ही ऋषभ पंत गंभीर रूप से एक्सीडेंट का शिकार हो गए थे। इसके बाद लंबे अर्से तक अस्पताल में उनका इलाज चला था। इलाज होने के बाद वो बेंगलुरु स्थित राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में रिहैब कर रहे है। लगातार वो नेशनल क्रिकेट अकादमी में रहकर अपनी सेहत पर सुधार करने में जुटे हुए है।

# अफगानिस्तान का सपना टूटा, दक्षिण अफ्रीका ने पांच विकेट से हराया

**अहमदाबाद।** दक्षिण अफ्रीका ने एक बार फिर लक्ष्य का पीछा करने में संघर्ष करते हुए अफगानिस्तान को पांच विकेट से हराकर उसके विश्वकप के सेमीफाइनल में जाने के सपने को तोड़ दिया।

नरेंद्र मोदी स्टेडियम में आज 245 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की क्विंटन डि कॉक और तेम्बा बावुमा की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 64 रनों की साझेदारी कर टीम को एक मजबूत शुरूआत दी। लेकिन 11वें ओवर की छठी गेंद पर मुजीब ने गुरबाज के हाथों कैच आउट कराकर बावुमा 23 को पवेलिय भेजकर दक्षिण अफ्रीका को पहला झटका दिया। उसके बाद क्विंटन डिकॉक 41 रन को नबी ने पगबाधा आउट कर दक्षिण अफ्रीका को बैकफुट पर ला दिया। हांलाकि रसी वान डर डुसेन ने एक छोर से पारी को संभाले रखा। 24वें ओवर की




पहली गेंद पर राशिद ने एडन मारक्रम 25 रन को हक के हाथों कैच आउट करा दिया। 28वें ओवर में राशिद ने हेनरिक क्लासेन 10 रन को बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया। 38वें ओवर में डेविड मिलर 24 के रूप में दक्षिण अफ्रीका का पांचवां विकेट गिरा और इसके साथ उसके रनों की रफ्तार धीमी हो गई।

रसी वान डर डुसेन 95 गेंदों में 76 रन और एंडिले फेहलुकवायो 37 गेंदों में 39 रनों की मदद से धीरे-धीरे रन बनाते हुए 47.3 ओवर में 247 रन बनाकर मुकाबला पांच विकेट से जीत लिया। हालांकि एक बार फिर लक्ष्य का पीछा करने में दक्षिण अफ्रीका की कमजोरी देखी गई। अफगानिस्तान की ओर से राशिद खान और मोहम्मद नबी ने दो-दो विकेट लिये। वहीं मुजीब उर रहमान ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले अफगानिस्तान ने शुक्रवार को आईसीसी विश्वकप के 42वें मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए अजमतुल्लाह उमरजई नाबाद 97 रनों की शानदार पारी की बदौलत दक्षिण अफ्रीका को 245 रनों बनाने का लक्ष्य दिया है। अफगानिस्तान ने पारी की ठीक शुरूआत की। रहमानउल्लाह गुरबाज और इब्राहिम जदरान की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 41 रन बनाये। नौंवे ओवर की पहली गेंद पर रहमानुल्लाह गुरबाज 25 रन के रूप में अफगानिस्तान को पहला झटका लगा। वह महाराज की गेंद पर क्लासन को कैच थमा बैठे।

उसके बाद 10ओंवर में जदरान 15 रन को कोएत्जी ने डि कॉक के हाथों कैच आउट करा दिया। बल्लेबाजी करने आये कप्तान हशमतउल्लाह शहीदी दो रन पर महाराज ने डि कॉक के हाथों कैच आउट होकर पवेलियन लौट गये। 25 ओवर में रहमत शाह 26 एनगिडी का शिकार बने।

# न्यूजीलैंड के रचिन और वेस्टइंडीज की मैथ्यूज अक्टूबर माह के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी

**दुबई।** न्यूजीलैंड के बाएं हाथ के बल्लेबाज रचिन रवींद्र को पुरुष वर्ग में और वेस्टइंडीज की हेले मैथ्यूज को महिला वर्ग में अक्टूबर माह के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के पुरस्कार से नवाजा गया है।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद आईसीसी ने शुक्रवार को अक्टूबर माह के लिए आईसीसी पुरुष और महिला प्लेयर ऑफ द मंथ पुरस्कार में चयन होने वाले खिलाड़ियों की घोषणा की है। न्यूजीलैंड के बाएं हाथ के बल्लेबाज रचिन रवींद्र को अक्टूबर माह में विश्वकप में शानदार प्रदर्शन के लिए पुरुष प्लेयर ऑफ द मंथ। वहीं ऑस्ट्रेलिया में टी-20 में शानदार प्रदर्शन करने वाली वेस्टइंडीज की हेले मैथ्यूज को महिला वर्ग का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के पुरस्कार से नवाजा गया है।

आईसीसी ने न्यूजीलैंड के रचिन रवींद्र को भारत में चल रहे क्रिकेट विश्व कप 2023 के ग्रुप चरण में शानदार प्रदर्शन की बदौलत उन्हें



प्लेयर ऑफ द मंथ पुरस्कार के लिए चुना गया। टूनार्मेंट में रचिन ने अहमदाबाद में गत चैंपियन इंग्लैंड पर नौ विकेट की शुरूआती दिन की जीत में नाबाद 123 रन बनाकर जल्द ही सुर्खियां बटोर लीं। उन्होंने नीदरलैंड्स के खिलाफ (51) और भारत के खिलाफ (75) ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 89 गेंदों में 116 रन की शतकीय पारी खेली। कुल मिलाकर उन्होंने अक्टूबर में खेले गये अपने छह मुकाबलों के दौरान 81.20 की औसत से 406 रन बनाए है।

आईसीसी ने महिला वर्ग में वेस्टइंडीज की मैथ्यूज को ऑस्ट्रेलिया में टी -20 मैचों में शानदार प्रदर्शन के इस पुरस्कार से नवाजा गया है। उत्तरी सिडनी में पहला मैच आठ विकेट से हारने के बावजूद कप्तान मैथ्यूज ने शीर्ष क्रम में नाबाद 99 रन बनाए और ऑस्ट्रेलिया एलिसा हीली का बेशकीमती विकेट भी लिया। मैथ्यूज ने इसके बाद यकीनन अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर जीत के लिए 213 रनों के कठिन लक्ष्य का पीछा करते हुए 64 गेंदों (20 चौकों और पांच छक्कों) में नाबाद 132 रन बनाकर बेथ मूनी के विकेट लेने के बाद एक आकर्षक जीत हासिल की। उन्होंने अंतिम मुकाबले में 79 रन अर्धशतक लगाया, जिससे महीने का अंत 155 की औसत से श्रृंखला में 310 रन बनाये।

23 वर्षीय बल्लेबाज रवींद्र न्यूजीलैंड के लिए विश्व कप में शानदार बल्लेबाजी कर रहे हैं। उन्होंने इस विश्व कप से पहले सिर्फ 12 वनडे मैच खेले थे और उन्होंने विश्व कप के पहले मैच में गत चैंपियन इंग्लैंड के खिलाफ शानदार शतक लगाकर लोगों का ध्यान अपनी और खींचा था। फिर नीदरलैंड्स (51) और भारत (75) के खिलाफ शानदार प्रदर्शन जारी रखा। उसके बाद उन्होंने धर्मशाला में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ रोमांचक मुकाबले में भी शानदार शतक जमाया। उन्होंने 89 गेंदों में 116 रन बनाए. कुल मिलाकर, रवींद्र ने 81.20 की औसत से 406 रन बनाए।

## हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर में न्यूजीलैंड, अमेरिका और इटली से भिड़ेगा भारत

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला हॉकी टीम 13 से 19 जनवरी तक रांची में होने वाले एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर के ग्रुप चरण में न्यूजीलैंड,अमेरिका और इटली से भिड़ेगी। प्रतियोगिता में जर्मनी, जापान, चिली, चेक गणराज्य, न्यूजीलैंड, संयुक्त राज्य अमेरिका, इटली और भारत पेरिस ओलंपिक के लिए अपना स्थान सुरक्षित करने के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। टीमों को दो पूलों में बांटा गया है, जिसमें भारतीय महिला हॉकी टीम को पूल बी में न्यूजीलैंड, संयुक्त राज्य अमेरिका और इटली के साथ रखा गया है, जबकि पूल ए में जर्मनी, जापान, चिली और चेक गणराज्य हैं।

ओलंपिक क्वालीफायर के पूल चरण के दौरान, प्रत्येक टीम अपने ग्रुप में हर दूसरी टीम से एक बार भिड़ेगी। प्रत्येक समूह से शीर्ष दो टीमें 18 जनवरी को होने वाले सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। फाइनल और तीसरे/चौथे स्थान का मैच 19 जनवरी को होगा। टूनार्मेंट में तीन सर्वश्रेष्ठ टीमे पेरिस ओलंपिक के




लिये क्वालीफाई कर जायेंगी।

भारतीय कप्तान सविता ने कहा, 'हमें अपनी क्षमताओं पर भरोसा है। विरोधी टीमों की रैंकिंग हमें परेशान नहीं करती। हम एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर रांची 2024 के लिए भारत आने वाली सभी कठिन टीमों का सामना करने के लिए तैयार हैं। हमने जुलाई में जर्मनी से खेला था, इसलिए हम जानते हैं कि हमारा मुकाबला किससे है।'

मुख्य कोच जेनेके शोपमैन ने सविता के आत्मविश्वास को दोहराते हुए कहा कि झारखंड महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी रांची 2023 से बहुत कुछ सीखने को मिला, जहां वे जापान, चीन, कोरिया, मलेशिया और थाईलैंड के खिलाफ अपराजित रहीं।




# दिवाली पूजन का सर्वश्रेष्ठ मुहूर्त, चौघड़िया

24 अक्टूबर 2022 सोमवार को दिवाली का पर्व मनाया जाएगा। दीपावली पूजा के दौरान मुहूर्त, लग्न और चौघड़िया देखा जाता है। इसी के साथ पूजा के लिए पूजन सामग्री की लिस्ट भी यहां पढ़ें। शुभ मुर्हू के साथ ही यहां प्रस्तुत है लक्ष्मी पूजा के सर्वश्रेष्ठ मुहूर्त और समय।

### दीपावली पूजन मुहूर्त

महालक्ष्मी पूजन स्थिर लग्न में करना अति उत्तम रहता है। इससे स्थिर लक्ष्मी की प्राप्ति होती है। वृष, सिंह, वृश्चिक व कुम्भ स्थिर लग्न होती है। वर्ष 2022 के स्थिर लग्न मुहूर्त निम्न है –

### स्थिर लग्नानुसार

प्रात:काल– 8:33 से 10:50 तक (वृश्चिक लग्न), मध्यान्ह– 2:37 से 4:07 तक (कुम्भ लग्न), सायंकाल– 7:13 से 9:10 तक (वृषभ लग्न)

### चौघड़िया अनुसार

मध्यान्ह– 2:54 से 5:45 बजे तक
सायंकाल– 6:00 से 7:20 बजे से
रात्रि– 10:30 से 12:00 बजे तक

### सर्वश्रेष्ठ मुहूर्त

मध्यान्ह – 2:54 से 7:20 बजे तक

### क्या करें

स्नान–प्रात:काल
देवपूजन–स्नान के उपरांत
पितर पूजन–दोपहर
ब्राह्मण भोजन–दोपहर
महालक्ष्मी पूजन–प्रदोषकाल में
दीपदान–प्रदोषकाल में
मशाल दर्शन–सायंकाल
दीपमाला प्रज्जवलन–सायंकाल
पूजन सामग्री– रोली, मौली, पान, सुपारी, अक्षत, धूप, घी का दीपक, तेल का दीपक, खील,बतासे, श्रीयंत्र, शंख (दक्षिणावर्ती हो तो अतिउत्तम), घंटी,चंदन, जलपात्र, कलश, लक्ष्मी–गणेश–सरस्वती जी का चित्र या विग्रह, पंचामृत, गंगाजल, सिंदूर, नैवेद्य, इत्र, जनेऊ, श्वेतार्क पुष्प, कमल का पुष्प, वस्त्र, कुंकुम, पुष्पमाला, फल, कर्पूर, नारियल, इलायची, दूर्वा।

### बायीं ओर रखें

जलपात्र, घंटी,धूप,तेल का दीपक।

### दायीं ओर रखें

घी का दीपक,जल से भरा शंख,

### सामने रखें

चंदन,रोली,पुष्प,अक्षत व नैवेद्य। तत्पश्चात विधिवत् पूजन करें।

## दिवाली पर लक्ष्मी जी को कौन से तेल का दीपक जलाना चाहिए?

दिवाली पर माता लक्ष्मी की पूजा होती है। दिवाली पर माता लक्ष्मी को नौ या सात बत्ती का दीया लगाना शुभ माना जाता है। दिवाली पर मिट्टी के ही दीये जलाना चाहिए क्योंकि यह बहुत शुभ होते हैं। आओ जानते हैं कि दीवाली पर माता लक्ष्मी को प्रसन्न करने के लिए कौनसे तेल का दीपक जला सकते हैं।

लक्ष्मी–प्राप्ति के लिए दीपक सामान्य और गहरा होना चाहिए। 7 मुखी दीपक जलाने से धन संबंधी तंगी दूर होती है। हालांकि माता लक्ष्मी की पूजा में घी का दीपक जलाना शुभ होता है लेकिन यदि आप धन प्राप्ति के लिए पूजा करना चाह रहे हैं तो ज्योतिष मान्यता के अनुसार उन्हें अलसी के तेल का दीपक लगा सकते हैं। असली के तेल से जहां राहु केतु का बुरा प्रभाव समाप्त हो जाता है वहीं सभी तरह की नज़रदोष से भी मुक्ति मिलती है। इससे आर्थिक तंगी दूर करती है और माता धन की बरसात कर देती हैं।

# दीपावली पर ऐसे हुआ था अयोध्या में श्रीराम का भव्य स्वागत

भगवान श्रीराम अपना 14 वर्ष का वनवास पूरा करने के बाद पुन: लौट आए थे। कहते हैं कि वे सीधे अयोध्या न जाते हुए पहले नंदीग्राम गए थे और वहां कुछ दिन रुकने के बाद दीपावली के दिन उन्होंने अयोध्या में प्रवेश किया था। इस दौरान उनके लिए खासतौर पर नगर सजाया गया था।

श्रीराम के अयोध्या लौटने की तिथि पर इतिहासकारों में मतभेद हैं, लेकिन परंपरा के अनुसार कार्तिक अमावस्या अर्थात दीपावली को भगवान श्रीराम अपना 14 वर्ष का वनवास पूरा करके अयोध्या लौटे थे। रावण का वध करने के बाद लंका से अयोध्या लौटते समय राम, लक्ष्मण, सीता एवं हनुमानजी पुष्पक विमान से अयोध्या के पास नंदीग्राम नामक स्थान पर उतरे थे, जहां पर राम की खड़ाऊं रखकर राजा भरत अपना राजपाट चलाते थे।

कहते हैं कि नंदीग्राम में कुछ समय रहने के बाद भगवान श्रीराम का दीपावली के दिन अयोध्या नगर में आगमन हुआ तो सभी शहरवासी उनके आगमन और स्वागत के लिए उमड़ पड़े। अयोध्यावासियों ने श्रीराम के लौटने की खुशी में दीप जलाकर खुशियां मनाई गईं। संपूर्ण शहर का रंग–रोगन कर उसको दीपकों से सजाया गया था।

सभी पुरुष, बच्चे और महिलाएं नए वस्त्रों में सजे–धजे थे। मिठाइयां बांटी जा रही थीं और उत्सव मनाया गया। तुलसीदासजी ने रामचरित मानस के उत्तरकांड में इस घटना का सुंदर चित्रण किया है।

# दीपावली पर क्यों चढ़ाते हैं मां लक्ष्मी को खील–बताशे

मां लक्ष्मी को दीपावली पर खील–बताशे का प्रसाद जरूर चढ़ाया जाता है। दिवाली पर लोग पूजन सामग्री में खील–बताशे जरूर खरीदते हैं। लक्ष्मी पूजा में खील–बताशे अवश्य रखे जाते हैं। क्या आप जानते हैं कि माता लक्ष्मी की पूजा खील बताशों से ही क्यों की जाती है?

### क्यों चढ़ाते हैं खील बताशे का प्रसाद

खील यानी धान मूलत: धान (चावल) का ही एक रूप है। खील चावल से बनती है और चावल उत्तर भारत का प्रमुख अन्न भी है। वैसे लक्ष्मी देवी को बेसन के लड्डू और भगवान गणेश को मोदक का प्रसाद भी चढ़ाया जाता है। दीपावली के पहले ही इसकी फसल तैयार होती है, इस कारण लक्ष्मी को फसल के पहले भोग के रूप में खील–बताशे चढ़ाए जाते हैं। खील बताशों का ज्योतिषीय महत्व भी है। दीपावली धन और वैभव की प्राप्ति का त्योहार है और धन–वैभव का दाता शुक्र ग्रह माना गया है। शुक्र ग्रह का प्रमुख धान्य धान ही होता है। शुक्र को प्रसन्न करने के लिए हम लक्ष्मी को खील–बताशे का प्रसाद चढ़ाते हैं। यही कारण है कि दिवाली के दिन खील–बताशे चढ़ाए जाते हैं। श्वेत और मीठी सामग्री दोनों शुक्र की ही कारक हैं अत: इन दोनों को मिलाकर वास्तव में शुक्र ग्रह को ही अनुकूल किया जाता है। मां लक्ष्मी को प्रसन्न कर भी शुक्र को अपने अनुसार किया जा सकता है। दीप पर्व पर संभवत: यही कारण है कि खील बताशों के बिना लक्ष्मी पूजन संपन्न नहीं माना जाता है।



# कैसे मनाएं दीपावली का पर्व

दिवाली का पर्व 24 अक्टूबर 2022 सोमवार को मनाया जा रहा है। 24 अक्टूबर को शाम 5 बजकर 27 मिनट तक चतुर्दशी तिथि रहेगी इसके बाद अमावस्या प्रारंभ हो जाएगी जो 25 अक्टूबर को 4 बजकर 18 मिनट तक रहेगी। इस दिन एक शुभ मुहूर्त में मात्र 2 काम कर लें। माता लक्ष्मी प्रसन्न होकर धन और खुशियों का वरदान देंगी।



### घर की साफ सफाई करें

दिवाली के दिन सुबह जल्दी उठें और दिवाली मानाने के लिए अपने घर को अच्छे से साफ करें, घर की गन्दगी को हटाएं। घर का हर कोना साफ कर दें।

### खरीदारी करें

वैसे जो दिवाली की खरीदारी धनतेरस या गुरु पुष्य नक्षत्र में ही कर ली जाती है। फिर भी यदि पूजा, सजावट की सामग्री या अन्य कोई सामग्री बच गई हो तो उसके लिए खरीदारी करना होती हैं।

### घर की सजावट करें

साफ–सफाई के बाद घर की सजावट करें। माता लक्ष्मी के पूजा स्थल को सजाएं। हार–फूल आदि से द्वार, चौखट और खिड़की को सजाएं।

### रंगोली बनाएं

दिवाली पर द्वार के बाहर अच्छीसी रंगोली या मांडना बनाएं। लक्ष्मी पूजा स्थल पर भी रंगोली या मांडना बनाएं। इसके लिए प्राकृतिक रंगों का उपयोग करें। घर की सभी महत्वपूर्ण जगहों पर रंगोली बनाएं।

### दीए लगाएं

शाम को दीए जलाने की तैयारी कर लें और फिर शाम को कितने और कहां दीपक जलाने हैं इसकी जानकारी जुटा लें। बहुत से लोग दिये का और बहुत से लोग मोमबत्ती का उपयोग करते हैं परंतु दिवाली में अगर अपने घर को रोशन करना है तो दिये का इस्तेमाल करना ही सही तरीका है।

### मिठाई–पकवान बनाएं

इस दिन, दिन में दिवाली के पकवान और मिठाई बनाई जाती है। नाश्ता करने के बाद यह कार्य करें और शाम को लक्ष्मी भोग की तैयारी करें। पकवान उतने ही बनाएं जितने की जरूरत हो। आजकर बाजार में ही दिवाली के बने बनाए पकवान मिलने लगे हैं।

### माता लक्ष्मी की पूजा आरती करें

शाम को नए वस्त्र पहनकर शुभ मुहूर्त में माता लक्ष्मी की पूजा और आरती करें। माता लक्ष्मी को सभी तरह के भोग लगाएं और फिर सभी घर के सदस्य प्रसाद ग्रहण करें। यदि आप पूजा में जितनी देर करेंगे उतना कम लुफ्त उठा पाएंगे लोगों से मिलने और पटाखे छोड़ने में, तो बेहतर होगा कि आप शाम को जो सबसे पहला मुहूर्त हो उसी में लक्ष्मीजी की पूजा अच्छे से कर लें।

### पटाखे छोड़े

माता लक्ष्मी की पूजा के बाद बाहर सुरक्षित स्थान पर पटाखें चलाएं। पटाखे छोड़ते वक्त मास्क जरूर लगाएं। पटाखों से आंखों को बचाकर रखें और सबसे पहले तो याद रखें कि बच्चे अपने परिवार के बीच ही पटाखे चलाएं। एक बार में एक ही पटाखा जलाएं, नए–नए प्रयोग ना करें और साथ में सुरक्षा हेतु पानी की केन भरकर रखें। जब आप अपने पटाखे चला लें तो जिम्मेदार नागरिक बनिए, सारा कचरा साफ करें। अपने हाथ और पैर अच्छे से धोएं। पटाखों का कचरा जहरीला होता है। इसे ग्लोब्स पहन कर ही उठाएं। पटाखों के संबंध में सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन का ध्यान रखें।

### एक–दूसरे से मिलें

लक्ष्मी पूजा के बाद पटाखे छोड़े जाते हैं और फिर सभी लोग एक दूसरे से मिलकर दिवाली की बधाई देते हैं और आपस में मिठाइयों का आदान–दान करते हैं। मंदिर या महालक्ष्मी मंदिर में दीए रखने भी जाते हैं।

### सोने के पूर्व करें ये कार्य

दीपावली के दिन रात में सोने के पूर्व बच गए पटाखों को सुरक्षित स्थान पर रखें। माता लक्ष्मी के समक्ष एक ऐसा दीपक जलाकर रखें जो रातभर जलता रहे। घर का यदि कचरा हो गया हो तो उसे घर के किसी एक कोने में एकत्रित कर दें। घर के बाहर कचरा नहीं करें।

## घर परिवार वालों के साथ मनाएं दिवाली

दीपावली के दिन घर पर ही रहकर अच्छे से दिवाली का त्योहार मनाएं। बहुत से ऐसे लोग हैं जो कि अपने शहर से बाहर या अपने प्रदेश से बाहर किसी अन्य प्रदेश या शहर में नौकरी कर रहे हैं उन्हें तो लंबी छुट्टी की आवश्यकता होती है। ऐसे में वे लोग अपने परिवार के साथ ही अपने नगर चले जाते हैं। यदि वे लोग छुट्टियों को अच्छे से प्लान करें तो दीपावली को अपने घर पर पूजा–पाठ करने के बाद कहीं घुमने जा सकते हैं। कुछ ऐसे लोग हैं जो कि सोचते हैं कि इस बार की दिवाली कहीं ओर मनाई जाए। वे लोग अपने गांव चले जाते हैं या किसी खास रिश्तेदार के यहां दिवाली मनाते हैं। आप भी ऐसा कर सकते हैं। इस बार की दिवाली आप अपने संयुक्त परिवार के सभी सदस्यों के साथ मिलकर मना सकते हैं या किसी खास जगह पर एंजॉय कर सकते हैं। इसके लिए अपने खुद के वाहन का ही उपयोग करें। कई क्षेत्रों में तो दिवाली पर मेला भी लगता है। ग्रमीण क्षेत्रों में मवेशियों को अच्छे से सजाया जाता है और कई तरह के खेलों का आयोजन भी होता है। परंतु हमारी सलाह है कि आप भीड़ से बचें और अपने परिवार और रिश्तेदारों के बीच ही दिपावली मनाएं।

# जलाएं सिर्फ 3 तरह के दीपक, संकट हो जाएगा समाप्त

दीपावली पर अकसर चारों ओर दीपक जलाए जाते हैं। घर के हर कोने में दीपक जलाए जाते हैं। दिपावली के दिन लक्ष्मी की पूजा करने के लिए भी एक दीपक जलाया जाता है। वह दीपक पीतल या स्टील का होता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि दिवाली के 5 दिनी उत्सव में कुछ खास प्रकार के दिए भी जलाए जाते हैं?

**पहला दीपक** : धनतेरस के दिन यमराज के निमित्त जिस घर में दीपदान किया जाता है, वहां अकाल मृत्यु नहीं होती है। धनतेरस पर भी सभी जगह दीपक जलाए जाते हैं लेकिन बहुत कम लोग हैं तो यम का दीपक लगाते हैं। धनतेरस की शाम को मुख्य द्वार पर 13 और घर के अंदर भी 13 दीप जलाने होते हैं। लेकिन यम के नाम का दीपक परिवार के सभी सदस्यों के घर आने और खाने–पीने के बाद सोते समय जलाया जाता है। इस दीप को जलाने के लिए पुराने दीपक का उपयोग किया जाता है जिसमें सरसों का तेल डाला जाता है। यह दीपक घर से बाहर दक्षिण की ओर मुख कर नाली या कूड़े के ढेर के पास रख दिया जाता है। इसके बाद जल चढ़ा कर दीपदान करते समय यह मंत्र बोला जाता है–

मृत्युना पाशहस्तेन कालेन भार्यया सह।
त्रयोदश्यां दीपदानात्सूर्यज: प्रीतयामिति।।

**दूसरा दीपक** : कई घरों में इस दिन रात को घर का सबसे बुजुर्ग सदस्य एक दीया जला कर पूरे घर में घुमाता है और फिर उसे लेकर घर से बाहर कहीं दूर रख कर आता है। घर के अन्य सदस्य अंदर रहते हैं और इस दीये को नहीं देखते हैं। यह दीया यम का दीया कहलाता है। माना जाता है कि पूरे घर में इसे घूमा कर बाहर ले जाने से सभी बुराइयां और कथित बुरी शक्तियां घर से बाहर चली जाती हैं।

**तीसरा दिया** : दीपावली की रात को घर में और घर के आसपास खास जगहों पर दीपक जलाकर रखे जाते हैं। कहते हैं कि दीपावली की रात को देवालय में गाय के दूध का शुद्ध घी का दीपक जलाना चाहिए। इससे तुरंत ही कर्ज से छुटकारा मिलता है और आर्थिक तंगी दूर हो जाती है।

दीपावली की रात को दूसरा दिया लक्ष्मी पूजा के दौरान जलाएं। तीसरा दिया तुलसी के पास, चौथा दिया दरवाजे के बाहर, पांचवां दिया पीपल के पेड़ के नीचे, छठा दिया पास के किसी मंदिर में, सातवां कचरा रखने वाले स्थान पर, आठवां बाथरूम में, नौवां मुंडेर पर, दसवां दिवारों पर, ग्यारहां खिड़की, बारहवां छत पर और तेरहवां किसी चौराहे पर। दीपावली पर कुल देवी या देवता, यम और पितरों के लिए भी दीपक जलाए जाते हैं।





# दीपावली मनाने के खास कारण, साल भर की खुशियों का मिलता है वरदान

भारतीय संस्कृति और धर्म में कार्तिक मास के दिन आने वाल अमावस्या का खास महत्व है। इस दिन दीपावली का पर्व मनाया जाता है। हिन्दू के साथ ही इस दिन का जैन, बौद्ध और सिख धर्म में भी खास महत्व है। आओ जानते हैं कि किन कारणों से मनाई जाती है दिवाली।

दीपावली मनाने के खास कारण

इस दिन भगवान विष्णु ने राजा बलि को पाताल लोक का स्वामी बनाया था और इन्द्र ने स्वर्ग को सुरक्षित जानकर प्रसन्नतापूर्वक दीपावली मनाई थी।

इस दिन भगवान विष्णु ने नरसिंह रुप धारणकर हिरण्यकश्यप का वध किया था।

इसी दिन समुद्रमंथन के पश्चात लक्ष्मी व धन्वंतरि प्रकट हुए थे।

इसी दिन माता काली भी प्रकट हुई थी इसलिए बंगाल में दीपावली के दिन कालिका की पूजा का प्रचलन है।

इसी दिन भगवान राम 14 वर्ष के वनवास के बाद अयोध्या लौटे थे। कहते हैं कि श्रीराम रावण का वध करने के 21 दिन बाद अयोध्या लौटे थे। इसीलिए इस दिन राम विजयोत्सव के रूप में दीप जलाए जाते हैं।

इस दिन के ठीक एक दिन पहले श्रीकृष्ण ने नरकासुर नामक राक्षस का वध किया था। इस खुशी के मौके पर दूसरे दिन दीप जलाए गए थे।

यह दिन भगवान महावीर स्वामी का निर्वाण दिवस भी है। जैन मंदिरों में निर्वाण दिवस मनाया जाता है।

गौतम बुद्ध के अनुयायियों ने 2500 वर्ष पूर्व गौतम बुद्ध के स्वागत में लाखों दीप जला कर दीपावली मनाई थी।

इसी दिन उज्जैन के सम्राट विक्रमादित्य का राजतिलक हुआ था।

इसी दिन गुप्तवंशीय राजा चंद्रगुप्त विक्रमादित्य ने 'विक्रम संवत' की स्थापना करने के लिए धर्म, गणित तथा ज्योतिष के दिग्गज विद्वानों को आमन्त्रित कर मुहूर्त निकलवाया था।

इसी दिन अमृतसर में 1577 में स्वर्ण मन्दिर का शिलान्यास हुआ था।

दिवाली ही के दिन सिक्खों के छ्टे गुरु हरगोबिन्द सिंह जी को कारागार से रिहा किया गया था।


इसी दिन आर्यसमाज के संस्थापक महर्षि दयानंद सरस्वती का निर्वाण हुआ था।

इस दिन से नेपाल संवत में नया वर्ष आरम्भ होता है।

भगवान विष्णु के 24 अवतारों में 12वां अवतार धन्वंतरि का था। उन्हें आयुर्वेद का जन्मदाता और देवताओं का चिकित्सक माना जाता है। धनतेरस के दिन उनका जन्म हुआ था। इस दिन यम पूजा भी होती है।

भाई दूज को यम द्वितीया भी कहते हैं। यम के निमित्त धन तेरस, नरक चतुर्दशी, दीपावली, गोवर्धन पूजा और भाई दूज पांचों दिन दीपक लगाना जाहिए। कहते हैं कि यमराज के निमित्त जहां दीपदान किया जाता है, वहां अकाल मृत्यु नहीं होती है। इस दिन यम के मुंशी भगवान चित्रगुप्त की पूजा का भी प्रचलन है। इस दिन श्रीकृष्ण ने इंद्रोत्सव की जगह गोवर्धन पूजा को प्रारंभ किया था।

उक्त सभी कारणों से हमारी सांझा संस्कृति दीपावली का त्योहार मनाती हैं।



# दिवाली पर दीप जलाते समय पढ़ें यह मंत्र

दीप प्रकाश का द्योतक है, तो प्रकाश ज्ञान का। परमात्मा से हमें संपूर्ण ज्ञान मिले इसीलिए दीप प्रज्वलन करने की परंपरा है। कोई भी पूजा हो या किसी समारोह का शुभारंभ। समस्त शुभ कार्यों का आरंभ दीप प्रज्वलन से होता है। जिस प्रकार दीप की ज्योति हमेशा ऊपर की ओर उठी रहती है, उसी प्रकार मानव की वृत्ति भी सदा ऊपर ही उठे, यही दीप प्रज्वलन का अर्थ है। अत: समस्त कल्याण की चाह रखने वाले मनुष्य को दीप जलाते समय यह मंत्र अवश्य पढ़ना चाहिए। निश्चित ही आपका कल्याण होगा। दीप प्रज्वलन के समय इस मंत्र का स्मरण करें :

*शुभं करोति कल्याणम आरोग्यम धनसंपदा। शत्रुबुद्धिविनाशाय दीपकाय नमोस्तुते।।*
*दीपो ज्योति परं ब्रह्म दीपो ज्योतिर्जनार्दन:। दीपो हरतु मे पापं संध्यादीप नमोस्तुते।*

# ये है दिवाली की पूजन सामग्री लिस्ट पहले ही कर लें तैयारी

दीपावली पर्व आ गया है। इस दीपावली पर महालक्ष्मी पूजन से पहले समस्त पूजन सामग्री एकत्र कर लें, आइए जानें दिवाली पूजन में कौन सी पूजन सामग्री की जरूरत है।

दिवाली पूजा की सामग्री –धूप बत्ती (अगरबत्ती), चंदन, कपूर, केसर, यज्ञोपवीत 5, कुंकु, चावल, अबीर, गुलाल, अभ्रक, हल्दी, सौभाग्य द्रव्य– (मेहंदी, चूड़ी, काजल, पायजेब, बिछुड़ी आदि आभूषण), नाड़ा, रुई, रोली, सिंदूर, सुपारी, पान के पत्ते, पुष्पमाला, कमलगट्टे, धनिया खड़ा, सप्तमृत्तिका, सप्तधान्य, कुशा व दूर्वा, पंच मेवा, गंगाजल, शहद (मधु), शकर, घृत (शुद्ध घी), दही, दूध, ऋतुफल (गन्ना, सीताफल, सिंघाड़े इत्यादि), नैवेद्य या मिष्ठान्न (पेड़ा, मालपुए इत्यादि), इलायची (छोटी), लौंग, मौली, इत्र की शीशी, तुलसी दल, सिंहासन,(चौकी, आसन), पंच पल्लव (बड़, गूलर, पीपल, आम और पाकर के पत्ते), औषधि (जटामॉसी, शिलाजीत आदि), लक्ष्मीजी का पाना (अथवा मूर्तिं), गणेशजी की मूर्तिं, सरस्वती का चित्र, चांदी का सिक्का, लक्ष्मीजी को अर्पिंत करने हेतु वस्त्र, गणेशजी को अर्पिंत करने हेतु वस्त्र, अम्बिका को अर्पिंत करने हेतु वस्त्र, जल कलश (तांबे या मिट्टी का), सफेद कपड़ा (आधा मीटर), लाल कपड़ा (आधा मीटर), पंच रत्न (सामर्थ्य अनुसार), दीपक, बड़े दीपक के लिए तेल, ताम्बूल (लौंग लगा पान का बीड़ा), श्रीफल (नारियल), धान्य (चावल, गेहूं), लेखनी (कलम), बही–खाता, स्याही की दवात, तुला (तराजू), पुष्प (गुलाब एवं लाल कमल), एक नई थैली में हल्दी की गांठ, खड़ा धनिया व दूर्वा आदि, खील–बताशे, अर्ध्य पात्र सहित अन्य सभी पात्र।



# अमावस्या के दूसरे दिन मनाया जाएगा गोवर्धन पर्व

दीपावली के पांच दिनी उत्सव में पहले दिन धनतेरस, दूसरे दिन नरक चतुर्दशी जिसे रूप चौदस भी कहते हैं, तीसरे दिन दीपावली, चौथे दिन गोवर्धन पूजा और पांचवें दिन भाईदूज का त्योहार मनाया जाता है।

जानते हैं कि कब है गोवर्धन पूजा, क्या है पूजा के मुहूर्त और कैसे करें पूजा। इसे अन्नकूट महोत्सव के नाम से भी जाना जाता है। कार्तिक माह में अमावस्या के दूसरे दिन प्रतिपदा के दिन गोवर्धन पूजा का पर्व रहता है।

### गोवर्धन पूजा विधि :

इस दिन गोवर्धन पर्वत, गाय, बैल, भैंस, भगवान विश्वकर्मा और श्रीकृष्ण की पूजा की जाती है। यह पूजा सुबह और शाम को की जाती है।

घर के सामने गोबर से गोवधर्न पर्वत की आकृति बनाकर उसे फूलों से सजाया जाता है। गोवर्धन के मध्य में एक मिट्टी के दीपक में दूध, दही, गंगाजल, शहद, बताशे आदि पूजा करते समय डाल दिए जाते हैं और बाद में प्रसाद के रूप में वितरित कर दिए जाते हैं।

पूजन के दौरान गोवर्धन पर धूप, दीप, नैवेद्य, जल, फल आदि चढ़ाए जाते हैं।

इसी दिन गाय, बैल, भैंस आदि कृषि कार्य में काम आने वाले पशुओं को सजाकर उनकी पूजा की जाती है। इस मौके पर सभी कारखानों और उद्योगों में मशीनों की पूजा भी होती है।

पूजा के बाद गोवर्धन के जयकारे के साथ गोवर्धन की 7 परिक्रमाएं लगाते हैं। परिक्रमा के वक्त हाथ में लोटे से जल गिराते हुए और जौ बोते हुए परिक्रमा पूरी की जाती है। इस दिन गोबर से गोवर्धन की आकृति बनाकर उसके समीप विराजमान कृष्ण के सम्मुख गाय तथा ग्वाल–बालों की रोली, चावल, फूल, जल, मौली, दही तथा तेल का दीपक जलाकर पूजा और परिक्रमा की जाती है।


इसे अन्नकूट महोत्सव इसलिए कहते हैं क्योंकि इस दिन श्रीकृष्णजी को छप्पन भोग लगाए जाते हैं।

ग्रामीण क्षेत्र में अन्नकूट महोत्सव इसलिए मनाया जाता है, क्योंकि इस दिन नए अनाज की शुरुआत भगवान को भोग लगाकर की जाती है। इस दिन गाय–बैल आदि पशुओं को स्नान कराके धूप–चंदन तथा फूल माला पहनाकर उनका पूजन किया जाता है और गौमाता को मिठाई खिलाकर उसकी आरती उतारते हैं तथा प्रदक्षिणा भी करते हैं।



# टाइगर 3 में होगा ऋतिक रोशन का कैमियो

सलमान खान की आगामी फिल्म टाइगर 3 की रिलीज डेट नजदीक है। मेकर्स इस फिल्म को दिवाली के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज करेंगे। बता दें कि मनीष शर्मा के निर्देशन में बनी टाइगर 3 यश राज फिल्म्स की स्पाई यूनिवर्स की फिल्म है। इस फिल्म में ऋतिक रोशन के फैंस को एक बड़ा सरप्राइज मिलने वाला है। बताया जा रहा है कि टाइगर 3 में सलमान खान, कटरीना कैफ और इमरान हाशमी के अलावा ऋतिक रोशन भी नजर आने वाले हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, मनीष शर्मा के निर्देशन में बनी टाइगर 3 में ऋतिक रोशन भी नजर आने वाले हैं। कहा जा रहा है कि यशराज फिल्म्स की पांचवी स्पाई यूनिवर्स फिल्म में टाइगर, पठान और कबीर एक साथ नजर आएंगे। बता दें कि टाइगर और जोया के की वापसी वाली इस किस्त की एडवांस बुकिंग रिलीज से एक सप्ताह पहले 5 नवंबर, 2023 को शुरू होगी। ये फिल्में होंगी स्पाई यूनिवर्स में शामिल बताया जा रहा है कि टाइगर 3 के बाद, स्पाई यूनिवर्स में अयान मुखर्जी निर्देशित एक्शन फिल्म वॉर 2 देखने को मिलेगी। इस फिल्म में ऋतिक रोशन, जूनियर एनटीआर और कियारा आडवाणी नजर आएंगे। वॉर 2 के बाद आलिया भट्ट अपनी स्पाई फिल्म के साथ इस यूनिवर्स का हिस्सा बनेंगी, जिसमें वह शारवरी वाघ के साथ नजर आएंगी।





# बिग बॉस -17 से बाहर आते ही मनस्वी ममगई का फूटा गुस्सा

बिग बॉस 17 से मनस्वी ममगई बेघर हो गई हैं। एक हफ्ते पहले ही मनस्वी ने शो में बतौर वाइल्ड कार्ड एंट्री की थी हालांकि ना तो वे घर में मौजूद कंटेस्टेंट को रास आई और ना ही बाहर ऑडियंस को। हाल ही में खास बातचीत के दौरान, मनस्वी ने इस शो में अपने सफर के बारे में खुलकर बातचीत की।

**क्या मेकर्स ने गलत फैसला लिया?**

हां। मुझे लगता है कि इस हफ्ते एलिमिनेशन नहीं होना चाहिए था, या फिर अरुण (अरुण श्रीकांत) को जाना चाहिए था जो सोफे पर ही सोते हैं और वही खाना खाते हैं। उनकी फैन फॉलोइंग बने रहे, इसीलिए शो में रखा। मेरे लिए ये डिसीजन निराशाजनक था। मैं ये सोचकर गई थी कि देरी से एंट्री करना शायद फायदेमंद साबित होगा लेकिन ये तो नुकसानदायक हो गया।

**आपको अपने आपको प्रुफ करने का मौका नहीं मिला?**

जी हां, मुझे खुद को प्रूफ करने का मौका ही नहीं मिला। मुझे मुद्दे उठाने का वक्त ही नहीं मिला, सलमान सर ने भी ये बात कहीं थ। उन्हें लगा कि मैं अच्छा खेल रही थी, स्ट्रांग प्लेयर थी लेकिन मेरी क्वालिटी फीकी पड़ गई।

**शो का अनुभव कैसा रहा?**

इंटरेस्टिंग था, मैं चाहती थी कि थोड़ा और इस शो का अनुभव लूं। शुरुआत के 3-4 दिन सेटल होने में, समझने में लगते हैं। लेकिन मौका ही नहीं मिला, यही हकीकत है।

**अनुराग गद्दार है**

अनुराग (डोभाल) बहुत ही बड़ा गद्दार है, वो आस्तीन का सांप है। घर का भेदी लंका ढाए - ये वाक्य उन पर पूरी तरह से जंचता है। शुरुआत में उन्होंने मुझे महसूस करवाया कि वो मेरे भाई हैं, मेरे समर्थक हैं, हमेशा मेरे लिए खड़े रहेंगे और सबसे पहले मुझे नॉमिनेट करने वाले भी वही थे। मुझे लगता हैं कि वे मुझे लेकर इनसिक्योर थे, उन्हें डर था कि कहीं वोट्स बंट ना जाए क्योंकि हम दोनों एक ही राज्य से आते हैं। मुझे लगता हैं कि उन्होंने बहुत ही गंदी हरकत की है। इस साल के वो सबसे बुरे कंटेस्टेंट होंगे।

**कौन अच्छा खेल रहा है और कौन ड्रामा कर रहा है?**

विक्की जैन, मुनव्वर फारुकी और अभिषेक कुमार - ये तीनों जैसा भी खेल रहे हैं, कम से कम कुछ कर तो रहे हैं। मेरे हिसाब से ये तीनों ही अच्छा खेल रहे हैं। वही खानजादी और मन्नारा फेक कंटेस्टेंट हैं। ये दोनों काफी ड्रामा कर रही हैं।

# करण जौहर से मतभेद हुआ तो बुरा वक्त देखा सलमान ने दिया सहारा

कल हो ना हो, सलाम ए इश्क, चांदनी चौक टू चाइना और बाटला हाउस जैसी फिल्म बनाने वाले फिल्ममेकर निखिल आडवाणी एक वक्त पर करण जौहर के बहुत अच्छे दोस्त थे। दोनों ने साथ मिलकर कई फिल्में बनाईं। हालांकि कल हो ना हो के बाद दोनों के बीच मतभेद हो गए। इसके बाद निखिल को फिल्में मिलनी बंद हो गईं। तीन साल बाद सलमान ने उन्हें फिल्म 'सलाम ए इश्क' डायरेक्ट करने का मौका दिया जिससे निखिल की गाड़ी फिर पटरी पर आ सकी। निखिल ने फिर अक्षय कुमार के साथ काम करना शुरू किया। अक्षय ने निखिल को लाइफ में एक खास मंत्र दिया जो वे आज तक नहीं भूल पाते हैं। निखिल ने कहा कि एक वक्त पर इंडस्ट्री के लोग उनका फोन नहीं उठाते थे, आज एक बार में जवाब देते हैं।

**करण जौहर और निखिल के बीच विवाद क्यों हुआ?**

निखिल आडवाणी और करण जौहर स्कूल फ्रेंड थे। निखिल ने करण की कई फिल्मों में बतौर असिस्टेंट डायरेक्टर काम किया। 2003 में करण ने निखिल को पहली बार फुल फ्लेज्ड फिल्म डायरेक्ट करने का मौका दिया। ये फिल्म थी शाहरुख खान, सैफ अली खान और प्रीति जिंटा स्टारर कल हो ना हो। रिलीज होने के बाद फिल्म बहुत बड़ी हिट साबित हुई। फिल्म को दो नेशनल अवॉर्ड और कई फिल्म फेयर अवॉर्ड मिले थे। ये उस साल की सबसे ज्यादा पैसे कमाने वाली फिल्म थी। हालांकि इसके बाद करण जौहर और निखिल के बीच किसी बात को लेकर इगो क्लैश हो गया। निखिल की धर्मा प्रोडक्शन से राहें जुदा हो गईं। इसकी वजह से तीन साल तक निखिल के पास काम नहीं था।

**मुश्किल वक्त में सलमान ने मेरे ऊपर हाथ रखा**

निखिल ने कहा, 'कल हो ना बनाने के बाद मेरे और करण जौहर के बीच विवाद हो गया है। मुझे फिल्में मिलनी बंद हो गई थीं। उस वक्त सलमान खान ने मेरे ऊपर अपना हाथ रखा। उन्होंने मुझे सलाम ए इश्क डायरेक्ट करने का मौका दिया। कुछ-कुछ होता है के टाइम पर हम लोगों ने साथ काम किया था। हम दोनों एक दूसरे से काफी हद तक परिचित थे। सलमान खान की वजह से सलाम ए इश्क में अनिल कपूर, प्रियंका चोपड़ा और गोविंदा जैसे बड़े स्टार ने काम किया था। सलमान ने अगर किसी फिल्म के लिए हां बोल दी, तो फिल्म की स्टारकास्ट अपने आप काम करने को तैयार हो जाती है।

**जब फिल्म की धज्जियां उड़ती हैं तो बुरा लगता है**

निखिल ने आगे कहा, 'प्रोड्यूसर-डायरेक्टर जो यह कहते हैं कि उन्हें बॉक्स ऑफिस नंबर्स से फर्क नहीं पड़ता तो वे झूठ बोलते हैं। फिल्म रिलीज के दिन जब आप सुबह रिव्यूज पढ़ते हैं, लोग जब आपकी फिल्म की धज्जियां उड़ाते हैं तो बहुत बुरा लगता है। इसलिए उस वक्त आपके पास अच्छे लोग होने चाहिए, ताकि उस स्थिति में वे आपका सपोर्ट सिस्टम बनकर रहें।'

**करण और निखिल के बीच अब रिश्ते सुधरे**

निखिल आडवाणी ने कहा कि उनके और करण जौहर के बीच जो मतभेद थे वो अब खत्म हो गए हैं। निखिल ने कहा, 'हम दोनों अब आगे बढ़ चुके हैं। हम दोनों एक दूसरे के काम का सम्मान करते हैं। करण जब भी मेरा फोन उठाते हैं तो मैं इसकी जानकारी ट्विटर पर जरूर देता हूं। उन्होंने धर्मा प्रोडक्शन को ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। उनके पिता यश जौहर जहां भी होंगे अपने बेटे पर जरूर गर्व कर रहे होंगे। मैं उम्मीद करता हूं कि करण भी हमारे प्रोडक्शन हाउस के बारे में अच्छा सोचते होंगे।'



# हाउसफुल-5 की स्टार कास्ट को लेकर साजिद नाडियाडवाला ने दिया बयान



साजिद नाडियाडवाला इन दिनों अपनी आगामी फिल्म हाउसफुल-5 को लेकर चर्चाओं में हैं। यह भारत की पहली ऐसी फ्रेंचाइजी फिल्म है जिसका 5वाँ भाग बनाया जा रहा है। और सबसे बड़ी बात यह है कि इसका मुख्य नायक हर भाग में वही रहा है अक्षय कुमार। इस फिल्म की स्टारकास्ट को लेकर मीडिया में कई प्रकार के समाचार आते रहे हैं, जिन पर अब साजिद ने आधिकारिक रोक लगाने का प्रयास किया है। फिल्म को बनाने जा रही कंपनी नाडियाडवाला ग्रैंडसन एंटरटेनमेंट ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पेज से शनिवार को एक पोस्ट साझा किया, जिसमें मीडिया हाउसों से हाउसफुल 5 के कलाकारों के संबंध में कोई भी घोषणा करने से बचने का अनुरोध किया गया। नोट में लिखा है, फ़हाउसफुल 5 में स्टार कास्ट के बारे में कई अटकलें चल रही हैं, हम मीडिया हाउस से अनुरोध करते हैं कि कृपया इस स्तर पर कोई भी समय से पहले घोषणा करने से बचें। हम जल्द ही आधिकारिक तौर पर स्टार कास्ट की घोषणा करेंगे। बता दें कि जून में निर्माताओं ने हाउसफुल 5 की घोषणा की थी। हाउसफुल फ्रेंचाइजी के प्रमुख अभिनेता अक्षय कुमार के साथ प्रोडक्शन हाउस ने इंस्टाग्राम पर आगामी फिल्म का एक पोस्टर जारी किया था। पोस्टर पर लिखा था, साजिद नाडियाडवाला की हाउसफुल 5, जिसका निर्देशन तरुण मनसुखानी ने कर रहे हैं। भारत की सबसे बड़ी कॉमेडी फ्रेंचाइजी वापस आ गई है। वहीं, अक्षय कुमार ने पोस्टर शेयर करते हुए लिखा था, पांच गुना पागलपन के लिए तैयार हो जाइए। आप सभी के लिए साजिद नाडियाडवाला की हाउसफुल 5 लेकर आ रहे हैं। निर्देशक तरूण मनसुखानी। दिवाली 2024 पर सिनेमाघरों में मिलते हैं। बता दें कि तरुण मनसुखानी को प्रियंका चोपड़ा, अभिषेक बच्चन और जॉन अब्राहम अभिनीत फिल्म दोस्ताना के निर्देशन के लिए जाना जाता है।

# आर्या ने मेरे अंदर एक कलाकार की प्यास को फिर से जगा दिया है

सुष्मिता सेन ने खुलासा किया है कि वेब सीरीज आर्या उनका बेस्ट काम नहीं है। उनके पास दर्शकों को पेश करने के लिए और भी बहुत कुछ है। सुष्मिता सेन एक ऐसी एक्ट्रेस हैं, जिन्हें अपने शो आर्या के साथ ओटीटी प्लेटफॉर्म पर अपने एक्टिंग स्किल्स को दिखाने का शानदार मौका मिला है। टीम के दो शानदार सीजन रहे हैं और अब वे अपने तीसरे सीजन के साथ वापस आ गई हैं, जो 3 नवंबर को डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज हुआ। एक्ट्रेस ने अपने तीसरे सीजन के साथ आने वाले शो के बारे में बात की, इसका उनकी फिल्मोग्राफी पर क्या प्रभाव पड़ा है और भी बहुत कुछ। उन्होंने कहा, सब कुछ। मेरे पास राम माधवानी जैसा इंस्टिट्यूट था, जो मुझे एक फिल्म के 40 दिन से अधिक नहीं बल्कि तीन सीजन के 60-60-60 दिन और आने वाले समय के बारे में सिखाते थे। एक कलाकार के तौर पर मैं बड़ी हुई हूं। लेकिन अगर आप कहें कि यह मेरा बेस्ट काम है, तो मैं कहूंगी नहीं। अभी बहुत कुछ आना बाकी है। इसने मेरे अंदर एक कलाकार की प्यास को फिर से जगा दिया है। मुझे ऐसे महान अभिनेताओं के साथ काम करने का मौका मिला, जिनके साथ आप उचित तैयारी के बिना काम नहीं कर सकते। मेरे पास कई हिट गाने, हिट फिल्में थीं, लेकिन मेरे जीवन में कभी आर्या नहीं थी। इसने मेरी फिल्मोग्राफी में बहुत कुछ जोड़ा है। शो के तीसरे सीजन के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, हमें पहले दो सीजन के लिए बहुत प्यार मिला है। यही वजह है कि हम सीजन 3 लेकर आए हैं। हमने बहुत ईमानदारी से एक कहानी कही है। हम तीसरे सीजन के लिए बहुत उत्साहित हैं। हमें पहले दो सीजन के लिए बहुत प्यार मिला है। यही कारण है कि हम सीजन 3 लेकर आए हैं।


# दोबारा शाहिद संग स्क्रीन साझा करेंगी कुब्रा

जानी-मानी अभिनेत्री पूजा हेगड़े के जन्मदिन के मौके पर सिद्धार्थ रॉय कपूर ने अपनी अगली फिल्म की घोषणा की थी, जिसमें शाहिद कपूर मुख्य भूमिका में दिखाई देंगे। दशहरे के मौके पर निर्माताओं ने सोशल मीडिया पर फिल्म के टाइटल देवा का खुलासा किया। इस दौरान फिल्म की रिलीज डेट का भी खुलासा किया गया। शाहिद कपूर स्टारर यह फिल्म अगले साल रिलीज होगी। अब फिल्म को लेकर एक और खबर सामने आ रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, अभिनेत्री कुब्रा सैत इस फिल्म में नजर आ सकती हैं। सेक्रेड गेम्स से पहचान पाने वाली अभिनेत्री कुब्रा सैत एक बार फिर शाहिद कपूर के साथ इस फिल्म में स्क्रीन साझा करते हुए नजर आ सकती हैं। दोनों साथ में शाहिद की पहली वेब सीरीज फर्जी में दिखाई दिए थे। सूत्रों के अनुसार, कुब्रा सैत इस सीरिज के साथ एक बार फिर शाहिद कपूर के साथ काम करने के लिए बेहद उत्साहित हैं। कुब्रा से जुड़े एक करीबी सूत्र ने इसकी जानकारी देते हुए कहा कि कुब्रा सैत फिल्म देवा में दिखाई देंगी। फिल्म में शाहिद कपूर एक पुलिस वाले की भूमिका में नजर आएंगे। कुब्रा सैत के किरदार को लेकर फिलहाल कोई खुलासा नहीं हुआ है। बता दें कि पूजा हेगड़े इस थ्रिलर फिल्म में मुख्य भूमिका निभाएंगी, लेकिन बाकी कलाकारों को लेकर कोई भी जानकारी फिलहाल गुप्त रखी गई है। दशहरा के के मौके पर फिल्म का फर्स्ट लुक शेयर करते हुए शाहिद कपूर ने देवा की रिलीज डेट को लेकर भी अहम जानकारी दी थी। शाहिद के मुताबिक उनकी फिल्म देवा अगले वर्ष दशहरा 2024 के दिन सिनेमाघरों में दस्तक देगी।



# भूल भुलैया 2 के सीक्वल के लिए बज्मी के साथ काम करने के लिए तैयार हैं कार्तिक

बॉलीवुड फिल्म निर्माता अनीस बज्मी ने नो एंट्री से लेकर भूल भुलैया 2 तक उन्होंने कई फिल्में दी हैं। कार्तिक आर्यन और अनीस बज्मी ने भूल भुलैया 2 में एक साथ काम किया था। फोटो के जरिए कार्तिक ने अनीस के साथ फिर से काम करने की ओर इशारा किया। अनीस बज्मी के साथ प्यारी तस्वीर साझा करते हुए कार्तिक ने कैप्शन में लिखा, मेरे ब्लॉकबस्टर निर्देशक अनीस बज्मी सर को जन्मदिन की शुभकामनाएं। अपने सेट पर वापस आने और आपसे एक्शन सुनने और जादू पैदा करने का इंतजार नहीं कर सकता। दिल छू लेने वाली तस्वीर में कार्तिक बज्मी को पीछे से गले लगाते हुए कैद हुए। दोनों के चेहरे पर मुस्कुराहट थी। अभिनेता ने डेनिम जैकेट पहनी हुई थी, वहीं फिल्म निर्माता ने साधारण काला, रिब्ड स्वेटर पहना हुआ था। सोशल मीडिया पर फैंस ने भी अपना उत्साह व्यक्त किया। फैंस का कहना है कि कार्तिक आर्यन के कैप्शन ने संकेत दिया है कि वह भूल भुलैया 2 के बहुप्रतीक्षित सीक्वल के लिए बज्मी के साथ काम करने के लिए तैयार हैं। एक यूजर ने लिखा, वह भूल भुलैया 3 के लिए इंतजार नहीं कर सकते। वहीं एक अन्य यूजर ने लिखा, एक और ब्लॉकबस्टर फिल्म आने वाली है। भूल भुलैया 2 हॉरर कॉमेडी है, जिसमें कार्तिक आर्यन के साथ कियारा आडवाणी और तब्बू नजर आए थे। इससे पहले अनीस बज्मी भूल भुलैया 3 के बारे में कुछ जानकारियां दी थीं। फिल्म निर्माता ने दावा किया कि तीसरा भाग अभी भी लेखन प्रक्रिया में है और इसलिए इसे किया जाएगा। इसे पूरा करने के लिए कुछ और समय लगेगा।



# शादी के लिए सही जीवन साथी खोजने की कोई उम्र नहीं होती



मृणाल ठाकुर की शादी की खबरें सामने आ रही हैं। उम्मीद है कि वो जल्द ही एक तेलुगु एक्टर के साथ शादी के बंधन में बंध सकती हैं। ये खबर लाइमलाइट में तब आई जब एक अवॉर्ड सेरेमनी से जुड़ा एक वीडियो सामने आया है कि जिसमें प्रोड्यूसर अल्लू अरविंद ने मृणाल की जल्दी शादी की कामना की है। हालांकि उन्होंने उस तेलुगु एक्टर के नाम का खुलासा नहीं किया है। हाल ही में मृणाल को एक अवॉर्ड सेरेमनी में फिल्म सीता रामम के लिए बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड मिला था। इस सेरेमनी के दौरान फिल्म प्रोड्यूसर अल्लू अरविंद ने उन्हें आशीर्वाद दिया और कहा- मुझे उम्मीद है कि आपको जल्द ही एक पति मिल जाएगा और आप हैदराबाद शिफ्ट हो जाएंगी। एक बार इंटरव्यू में मृणाल ने कहा था कि वो शादी पर भरोसा करती हैं। उन्होंने आगे कहा था- इसकी वजह ये है कि मेरे आस-पास लगभग सभी लोगों की शादियां सफल रही हैं। बस हमें यह महसूस करने की जरूरत है कि हमें उस व्यक्ति से शादी करें, जो हमारे लिए बना हो। अब वह व्यक्ति आपको 18 से 20, 30 से 40, 50 से 60 की उम्र में मिल सकता है। मृणाल ने आगे कहा था कि शादी के लिए सही जीवन साथी खोजने की कोई उम्र नहीं होती। जब आपको सही पार्टनर मिल जाए, तभी आपको शादी कर लेनी चाहिए। 3 नवंबर को रिलीज हुई फिल्म आंख मिचौली में मृणाल लीड रोल में दिखाई दी हैं।

एनसीआर समाचार प्रा. लि. की ओर से मुद्रक, प्रकाशक मो. हनीफ द्वारा आर.डी. प्रिंटर्स एण्ड पब्लिशर्स प्राईवेट लिमिटेड, ए-41 सेक्टर-8 नोएडा, यू.पी.-201301 से मुद्रित व जी-12/276बी, संगम विहार, नई दिल्ली-62 से प्रकाशित। फोनः 8888883968, 9811111715 किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा दिल्ली न्यायालय में ही होगा। **संपादक : मो इस्माईल खान** RNI No. DLHIN/2010/37009